भाद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 287, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गाजा में बंधकों के शव बरामद किए गए 16

कपूर खानदान में एक्टिंग के लिए रोक नहीं थी : करिश्मा 15

## गणपति बप्पा के स्वागत की तैयारी...



मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी गणपति बप्पा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। इस बार भी पुराने उत्साह और उमंग के साथ गणेश उत्सव मनाया जाएगा। रविवार को वर्कशॉप से गणपति की मूर्ति पंडाल ले जाते श्रद्धालु।

# 2.72 करोड़ नए सदस्यों का सत्यापन भी करेगी भाजपा

## आज से लक्ष्य पूरा करने में जुटेंगे भाजपा के सांसद, विधायक, महापौर समेत निकाय व पंचायत प्रतिनिधि

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- 2019 में बने 18 करोड़ सदस्यों के सत्यापन में घट गए थे 5 करोड़ सदस्य, ज्यादातर थे मिस्ड कॉल वाले



**अमृत विचारः** सदस्यता महाभियान में सोमवार से उतरने जा रही भाजपा इस बार नए सदस्यों का सूक्ष्मता से सत्यापन करेगी। पिछली बार 2019 में देशभर से बने 18 करोड़ सदस्यों के सत्यापन में 5 करोड़ से अधिक फर्जी मिले थे। इसमें उप्र से भी संख्या 50 लाख से अधिक रही, ऐसे में 2.72 करोड़ नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में मिस्डकाल करने वालों के साथ मतदाता सूची से भी मनमाना पर्ची काटने वाले नेताओं पर भी नजर रहेगी। भाजपा देशभर में अपनी सभी सदस्यता रद करते हुए फिर से सदस्य बनाने का महाभियान सोमवार से शुरू कर रही है।

प्रधानमंत्री इसकी शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सदस्यता के लिए आवेदन देकर करेंगे यानी 13 करोड़ की पुरानी सदस्यता के साथ इस बार इतना ही नए सदस्य जोड़ने का बड़ा लक्ष्य तय हुआ है। इसमें चुनावी राज्य झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में करीब 3 करोड़ सदस्य जोड़ने का कार्य चुनाव बाद होगा, जबकि 10 करोड़ सदस्य जोड़ने का कार्य सोमवार से ही शुरू करना है। उत्तर प्रदेश में तय हुआ है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले 3.62 करोड़ से अधिक वोट का 75 प्रतिशत करीब 2.75 करोड़ नए सदस्य बनाने हैं। नेताओं का कहना है कि इससे 2027 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा में मिली हार का बदला लिया जा सकता है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सदस्यता लेने से उत्साह और बढ़ेगा। लेकिन लक्ष्य पूरा करने में भाजपा के सांसद, विधायक, महापौर समेत निकाय व पंचायत प्रतिनिधि समेत संगठनों को खास सतर्कता बरतनी होगी कि मिस्ड काल और मतदाता सूची से घर बैठे सदस्य बनाने की परिपाटी न अपनाएं। हर बूथ से भी 200 नए सदस्य बनाने में भी इसबात की सख्त हिदायत दी गई है।

### आज से लक्ष्य साधने घर-घर निकलेंगे भाजपा के जनप्रतिनिधि

संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के अनुसार प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधि और संगठन सोमवार से घर-घर सदस्य बनाने के अभियान के पर निकलेंगे। इसमें सांसदों व महापौर 20-20 हजार, जिला पंचायत अध्यक्षों को 15 हजार, विधायकों को 10 हजार, नगरपालिका अध्यक्ष को 5 हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष को दो हजार, निगम पार्षद को एक हजार, निगम व आयोग बोर्ड के अध्यक्ष को एक हजार, नगर पालिका पार्षद को 500 और नगर पंचायत पार्षद 200 सदस्य बनाएंगे। इनके अलावा भारतीय जनता युवा मोर्चा 15 लाख, महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति मोर्चा को 10-10 लाख सदस्यों को जोड़ना होगा। अल्पसंख्यक मोर्चा को दो लाख और अनुसूचित जनजाति मोर्चा भी को अपने साथ दो लाख सदस्यों को जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है।

LAST 3 DAYS
for Gents
T-Shirts ~~990~~ 330
Jeans ~~2500~~ 865
Shirt ~~1390~~ 465
Lower ~~1390~~ 465
Barmuda ~~990~~ 330
Capri ~~1190~~ 397
Track Suit ~~3990~~ 1330
Special Kurta Pajama ~~2000 to 4000~~ 995 only
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# यूपी में एक लाख और पुलिस जवानों की होगी भर्ती : योगी

## वाराणसी में मुख्यमंत्री ने किया ऐलान, बोले- विपक्ष नकाब पहनकर कर रहा गुमराह

- योगी ने कहा- आने वाले दो वर्षों में दो लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी से जोड़ा जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** वाराणसी में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में यूपी पुलिस में एक लाख नौजवानों की भर्ती होगी। यही नहीं, आने वाले दो वर्षों में दो लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर तंज कसा कि वोट के लिए विपक्ष नकाब पहनकर गुमराह कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक व सदस्यता कार्यशाला में युवाओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में युवाओं के साथ कोई भेदभाव नहीं होता। निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी से जोड़ा जा रहा है। विगत साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी है। प्रदेश में सबसे बड़ी पुलिस भर्ती प्रक्रिया की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न कराई, जिससे 60200 से ज्यादा युवाओं को पुलिस बल में सेवा देने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले तीन से चार साल में प्रदेश को देश की पहली नंबर की इकॉनमी बनाने जा रहे हैं। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को भी संगठन को हर मायने में नंबर वन बनाने का लक्ष्य दिया। योगी ने कहा कि राज्य को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे लगभग डेढ़ करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा और युवाओं को नौकरी के लिए किसी अन्य राज्य में भटकना नहीं पड़ेगा। दावा किया कि प्रदेश में बिजली अब चौबीस घंटे रहती है और सड़क बेहतर हुई हैं।

### सिद्धांत विहीन राजनीति मौत का फंदा

मुख्यमंत्री ने युवाओं को राजनीति का ककहरा सिखाते हुए सिद्धांतों के अनुरूप मूल्यों व आदर्शों की स्थापना के लिए राजनीति को चुनने का आह्वान किया। कहा कि राजनीति सत्ता प्राप्ति या स्वार्थ सिद्धि नहीं, बल्कि प्रदेश हित व राष्ट्रहित के मूल्यों के संवर्धन का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा एक बात याद रखें, सिद्धांत विहीन राजनीति मौत का फंदा होती है। हमें प्रलोभन में फंसना नहीं है और चाहे कुछ भी हो जाए अपने मूल्यों से समझौता नहीं करना है।

### सपा-कांग्रेस पर किया करारा प्रहार

योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि ये बेहद विचित्र स्थिति है। कल तक जिन महापुरुषों के मूल्यों का उपहास उड़ाया जाता था आज वोट के लिए उनकी आरती उतारते दिखाई दे रहे हैं। याद रखिएगा ये वही लोग हैं जो देश के खिलाफ जहर उगलने वाले लोगों को भी प्रश्रय देने से नहीं चूकते। समाजवादी पार्टी के चेहरों को कौन नहीं जानता। यही कांग्रेस है, जिसने देश में सर्वाधिक राज किया और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की खिलाफत भी की। भारत रत्न पर तो मानो इनका एकाधिकार हो गया था।

### सत्ता का कभी गुलाम नहीं हो सकता है कोई संत या योगी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी ने चंदौली में अघोराचार्य बाबा कीनाराम के 425 वें अवतरण समारोह में कहा कि कोई संत, महात्मा व योगी कभी भी सत्ता का गुलाम नहीं हो सकता। बल्कि वह अपने कदमों पर समाज को चलने के लिए प्रेरित करता है। यही कार्य बाबा कीनाराम ने आज से चार सौ पच्चीस वर्ष पहले जन्म लेकर दिव्य साधना के माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत किया था। बाबा कीनाराम ने तो तत्कालीन शासक शाहजहां को भी डपटकर भगाने का काम किया था।

## जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी का पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जदयू की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि त्यागी ने निजी कारणों से राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार की नीतियों पर अक्सर की जाने वाली त्यागी की टिप्पणियां जदयू और उसकी सहयोगी भाजपा के संबंधों में असहजता का कारण बन रही थीं।

- निजी कारणों का दिया हवाला, राजीव रंजन नए प्रवक्ता बने



बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष नीतीश कुमार को लिखे अपने पत्र में समाजवादी नेता त्यागी ने कहा कि वह अन्य कार्यों में अपनी व्यस्तता के कारण प्रवक्ता के रूप में अपनी भूमिका से न्याय करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इससे पहले भी यह अनुरोध किया था। पार्टी नेताओं ने कहा कि त्यागी राजनीतिक सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह करते रहेंगे।

# लंबित मामले न्यायपालिका के लिए बड़ी चुनौती: मुर्मू

- राष्ट्रपति ने जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय सम्मेलन में कोर्ट में पेंडिंग मामलों पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। जिला न्यायपालिका के दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने की जरूरत है। मुर्मू ने कहा कि न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन का भी सुझाव दिया। उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्चतम न्यायालय का ध्वज और प्रतीक चिह्न भी जारी किया।

### बदलनी होगी तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृति: कानून मंत्री



कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि एक अच्छी न्याय प्रणाली का होना जरूरी है, ताकि नागरिक अपनी पूरी क्षमता से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि सम्मेलन में दिए गए सुझावों को अपनाने से न्यायिक बिरादरी को मदद मिलेगी और नागरिकों के लिए न्याय की प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृति को बदलने का संकल्प लें।

## एक नजर

### शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष बनीं प्रो. कीर्ति पांडेय

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोरखपुर विश्वविद्यालय में समाज शास्त्र की प्रोफेसर कीर्ति पांडेय को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज का अध्यक्ष बनाया गया है। बीते साल शासन ने बेसिक शिक्षा से लेकर माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग में शिक्षकों की भर्ती के लिए इस आयोग गठन किया था। आयोग के अध्यक्ष व 12 सदस्यों के लिए आवेदन मांगे गए थे। 14 मार्च को आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई थी, पर आयोग के अध्यक्ष पद पर चयन नहीं हो सका था।

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 39 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमत में 39 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी से 1 सितंबर 2024 से दिल्ली में 19 किग्रा का वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1691.50 रुपये में उपलब्ध होगा। इससे पहले जुलाई में कंपनियों ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की थी।

### त्रिपुरा में बांग्लादेश के सात घुसपैठिए गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा में घुसे पांच बांग्लादेशियों और रोहिंग्या समुदाय के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश में कॉक्स बाजार रोहिंग्या शिविर में रह रहे थे। अगरतला जीआरपी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने कहा कि रमजान अली और आजिदा बेगम ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की। वहीं, धलाई जिले में पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया।

# आगरा में डीएम आवास की दीवार भरभराकर गिरी, बच्ची की मौत

संवाददाता, आगरा

- आधा दर्जन घायल, छावनी विस के विधायक मौके पर पहुंचे

**अमृत विचार :** ताजनगरी में देर शाम अचानक डीएम आवास की दीवार गिर गई, जिसमें आधा दर्जन लोग दब गए। डीएम आवास पर मौजूद कर्मचारी भी भागकर मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुट गए। एंबुलेंस के जरिये घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक बच्ची को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

रकाबगंज थाना क्षेत्र में एमजी रोड पर जिलाधिकारी का आवास है। आवास के पीछे मोहनपुरा बस्ती है। वहां कुछ बच्चे खेल रहे थे। अचानक डीएम आवास की दीवार भराभरा कर गिर गई। दीवार के नीचे दबे लोगों की चीखें सुनकर लोगों ने दौड़कर राहत कार्य पहुंचाना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही डीएम भानु चंद्र गोस्वामी और विधायक डॉ. जीएस धर्मेश मौके पर पहुंच गए। कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। दीवार के मलबे के नीचे पांच लोग दबे थे। सभी को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन छह साल की बच्ची आरती उर्फ लालो की मौत हो गई। हादसा शाम 7 बजे के आसपास हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सात आठ बच्चे खेल रहे थे तो एक बुजुर्ग वहां से गुजर रहा था। बच्चों के साथ बुजुर्ग भी मलबे में दब गए। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि दीवार जर्जर हो गई थी। कई बार कर्मचारियों और अधिकारियों से शिकायत की गई थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता ने परिवार सहित की खुदकुशी

**जांजगीर-चांपा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में कांग्रेस नेता ने परिवार सहित जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कांग्रेस के स्थानीय नेता, पत्नी और उनके दो बेटे शुक्रवार को गंभीर हालत में पाए गए, जिसके बाद उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, लेकिन शनिवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान पंचराम यादव (66), उनकी पत्नी दिनेश नंदिनी (55) बेटे सूरज (27) और नीरज (32) के रूप में हुई है। वे कोतवाली थाना अंतर्गत बोधा तालाब इलाके के निवासी थे। पंचराम कांग्रेस की जिला इकाई के पूर्व पदाधिकारी थे। बताया जा रहा है कि यादव परिवार पर भारी कर्ज था, जिससे परेशान होकर आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

- पत्नी और दो बेटों संग खाया जहर, कर्ज से थे परेशान

# छात्रावास में मृत मिली आईजी की बेटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि में तृतीय वर्ष की थी छात्रा

**अमृत विचार :** एनआईए में आईजी पद पर तैनात संतोष रस्तोगी की बेटी अनिका रस्तोगी (21) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में बीएएलएलबी (तृतीय वर्ष) की छात्रा थी। शनिवार देर रात करीब 9.30 बजे खाना खाकर छात्रावास में अपने कमरे में गई। कुछ देर बाद सहपाठी पहुंची तो कमरा बंद था। दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर बेहोश पड़ी मिली। अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

नोएडा निवासी संतोष रस्तोगी 1998 बैच के आईपीएस अफसर हैं। वर्तमान में वे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में चीफ विजिलेंस ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। उनकी बेटी अनिका का चयन क्लैट (कंबाइंड लॉ एडमिशन टेस्ट) के जरिये डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में हुआ था। परिसर स्थित हॉस्टल के कमरा नंबर 124 में रूम मेट ओईशी के साथ रहती थी। विधि विश्वविद्यालय के अधिकारियों के मुताबिक शनिवार शाम को लाइब्रेरी में ऑनलाइन क्लाइंट काउंसिलिंग क्लास थी, जिसमें सहपाठियों के साथ अनिका ने भी हिस्सा लिया। रात करीब 9.30 बजे खाना खाने के बाद वह कमरे में गई। आधे घंटे बाद 10 बजे रूम मेट ओईशी पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था।

### हार्टअटैक बताया जा रहा मौत का कारण

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि अनिका की हार्टअटैक से मौत हुई है। अनिका मेधावी छात्रा थी। अनिका के माता-पिता भी नोएडा से लखनऊ पहुंच गए हैं। वहीं रविवार को हुए पोस्टमार्टम में कार्डियक अरेस्ट से मौत की पुष्टि हुई। हालांकि पुलिस अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट पोस्टमार्टम हाउस से पुलिस के पास अभी नहीं पहुंची है।

# बीएचयू गैंगरेप के आरोपियों की रिहाई, विपक्ष ने सरकार को घेरा

लखनऊ, एजेंसी

- सपा प्रमुख अखिलेश ने सरकार पर लगाए लचर पैरवी के आरोप

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने पिछले साल वाराणसी स्थित आईआईटी-बीएचयू परिसर के अंदर एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना के दो आरोपियों की रिहाई को लेकर योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कथित महिला सुरक्षा के पाखंड का पर्दाफाश हो गया है।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों कुणाल पांडे और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें हाईकोर्ट के आदेश के बाद वाराणसी की जेल से उनकी रिहाई पर उनका जोरदार स्वागत होते देखा जा सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गत 2 जुलाई को आनंद को और 4 जुलाई को कुणाल को जमानत दे दी थी।

वाराणसी जिला कारागार के डिप्टी जेलर शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि जमानत के बाद कुणाल को 3 अगस्त और आनंद को 29 अगस्त को रिहा कर दिया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि कमजोर पैरवी के कारण कोर्ट ने दो आरोपियों को जमानत दे दी।

## बम की धमकी के बाद इंडिगो का विमान नागपुर डायवर्ट

**मुंबई।** बम की धमकी के बाद रविवार को जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो की एक उड़ान को महाराष्ट्र के नागपुर की ओर मोड़ दिया गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो ने बताया कि फ्लाइट को खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि जबलपुर से हैदराबाद जाने वाली उड़ान 6ई 7308 को बम की धमकी के कारण नागपुर की ओर मोड़ दिया गया था। लैंडिंग पर सभी यात्रियों को उतार दिया गया और अनिवार्य सुरक्षा जांच तुरंत शुरू की गई।

**खोज-खबर** जीएसवीएसएस-पीजीआई के न्यूरो साइंस विभाग के शोध से सामने आया महत्वपूर्ण तथ्य

# अधिक भाषाएं जानने वाले ब्रेन इंजरी के मरीज जल्दी होते हैं ठीक

विकास कुमार, कानपुर



**अमृत विचारः** एक से अधिक भाषा बोलने या लिखने वाले ब्रेन इंजरी के मरीज अन्य मरीजों की तुलना में जल्दी स्वस्थ होते हैं। यह चौंकाने वाला खुलासा जीएसवीएसएस-पीजीआई के न्यूरो साइंस विभाग के शोध में सामने आया है।

ब्रेन इंजरी के गंभीर मरीजों पर किए गए अध्ययन के मुताबिक कई भाषाओं के जानकार मरीज अधिकतम 8 दिनों में दोबारा बोलने लगे और डेढ़ से 2 माह में स्वस्थ हो गए, जबकि सिर्फ एक भाषा का ज्ञान रखने वाले मरीजों को पूर्ण स्वस्थ होने में 3 से 6 माह समय लग गया।

जीएसवीएसएस पीजीआई के न्यूरो साइंस विभाग में ब्रेन की समस्या से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें कई मरीज ऐसे होते हैं, जो एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान रखते हैं। ब्रेन इंजरी से पीड़ित ऐसे 150 मरीजों पर न्यूरो साइंस विभागाध्यक्ष और पीजीआई के नोडल अधिकारी प्रो.मनीष सिंह की देखरेख में शोध किया गया। दो साल तक चले अध्ययन में मरीजों को समूह में बांटकर उनकी रिकवरी स्पीड को गहनता से मॉनीटर किया गया। इस दौरान पाया गया कि एक भाषा जानने वालों की अपेक्षा दो या अधिक भाषाएं जानने वालों का ब्रेन अधिक सक्रिय होता है। ऐसे मरीज ब्रेन इंजरी से डेढ़ से 2 माह में उबर गए, जबकि सिर्फ एक भाषा का ज्ञान रखने वाले मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ होने में 3 से 6 माह तक का समय लग गया।

शोध में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, बांग्ला, पंजाबी, उड़िया, कन्नड़ भाषा जानने वाले मरीजों के साथ भोजपुरी, अवधी, बुंदेली बोली बोलने वाले मरीज भी शामिल रहे। जो मरीज अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा बोलने में सक्षम थे, उनका दिमाग ज्यादा सक्रिय और रिकवरी अपेक्षाकृत तेज दर्ज की गई। ब्रेन इंजरी से उबरते ही उन्होंने मातृभाषा में दोबारा बोलना शुरू कर दिया।

### दिमाग में भाषाएं स्टोर करने का सिस्टम



पीजीआई के नोडल अधिकारी प्रो.मनीष सिंह के अनुसार शोध में पाया गया कि ब्रेन के पास अलग-अलग भाषाएं स्टोर करने का सिस्टम होता है। भाषाओं के साथ दिमाग का स्वभाविक विकास होता है और वह इसे सक्रिय या उत्तेजित करती हैं।

### महिलाओं की तुलना में पुरुषों की रिकवरी रफ्तार तेज

चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक ब्रेन इंजरी से ग्रस्त महिला की तुलना में पुरुष जल्दी ठीक होते हैं। यह भी नया तथ्य शोध में सामने आया है। न्यूरो साइंस विभाग के इस शोध को एशियन जर्नल ऑफ न्यूरो सर्जरी में प्रकाशित करने के लिए चयनित किया गया है।

## एक नजर

### बच्चा न होने पर पति व सास ने पीटकर निकाला

**कलान।** नगर पंचायत के मोहल्ला शांतिनगर निवासी अनुपम पत्नी उमेश राठौर ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी को पांच वर्ष हो गए हैं। उसके बच्चे नहीं है, इस वजह से पति और सास उसे मारपीट कर प्रताड़ित करते रहते हैं। उसने बताया है कि कई दिन पूर्व पति व सास ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके भरतौली थाना अल्हागंज में रह रही है। बताया है कि पति दूसरी लड़की से शादी करना चाहते हैं। इसी वजह से उसे मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता है। पीडिता ने थाना प्रभारी से कार्रवाई करने की मांग की है।

### ई-बसों से 1443 परीक्षार्थियों ने की मुफ्त यात्रा

**शाहजहांपुर।** योगी सरकार की ओर से पुलिस भर्ती परीक्षा में रोडवेज बसों के साथ साथ ई–बसों में भी परीक्षार्थियों के लिए नि:शुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई थी। जिसके अंतर्गत जनपद में संचालित नगर विकास विभाग की 18 ई–बसों में 23 से 31 अगस्त तक 1443 परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के लिए नि:शुल्क यात्रा तय की। जोकि टिकट कटने पर 68 हजार 420 रुपये तक होती। जानकारी सिटी बस प्रबंधक संदीप लाहा ने दी।

### टक्कर मारने पर बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला आनंद बिहार कालोनी निवासी राम प्रकाश तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 अगस्त की शाम बरेली मोड़ से पैदल अपने घर आ रहा था। रास्ते में बाइक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बाइक सवार भाग गया। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### डंडा मारकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** कांट क्षेत्र के गांव ददरौल निवासी प्रमोद कुमार ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार की शाम पांच बजे बरेली मोड़ पर सवारी का इंतजार का कर रहा था। अजय राठौर निवासी अकर्रा रसूलपुर थाना कांट ने सिर में डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# उमस भरी गर्मी बढ़ी... बिजली कटौती ने कर दिया 'बेहाल'

## शहर से लेकर देहात के उपभोक्ताओं की बढ़ गईं मुश्किलें, तड़के आंख खुलने से पहले ही गुल हो जा रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दो दिन से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं, वहीं बिजली कटौती ने और भी लोगों को बेहाल कर दिया है। रात में एक से दो बार ट्रिपिंग की समस्या आम हो गई है, वहीं तड़के आंख खुलने से पहले बिजली गुल हो जा रही है। दोपहर में भी जब बिजली की अधिक जरूरत होती है, तब फिर बिजली की ट्रिपिंग होने लगती है।

शहर में रात आठ बजे आए दिन कभी आधा घंटा तो कभी 15 मिनट के लिए बिजली गुल हो जाती है। रात में जब लोग गहरी नींद में होते हैं, तब बिजली गुल हो जाती है, पसीने से तरबतर होने पर पता चलता है कि बिजली गुल हो गई है। उमस भरी गर्मी में जरा देर की बिजली गुल होना भी बड़ी मुश्किल पैदा कर देता है। शहर के मोहल्ला खिरनीबाग, तारीन बहादुरगंज, चौक, कटिया टोला, जलालनगर आदि मोहल्लों के उपभोक्ताओं का कहना है कि दो दिन से जब उमस भरी गर्मी बढ़ी नजर आ रही है, तब फिर बिजली ट्रिपिंग बढ़ जाती है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।



ट्रांसफार्मर सही करता बिजली कर्मचारी। (फाइल फोटो)

यहीं हाल पुवायां कस्बे का भी है। यहां भी सुबह साढे पांच बजे बिजली गुल हो जाती है और दो घंटे बाद बिजली आती है। फिर नौ बजे फिर गुल हो जाती है, फिर आधा घंटे बाद आती है। इसी तरह दिन में भी कई-कई बार कटौती होती रहती है। वहीं निगोही और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या है। रात 8 बजे से एक बजे तक बिजली रहती फिर गुल होती है और सुबह 10 आती है। 12: 30 बजे कट हो जाती है, फिर दो बजे आने के बाद शाम पांच बजे तक रहती है। ढकिया तिवारी, परसरा परसरी, गुलडिया, चकझाऊ, उदरिया, ऊदारा, धरायू गौटिया आदि गांव में लो वोल्टेज की समस्या है।

> ऊपर से जितनी बिजली सप्लाई मिल रही है, वह उपभोक्ताओं को दी जा रही है। ओवरलोड के चलते ट्रिपिंग की समस्या आ रही है, जिसका समाधान किया जा रहा है।
>
> –**सुरेंद्र शर्मा**, एसएसओ विद्युत उपकेंद्र, कलान

### कलान में कब आए और चली जाए... कुछ पता नहीं

**कलान।** कस्बा समेत क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था का हाल खराब चल रहा है। बिजली व्यवस्था का कोई शेड्यूल नहीं है। कब आए और कब चली जाए कुछ पता नहीं। बीते कई दिनों से बिजली कटौती बढ़ी है। कटौती का यहां आलम यह है कि एक घंटे में कई–कई बार कटौती की जाती है। कटौती के साथ–साथ ट्रिपिंग की समस्या भी उपभोक्ताओं को दर्द दे रही है। बीते 24 घंटे में बिजली कटौती ने तो हद कर दी। बिजली 24 घंटे में चार घंटे भी सुचार रूप से नहीं मिली। एक तो बिजली की कटौती और फिर गर्मी का सितम उपभोक्ताओं को परेशान किए हुए है। कस्बे में बिजली की समस्या से लोग जूझ रहे हैं, यहां तक कि घरों में पानी की भी समस्या लोगों को परेशान कर रही है। गर्मी से निजात पाने के लिए लगे उपकरण भी बिजली न आने से शो पीस बने हुए हैं। इसकी शिकायत उपभोक्ताओं ने विद्युत केंद्र पर की लेकिन नतीजा सिफर रह रहा है। इससे उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश है।



बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को बहुत दिक्कत हो रही है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी कुछ ध्यान नहीं दे रहे हैं। दो दिन से गर्मी की वजह से हाल बेहाल हो रहा है।
– **विवेक गुप्ता**



दो दिन से कुछ ज्यादा ही गर्मी पड़ रही है, ऐसे में बिजली ही गर्मी से राहत दिला सकती है लेकिन वह भी ऐसे मौके पर अक्सर गायब हो जाती है।
– विजय कुमार

### खुटार के लोगों की जागते हुए कट रही रात

**खुटार।** नगर और देहात क्षेत्र में बिजली कटौती और फॉल्ट को लेकर उपभोक्ता काफी परेशान है। लोगों ने बताया कि रात और दिन में कई घंटे तक बिजली गुल रहती है। इससे घरेलू कामों को करने में काफी दिक्कत होती है। साथ ही गर्मी में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को लेकर परेशानी का सामना करना होता है। बिजली कटौती से रात को मच्छरों ने भी नींद उड़ा रखी है। इससे रात में सो भी नहीं पाते है। रातभर जागते रहना पड़ता है। उधर, तारों के टूटने से कई घंटों तक बिजली बंद रहती है। फाल्ट की सूचना पर कर्मचारी देर से पहुंचते है। जिससे यह हालत रहते है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में भी बिजली समस्या आए दिन बनी रहती है। इसके बावजूद बिजली विभाग इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी गई।

## राजकीय बाल और शिशुगृह के बच्चों ने किया शहीद संग्रहालय का भ्रमण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** राजकीय बालगृह बालक एवं शिशु गृह के बालकों को रविवार को छावनी परिषद कैंट स्थित शहीद संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। शहीद संग्रहालय गैलरी में 1857 से लेकर 1947 तक के इतिहास का सिलसिलेवार संपूर्ण वर्णन है, जिसके बारे में वृहद रूप से चर्चा करते हुए बालकों को जनपद के शहीदों व काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के विषय में बताया गया। शहीदों के बलिदान और संघर्ष को जानकर बालक अति गौरवांवित, रोमांचित व आनंदित हुए। इस अवसर पर डीपीओ गौरव मिश्रा द्वारा बालकों को बिस्किट, फल व टॉफी का वितरण करते हुए सभी को देश प्रेम के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. राम विनय, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सिंह परिहार, जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) विनय कुमार सक्सेना, क्राफ्ट ट्रेनर शोभा, प्रदीप कुमार, सहायक अध्यापक सुतीक्षण कुमार, पूनम गंगवार, सोशल वर्कर, ऋषिपाल एमटीएस, आकाश बाबू, गुड्डू आदि का योगदान रहा।

# अपनी जीवन शैली में शामिल करें रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लायंस क्लब के शिविर में 20 लोगों ने किया महादान

**अमृत विचार :** लायंस क्लब शाहजहांपुर पर्ल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को सिटी पार्क में किया गया। पूर्व डिस्ट्रिक गर्वनर लायन संजय चोपड़ा ने कहा कि रक्तदान हमें अपनी जीवन शैली में शामिल कर लेना चाहिए, किसी की जान बचाने से बड़ा पुण्य कोई नहीं हो सकता।

यह जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन प्रदान करता है। क्लब अध्यक्ष लायन शरनजीत कौर ने कहा 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति 3 माह के अन्तराल में रक्तदान कर सकता है। इससे कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती है। हमारे रक्त की पूर्ति शरीर में कुछ ही घंटो में हो जाती है। इस अवसर पर 20 लोगों ने रक्तदान किया। सचिव लायन कंचन गुप्ता ने कहा कि क्लब द्वारा प्रत्येक माह अलग अलग स्थानों पर किया जाता है। जिससे लोगों में रक्तदान के प्रति जागरुकता लाई जा सके। रक्तदान करने वालों में सोनू भैया, राज कपूर, सचिदानंद गुप्ता, ज्ञान सागर, सुनील कुमार पांडे, संजय अरोड़ा, विकास गुप्ता, देवेश कुमार, शैली गौतम, प्रदीप त्रिवेदी, अर्जुन चोपड़ा, लीना गुप्ता, अर्शी, राघव खंडेलवाल, रचित खंडेलवाल, अर्जुन अग्रवाल, शुभम सचदेवा, पूजा टंडन, विकास मेहरा, आशीष भोला थे।

इस अवसर पर, रेनू गुप्ता, दिनेश चड्ढा, अमित अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, अनिल गुप्ता, डा. वीपी सिंह, विनोद आदि रहे। शिविर में ऋषभ खन्ना, संदीप साहनी, जिला ब्लड बैंक के इंचार्ज शबाहत आदि का सहयोग रहा।

## विवाहिता ने पति पर लगाए गंभीर आरोप, दी तहरीर

**कलान, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले कासगंज थाना व कस्बा सडपुरा में हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिन बाद पति उससे अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने लगा, यहां तक कि पति ने देह व्यापार का धंधा करने का भी दबाव बनाया क्योंकि उसे रुपये कमाने की चाहत बढ़ गई। आरोप है कि पति ने उसके कई अश्लील वीडियो भी बनाए, जब पति के इन सब कारनामों से तंग आ गई और उसने विरोध करना शुरू कर दिया, तब पति ने उसे घर से निकाल दिया और कहा कि दो लाख रुपये लेकर आना, तब घर में रह पाओगी। पीडिता फरवरी से मां के पास रह रही है और उसके दो बच्चे भी हैं। उसने थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र से न्याय दिलाए जाने की गुजारिश की है।

# 22 प्रतिभावानों को मिला कायस्थ व जनपद रत्न सम्मान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने जनपद कायस्थ रत्न सम्मान और प्रतिभा अलंकरण समारोह रविवार को एक लॉन में आयोजित किया। जिसमें महासभा के जिलाध्यक्ष कृपा शंकर सक्सेना की अध्यक्षता में जेडी सक्सेना, एके सक्सेना, लाली सक्सेना, आरसी अस्थाना, नरेश कुमार सक्सेना, बृजेश चंद्र सक्सेना, राम मोहन सक्सेना, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, राज बहादुर विकल, दिनेश चंद्र सिन्हा, टीएन श्रीवास्तव को मरणोपरांत जनपद कायस्थ रत्न सम्मान दिया गया।

इसी तरह बालकृष्ण श्रीवास्तव, अमित जौहरी, श्यामा देवी सक्सेना, आरबी श्रीवास्तव, एसबी सक्सेना, डॉ. विजय जौहरी, ओम प्रकाश सक्सेना, उर्मिला सक्सेना, उर्मिला श्रीवास्तव, डॉ. विजय श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार सक्सेना (एड.) सहित कुल 22 व्यक्तियों को जनपद कायस्थ रत्न सम्मान दिया गया।



कायस्थ रत्न सम्मान और प्रतिभा अलंकरण समारोह में सम्मान पत्र के साथ प्रतिभागी। • अमृत विचार

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से हुआ कायस्थ रत्न सम्मान और प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन

इसके साथ ही आदित्य श्रीवास्तव, मुस्कान श्रीवास्तव, ईशान सक्सेना, जान्हवी सक्सेना, सार्थक श्रीवास्तव, काजल सक्सेना, नैन्सी सक्सेना, आयुषी सक्सेना, आरुष सक्सेना, विनायक श्रीवास्तव, अयनी सक्सेना, विजया सक्सेना, दिशा सक्सेना, प्रिंस सक्सेना, सीए आस्था सक्सेना को प्रतिभा अलंकरण व आराध्या सक्सेना को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महासभा के संरक्षक सीए संजय सक्सेना, प्यारे मोहन सक्सेना, अल्पना श्रीवास्तव, पवन सक्सेना, अवनीश सक्सेना, प्रमोद सक्सेना ''बाबा'', रमेश सक्सेना, वीरेंद्र सक्सेना, मुकेश श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, पवन सहाय, राजेंद्र सक्सेना, मनोज सक्सेना, कुलदीप सक्सेना, प्रवीण, संजय सक्सेना, अनिल सक्सेना, समीर सक्सेना, अग्रज जौहरी, अनुज जौहरी, अनूप सक्सेना, अनुपम सक्सेना, डॉ. अमित अस्थाना, डॉ. केपी सक्सेना, रितेश मोहन सक्सेना, दिलीप सक्सेना, सज्जन बाबू, दिनेश, आलोक, सुधांशु, ध्रुव, मीरा सक्सेना, दीपशिखा सक्सेना, सीमा जौहरी, शुभा, अन्नू सहित बड़ी संख्या में चित्रांश उपस्थित हुए। मंच संचालन प्रशांत सक्सेना व विजया सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में संरक्षक सीए संजय सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# योगीराज श्रीकृष्ण को कढ़ी, चावल का लगाया भोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कृष्णा नगर स्थित श्रीकृष्णा मंदिर में रविवार को योगीराज श्रीकृष्ण भगवान की छठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन किया गया। उसके बाद भगवान को कढ़ी, चावल, हलवा आदि का भोग लगाया गया। आरती के बाद भंडारे में लोगों ने प्रसाद छका।

भजन गाने वालों में नवीन सचदेवा, अनिल कक्कड़, देवेंद्र खुराना, शिवांश गुप्ता, पार्थ सचदेवा आदि ने सुंदर सुंदर भजन सुनाकर भक्तगणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुरुषों व महिलाओं ने भजनों पर नृत्य कर आनंद उठाया। इस दौरान जन्माष्टमी पर्व पर जिन बच्चों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया, उन सभी बच्चों को मंदिर कमेटी की ओर से पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया तथा उन सभी युवतियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने मंदिर की साज सज्जा व साफ सफाई व बच्चों को सजाने संवारने में भूमिका निभाई। प्रधान सुशील नारंग, कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज, प्रेम नारंग, विजय तुली, मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एड., विनोद सचदेवा, सुरेंद्र सेठी, रवि सचदेवा, संजीव सचदेवा, पवन गुप्ता, ज्योति सचदेवा, विमला खुराना, पूनम शास्त्री, रोजी खुराना, ममता सचदेवा आदि लोगों ने पुरस्कार दिए। उसके बाद भगवान को कढ़ी चावल हलवा आदि का भोग लगाया गया। उसके बाद आरती हुई, फिर तमाम लोगों ने विशाल भंडारे में भंडारा छका। इस अवसर पर भागवंती, राजीव मिश्रा एड., संदीप अरोरा, दिनेश चंद्र मिश्रा एड. संजीव मौर्या, अनूप गुप्ता गप्पी, डॉ. हरीश सचदेवा, डॉ. सिम्मी सचदेवा, दुर्गा अरोरा,सुधा गुप्ता, डॉ. निर्भय गुप्ता, विवेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



कृष्णा नगर मंदिर में भजनों पर थिरकते भक्त। • अमृत विचार



लीला मंचन में सहयोग करने वाली युवती को पुरस्कृत करतीं कमेटी की महिलाएं। • अमृत विचार



बगियानाथ मंदिर पर भंडारे में प्रसाद छकते श्रद्धालु। • अमृत विचार

- श्रीकृष्णा मंदिर में मनाया गया कान्हा की छठी का पर्व
- आरती के बाद भंडारे में लोगों ने छका प्रसाद

खुटार। नगर के मोहल्ला बगिया नाथ सुप्रसिद्ध बगिया नाथ मंदिर प्रांगण में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी की छठ के पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के आयोजन में कन्याओं को भोज भी कराया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्त गणों ने कढ़ी, चावल का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजन में पूर्व सभासद मिलन मिश्रा सहित कई लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

**कृष्ण की छठी पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा : पुवायां।** धारा गांव में कृष्ण की छठी के अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के आगे आगे तीन भक्त झाड़ू से सफाई करते हुए चल रहे थे। उनके पीछे दो श्रद्धालु पानी का छिड़काव कर रास्ते को साफ कर रहे थे। राकेश पुजारी के नेतृत्व में पंडित कपिल दिक्षित, अंगद उदय, नीरज, विजय संयुक्त रूप से शोभायात्रा निकालकर संपूर्ण गांव में जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के जयकारों के साथ बच्चे नृत्य और गीत गाकर कृष्ण कन्हैया की भक्ति में सराबोर हो गए।



पुवायां में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। • अमृत विचार

राकेश, आदित्य मौर्य, डॉ. प्रदीप वैरागी, कुलदीप, लाखन, लाली, सुरेशचंद्र बाल्मीकि सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कृष्ण कन्हैया लाल की जय जयकार करते हुए भक्तिमय वातावरण बना दिया। राकेश, आदित्य मौर्य, डॉ. प्रदीप वैरागी, कुलदीप, लाखन, लाली, सुरेशचंद्र बाल्मीकि सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तिलहर में महिलाओं ने गाए मंगल गीत

**तिलहर, अमृत विचारः** जन्माष्टमी के बाद नगर में श्री कृष्ण की छठ का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वंशी वाले हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रतीक गर्ग, अनिल गुलाटी अर्पित गर्ग, सुरेंद्र राठौर, मनोज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता दीपू का सहयोग रहा।

हिंदू पट्टी के गोसाई मंदिर में आयोजक डॉ. प्रमोद मिश्रा व शुभा मिश्रा के नेतृत्व में छठी का आयोजन हुआ। बहादुरगंज स्थित मंदिर पर भगवान को कढ़ी चावल का भोग लगाने के बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रस्तोगी धर्मशाला स्थित मंदिर में अशोक रस्तोगी, हरिमोहन गुप्ता, सौरभ गुप्ता ने परिवार सहित देव प्रतिमाओं को नवीन वस्त्र पहनाए। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस दौरान सौरभ रस्तोगी, गौरव रस्तोगी, अरुण यादव चैनू, सुशील बाबू गुप्ता, अशोक गुप्ता, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मोतियाबिंद के मरीजों का किया जाएगा नि:शुल्क ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र कटरा में रविवार को नि:शुल्क नेत्र रोग, एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं सामान्य रोग शिविर का आयोजन किया गया। 34 मरीजों ने पंजीकरण कराया व जांच के बाद चार मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस के द्वारा वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया, जहां पर सभी चयनित मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा।

मरीजों को लेंस, ऑपरेशन, दवाइयां एवं खाने की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है। शिविर में आई ड्रॉप एवं दवाइयों का वितरण किया गया। चिकित्सकों ने नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया व नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। कैंप में डॉ. शुभांगी सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. नलिनी सिंह व डॉ. सावन कुमार नेत्र टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अतुल गंगवार मौजूद रहे।



शिविर में महिला की जांच करतीं चिकित्सक।

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की ओर से लगा नि:शुल्क शिविर

## विवेक, बुद्धि के प्रयोग से करें अच्छे कर्म

**खुटार, अमृत विचार :** रघुनाथपुर में जन्माष्टमी के दिन से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया है। अगले दिन यानी सोमवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 26 अगस्त से रघुनाथपुर गांव में स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पंडित नरेंद्र अंजान शास्त्री के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे थे।

कथा में श्री कृष्ण और भगवान शिव की लीलाओं का बखान किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान ने लोगों को सत्य की राह ही दिखाई है। लेकिन मनुष्य उस रास्ते से भटक गया है। इसलिए मनुष्य के जीवन में सत्संग होना अति आवश्यक है। जिससे धर्म के साथ ही अच्छे कर्म करने में विवेक और बुद्धि का प्रयोग कर सके। शनिवार रात अंजान शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, कंस वध की कथा का प्रसंग सुनाया।

व्यवस्था | शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने को ई–रिक्शा के रूट निर्धारित

# दूसरे रूट पर मिला ई–रिक्शा तो कटेगा चालान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शा को किया रवाना
- सात दिन में रजिस्ट्रेशन कराने के जारी किए गए सख्त आदेश

**अमृत विचारः** डीएम और एसपी के निर्देश पर शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ई-रिक्शा के लिए रूट निर्धारित कर दिए है। किसी चालक ने निर्धारित रूट से दूसरे रूट पर ई-रिक्शा चलते पाए जाते है तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर आयुक्त विपिन मिश्रा ने बरेली मोड़ से ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रूटों के संचालन के लिए रवाना किया।

बता दें कि डीएम व एसपी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीओ ट्रैफिक अमित चौरसिया को निर्देश दिए गए थे कि शहर में ई-रिक्शा का रूट निर्धारित किए जाए, जिससे लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। रविवार को बरेली मोड़ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी सिटी संजय कुमार ने ई-रिक्शा चालकों को सख्त निर्देश दिए कि ई-रिक्शा के रूट निर्धारित कर दिए गए है। सभी चालकों को रूटों को पालन करना होगा। यदि किसी ने रूट का विरोध किया तो चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक चालक अपने ई-रिक्शा का सात दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन करा लें। इस अवसर पर एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ ट्रैफिक अमित चौरसिया, पीटीओ आरिफ खान, यातायात प्रभारी निरीक्षक बाल कृष्ण यादव, ई-रिक्शा चालक यूनियन के अध्यक्ष महफूज खां आदि मौजूद रहे।



ई–रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा।

### ये हैं तय रूट

**रूट नंबर–1**
बरेली मोड़ से राजघाट तिराहे होते हुए कनौजिया से हद्दफ चौकी, बड़ी ईदगाह से सुभाषनगर तिराहा और नगर निगम दुर्गा तिराहा तक।

**रूट नंबर 2**
बरेली मोड़ से राजघाट तिराहा होते हुए चारखंभा, केरुगंज, बासमण्डी, पुत्तूलाल चौराहे और रोजा अड्डा तक रहेगा।

**रूट नंबर 3**
राजघाट चौराहा से चारखंभा, कोतवाली, कच्चा कटरा, मालखाना तिराहा, अंजान चौराहा, लाल इमली चौराहा तक है।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# घातक हुआ बुखार... मरीजों की भरमार, फिर भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार

## महानगर में लगे कूड़े के ढेर और चोक पड़े नाले, संक्रमण फैलने का सताया डर, जलालाबाद में रविवार को भी एक व्यक्ति ने बुखार से तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में बुखार घातक होता जा रहा है। तेज बुखार से लोग दम तोड़ रहे हैं। जलालाबाद के गांव खंडहर में रविवार को भी एक ग्रामीण की बुखार से मौत हो गई। आए दिन लोगों की बुखार से जान जा रही है और दूसरी ओर चराग तले अंधेरा जैसे हालात हैं। महानगर में रविवार को जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर लगे देखे गए। इससे संक्रामक रोगों के और तेजी से फैलने की आशंका है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि सफाई कर्मचारी समय से काम करने नहीं पहुंचते हैं या पहुंचते भी हैं तो ठीक से सफाई नहीं करते हैं।

गलियों में जमा कूड़ा सड़ रहा है तो कहीं नाले चोक हैं। नगर निगम की ओर से बनाए गए शौचालयों में भी लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि क्या नगर निगम का यही संक्रामक रोगों से लड़ने का तरीका है। जनता साफ-सफाई की मांग कर रही है, लेकिन अधिकारी हैं कि सुनने को ही तैयार नहीं हैं।

इन दिनों अस्पताल में बुखार के मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। अस्पतालों की ओपीडी में आने वाला हर तीसरा मरीज बुखार से तप रहा है। सिर्फ मेडिकल कॉलेज की बात करें तो यहां जांच में रोज औसतन छह लोग मलेरिया से पीड़ित निकल रहे हैं। पहले ही अंदेशा था कि बाढ़ का पानी उतरते ही संक्रामक रोग पैर पसारेंगे और हुआ भी यही। बाढ़ का पानी उतरने के बाद अगस्त की शुरुआत से बुखार ने पैर पसारने शुरू कर दिए थे। 15 अगस्त के बाद से स्थिति ने विकराल रूप धारण कर लिया है। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में आने वाले बुखार के मरीजों में रोजाना ही सौ से अधिक मरीजों की जांच हो रही है। प्रतिदिन करीब छह मरीज मलेरिया के सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर में भी मरीज मिल रहे हैं। फिर भी स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया के आंकड़े धीरे-धीरे ही बढ़ रहे हैं। जनवरी से शनिवार तक मात्र 292 मलेरिया के रोगी दर्ज हैं। सीएमओ कार्यालय के अनुसार प्रभावित गांव की सूचना आने पर टीम को भेजकर शिविर लगवाए जा रहे हैं। भावलखेड़ा ब्लॉक के चढ़ारी गांव में शनिवार को बुखार के 30 मरीज मिले हैं।


बहादुरगंज में सड़क पर पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार


मोहल्ला मोहम्मद जई में सड़क पर बिखरा कूड़ा। ● अमृत विचार


मोहल्ला मोहम्मद जई में चोक नाला। ● अमृत विचार

### 330 बेड अस्पताल में 400 से ज्यादा मरीज

बढ़ते मरीजों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शनिवार को सिर्फ मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले मरीजों का आंकड़ा 400 पार पहुंच गया। जबकि यहां 330 मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करके मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। इसके बाद भी तमाम मरीजों की शिकायत होती है कि उन्हें ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। शनिवार को 24 घंटे के अंतराल में 147 मरीजों को भर्ती किया गया।

### बुखार से अधेड़ की मौत

**जलालबाद।** क्षेत्र के गांव खंडहर निवासी धर्मपाल कश्यप(50) की रविवार सुबह बुखार से मौत हो गई। वह तीन-चार दिन से बुखार से पीड़ित था। धर्मपाल अविवाहित था और घर में अकेला रहता था। गांव वालों के अनुसार धर्मपाल को तीन दिन पहले हल्का बुखार आया तो गांव के लोगों ने सरकारी अस्पताल से दवा दिला दी थी, लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ और रविवार को सुबह उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


एक नगर आयुक्त के समय में रात के समय शहर में झाड़ू लगती थी, ऐसा स्वच्छता को देखते हुए किया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। ठीक से कूड़ा उठता है और न ही झाड़ू लगती है। जिसके चलते गंदगी के ढेर लगे हुए देखे जाते हैं।
– चंद्रप्रकाश गुलाटी


सुबह सफाई न होने के चलते नालियां चोक हो जाती हैं। अगर सुबह को ठीक से सफाई हो जाए तो नालियां चोक होने से बच जाएंगी। एक समय खूब सफाई हुआ करती थी, लेकिन अब कर्मचारी नजर नहीं आते। जिसके चलते गंदगी देखने को मिल रही है।
–शानू

"मेडिकल कॉलेज में मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मरीजों की संख्या इन दिनों बढ़ी हुई है। बुखार के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद को इलाज मिले।
– डॉ. राजेश कुमार, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज

कूड़ा न उठ रहा हो ऐसा नहीं है। हम लगातार कूड़ा उठवा रहे हैं। नालों की साफ-सफाई भी कराई जा रही है। अगर कहीं से शिकायत मिलती है तो सफाई करवा दी जाती है।
– एसके सिंह, अपर नगर आयुक्त।"

## एक नजर

### नशेड़ी ने किया हंगामा वैन का शीशा तोड़ा

**कलान, अमृत विचार :** बदायूं के थाना उसावा के अंतर्गत मंसानगला निवासी अनुज ने बताया कि रविवार को वह कलान में मारुति वैन लेकर आया था। नगर पंचायत स्टेट हाईवे बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। वहीं ई रिक्शा पर सवार कलान थाना क्षेत्र के गांव जाखिया निवासी एक युवक आया, जो नशे में था। उसने रोडवेज बस स्टैंड पर हंगामा करते हुए वैन का पीछे का शीशा तोड़ दिया। गाड़ी मलिक ने पीआरबी पुलिस को सूचित किया तो पीआरबी पुलिस ने उसे पकड़कर थाने पर बैठा दिया। वहीं अनुज ने थाने में तहरीर दी है।

### मेडिकल कॉलेज में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की कॉलोनी में लोगों ने रविवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव देखा। लोगों की भीड़ लग गई। चौक कोतवाली को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र 52 साल है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। लोगों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में घूमता रहता था।

### युवती को किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव एक गांव की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री को दूसरे गांव का प्रदीप तीन दिन पूर्व अगवा करके ले गया है। उसकी पुत्री घर से पांच हजार रुपये व जेवर ले गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# भाजपा नेता की हत्या के लिए सुपारी लेने वाला एक बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● सपा नेता के बेटे ने दी थी पांच लाख की सुपारी, चार नामजद

**अमृत विचार :** शहर में चौक मंडल भाजपा नेता वैभव खन्ना की हत्या करने के लिए सपा नेता और उसके बेटे ने दो बदमाशों को पांच लाख रुपये की सुपारी दी थी। एडवांस में एक लाख रुपये, तमंचे व कारतूस उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने सराफा व्यापारी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने सुपारी लेने वाले एक बदमाश को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया।


आरोपी शादान।

चोक कोतवाली के मोहल्ला बक्सरिया निवासी वैभव खन्ना पुत्र मुकुंद खन्ना ने बताया कि थाना सदर बाजार थाना में सपा नेता पंकज वर्मा निवासी मस्जिदगंज चौक कोतवाली ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने निष्पक्ष विवेचना कराए जाने की मांग की थी। जिस कारण युवराज वर्मा व उसके पिता पंकज वर्मा उससे रंजिश मानने लगे थे। आरोपियों ने अपने साथ मोहम्मद शादान निवासी मोहम्मद जई व माहरुख निवासी खलील शर्की चौक कोतवाली को मिला लिया था। इधर कई दिन से मोहम्मद शादान व माहरुख रैकी कर रहे थे। पीड़ित ने परिचितों से इस संबंध में जानकारी की। उसके परिचित विनायक कपूर ने बताया कि दोनों आरोपी शराब के नशे में थे और कहा कि सपा नेता पंकज वर्मा व उसके बेटे युवराज वर्मा ने वैभव की हत्या करने के लिए 5 लाख की सुपारी एक माह पूर्व दी थी। दो तमंचे, कारतूस व एक लाख रुपये एडवांस में दिए थे। वैभव खन्ना का आरोप है कि शनिवार की शाम सात बजे बिजलीपुरा जा रहा था तो दोनों आरोपी माहरुख व मोहम्मद शादान ने पीछा किया। आरोप है कि शादान ने उसके ऊपर फायर किया, जो मिस हो गया। शोर मचाने पर दोनों आरोपी भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी युवराज वर्मा, पंकज वर्मा, मोहम्मद शादान, माहरुख के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने फरार आरोपी मोहम्मद शादान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

## ट्रक के नीचे सो रहे चालक की दबकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** झारखंड के बोकारो जिले के थाना नवाडो के गांव किंग मुजरिया निवासी विनोद कुमार(30) ट्रक पर चालक था।

वह ट्रक लेकर झारखंड से पंजाब जा रहा था। शनिवार की रात 12 बजे उसने ट्रक को हाईवे पर खिरिया सकटू गांव के सामने सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और ट्रक के नीचे सो गया। इसी बीच मिनी ट्रक ने पीछे ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे विनोद की दबकर मौत हो गई। चालक मिनी ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि चालक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है और तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# ट्रेन से कटकर किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● गन्ने की फसल की रखवाली करने गया था सतेंद्र पाल

● रात 11 बजे तक नहीं लौटने पर परिजनों ने की तलाश

**अमृत विचार :** गन्ने की फसल की रखवाली करने गए किसान की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से कटकर मौत हो गई। परिजन उसे तलाशते हुए रेल लाइन के किनारे पहुंचे। उसका शव डाउन व अप लाइन की रेल पटरियों के बीच में पड़ा था। उसकी बाइक रेल पटरी के किनारे खड़ी मिली। जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी सतेंद्र पाल सिंह(50) का रेल लाइन के किनारे खेत है। शनिवार की रात आठ बजे वह गन्ने की फसल की रखवाली के लिए खेत पर गया था। रात 11 बजे तक घर पर नहीं आए तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। रविवार सुबह छह बजे परिवार वाले नवीपुर गांव के सामने रेल लाइन पर तलाश करने के लिए पहुंचे। परिवार वालों ने देखा कि उसकी बाइक रेल पटरी के किनारे खड़ी थी। उसका शव दोनों रेल पटरी के बीच में पड़ा है। परिवार वालों ने जीआरपी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि सतेंद्र रोज शाम को गन्ने की फसल देखने के लिए जाते थे। उसका किसी से कोई विवाद नहीं है। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि रेल पटरियों के बीच शव मिला था। परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है।


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव लखनापुर में अरुणा(30) पत्नी सुआलाल की रविवार शाम संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के पिता और बेटी ने पड़ोसियों पर पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी कर शव को कब्जे में ले लिया। मृतका का मायका गुधनी गांव में है। सूचना मिलते ही उसके पिता साधूराम पहुंच गए। मामले की जानकारी कर वह अरुणा की बेटी सरोजनी(12) के साथ रविवार रात करीब नौ बजे पुवायां कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस को सूचना दी कि अरुणा की पड़ोसियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। सरोजनी ने बताया कि उसके पिता बाहर काम करते हैं। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर हरपाल बालियान ने पुलिस को गांव भेज दिया। वहीं इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला द्वारा फंदे पर लटक कर जान देने की सूचना मिली थी, पुलिस टीम को गांव भेजा है। मृतका के चार बच्चों में सबसे बड़ी सरोजनी और उससे छोटा अमित(10), रमन(8) और अतुल(6) है। बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दो घरों में नगदी समेत लाखों की चोरी

**जैतीपुर, अमृत विचार :** शनिवार की रात गांव सुरजूपुर में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया है। चोर दोनों घरों से नगदी और लाखों रुपये का जेवर आदि सामान ले गए है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव सुरजूपुर निवासी हरि शंकर राठौर परिवार के साथ रात में मकान की छत पर सो रहे थे। रात में पांच चोर पड़ोसी धर्मपाल की छत से उसके मकान में घुस आए। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपये और तीन लाख रुपये के जेवर चुरा लिए। चोरों ने उसके तीनों घरों को खंगाल दिया। वह सुबह मकान की छत से नीचे आए तो देखा कि कमरे के दरवाजे खुले हुए और सामान बिखरा पड़ा है। इससे पहले गांव में धर्मपाल के मकान में चोर घुस गए। चोरों ने बक्सा का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये व हजारों रुपये का जेवर चुरा लिया। उनको भी चोरी की सुबह जानकारी हुई। दोनों ने चोरी की तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर ने बताया कि जांच की जा रही है।

### फसल की सिंचाई करने गए किसान को पीटा

**खुटार, अमृत विचार :** फसल की सिंचाई करने गए किसान को पांच लोगों ने पीट दिया। साथ ही धमकी दी कि पुराने विवाद में गवाह से नाम वापस ले लो। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव रामपुर कलां निवासी सोनपाल ने पुलिस को बताया कि 30 अगस्त की सुबह करीब आठ बजे वह अपने खेत पर फसल में सिंचाई करने जा रहा था। आरोप है कि गांव के पांच लोग उसके खेत पर आए और गाली गलौज करने लगे। उसके विरोध करने पर उक्त लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। धमकी दी कि उन पर चल रहे मुकदमे में बतौर गवाह से नाम वापस ले लो, नहीं तो जिस तरह से वेदप्रकाश की पिटाई कर हड्डियां तोड़ी हैं। उसी तरह से पिटाई करेंगे। आरोपियों पर वेदप्रकाश के ऊपर हमले के मामले में खुटार थाने में रिपोर्ट दर्ज है। जिसमें वह गवाह है। आरोपी आए दिन परेशान करते रहते है। पीड़ित सोनपाल ने तीन व्यक्ति और दो महिलाओं के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### दो पक्षों में मारपीट, शांतिभंग में चालान

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयां में रास्ते के निकास को लेकर हुए विवाद में दो गुटों में जमकर लाठी डंडे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे पांच लोगों को मौके से गिरफ्तार किया। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयां में विश्वमोहन मिश्रा और आशीष मिश्रा के बीच रास्ते के निकास को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को सुबह करीब 10 बजे दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। दोनों पक्षों के कई लोग आमने-सामने आ गए। उनके बीच जमकर लाठी डंडे चले। सूचना पर प्रभारी इंस्पेक्टर सुंदर लाल वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए। उन्होंने मौके से एक पक्ष के आशीष मिश्रा, धीरज मिश्रा, आयुष मिश्रा व दूसरे पक्ष के विश्वमोहन मिश्रा, सचिन मिश्रा समस्त निवासी मोहल्ला सराय काइयां गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया गया।

# वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● दिल्ली में काम करता था कृष्णपाल, रविवार को लौटना था

**अमृत विचार :** नगरा मुड़िया गांव के सामने वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। पीएचसी लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वह दिल्ली में काम करता था।

परौर थाना क्षेत्र के गांव बरखी मई निवासी कृष्णपाल(35) दिल्ली में प्राइवेट फर्म में काम करता था। वह दिल्ली से एक दिन पहले रक्षा बंधन पर गांव आया था। शनिवार की रात आठ बजे वह पड़ोस के गांव में अपने दोस्त से मिलने के लिए गया था। रात नौ बजे वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। नगरा मुड़िया गांव मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। लोगों ने थाना पर सूचना दी। एसओ सोनी शुक्ता सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंची और घायल को पीएचसी पर भेज दिया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने बताया कि कृष्णपाल रक्षा बंधन पर घर आया था और रविवार को उसे दिल्ली जाना था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# तेंदुए ने पेड़ पर डेरा जमाया, दहशत में ग्रामीण

संवाददाता, खुटार

● एक सप्ताह से तेंदुए की दियूरिया गांव में देखी जा रही चहलकदमी

**अमृत विचार :** बंडा रोड पर स्थित गांव झदिया दियूरिया में जंगल किनारे खेत में पेड़ पर तेंदुए बैठा दिखाई दिया। खेत की तरफ गए ग्रामीणों ने इसका मोबाइल से फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। लेकिन वन विभाग का दावा है कि इस मामले में किसी ने सूचना नहीं दी है। गांव की ओर करीब एक सप्ताह से तेंदुआ की चहलकदमी होने का दावा ग्रामीणों ने किया है। तेंदुए से गांव में दहशत फैली हुई है। वहीं, रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने मामले को संज्ञान में लेकर मौके पर वनकर्मियों को भेजकर जांच कराने का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव झदिया दियूरिया में 29 अगस्त की रात को मोहन सिंह के फार्म हाउस पर तेंदुआ पहुंच गया था और कुत्ते पर हमला कर उसे गन्ने के खेत में खींच ले गया था। उसके दूसरे दिन वन विभाग की टीम ने गांव पहुंच कर जांच की और कुत्ते का अधखाया शव बरामद किया था। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ करीब एक सप्ताह से गांव की तरफ लगातार देखा जा रहा है और खेतों में डेरा डाल रखा है। इससे किसान खेतों की ओर नहीं पहुंच पा रहे है। शनिवार को फिर तेंदुआ गांव के किनारे खेत में खड़े पेड़ के ऊपर बैठा देखा गया है। खेत जंगल किनारे है। खेतों में काम कर रहे ग्रामीण डर की वजह से अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ वहां पर काफी देर तक पेड़ के ऊपर बैठा रहा। लेकिन वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। जबकि पिछले कई दिनों से तेंदुए के गांव के किनारे देखे जाने और कुत्ते का शिकार किए जाने की घटना के बाद से ग्रामीण खेतों में काम करने नहीं जा रहे है। फसलों को भी काफी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से तेंदुए को जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है।


पेड़ पर बैठा तेंदुआ।

"किसी के द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं दी गई है। वनकर्मियों को मौके पर भेज कर जांच कराई जाएगी। यदि तेंदुआ लगातार क्षेत्र में देखा जा रहा है। तो उसे जंगल की तरफ खदेड़ा जाएगा।
–मनोज श्रीवास्तव, रेंजर खुटार

# नाइजीरिया का बंदी जेल से जमानत पर छूटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव उवरिया निवासी ब्रजेश कुमार ने अगस्त 2022 में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके फोन पर अज्ञात कॉल आई थी। आरोपी ने अलग-अलग खातों से 15 लाख रुपये डलवा लिए थे। पुलिस ने नंबर को सर्विलांस पर लगाया था। पुलिस दिल्ली से आरोपी ओशाक मरफी को पकड़कर लाई थी, जो नाइजीरिया का रहने वाला था। पुलिस ने उसका बीजा व पासपोर्ट कब्जे में लेकर उसका चालान करके जेल भेज दिया था। आरोपी बंदी की हाई कोर्ट से जमानत हो गई। रविवार को उसे रिहा कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने नाइजीरिया के व्यक्ति को दिल्ली की बस पर बैठा दिया है।

जरूरत | व्यापारी बोले, अस्पताल बना तो सभी को मिलेगा लाभ

# वित्तमंत्री से मिले व्यापारी, मांगा अत्याधुनिक अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● वित्तमंत्री ने कहा, अधिकारियों से करेंगे विचार-विमर्श

**अमृत विचार :** व्यापारियों ने वित्तमंत्री से मिलकर शहर के बीचो बीच अत्याधुनिक अस्पताल पुराने जिला अस्पताल (अब सीएमओ ऑफिस) में बनवाने की मांग की है। वित्तमंत्री ने अधिकारियों से साथ बैठक कर विचार-विमर्श करने का आश्वासन दिया है।

रविवार को उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तेल व्यापारी नेता महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिले। सचिन बाथम ने कहा कि जिस प्रकार से जिला अस्पताल को सीएमओ दफ़्तर (पुराना जिला अस्पताल) बना कर आम जनमानस से दूर कर दिया गया है, उसको आम जनमानस की सेवा के लिए उपयोग में लिया जाना महत्वपूर्ण होगा। ताकि गरीब समुदाय अपना उपचार निःशुल्क के साथ ही नगर के बीच में जाकर सुविधापूर्ण रूप से करवा सकें। उत्तर प्रदेश सरकार ने जहां-जहां मेडिकल कॉलेज खोले हैं वहां अलग ज़िला अस्पताल स्थापित किए गए हैं। इसी तरह से अपने यहां भी अस्पताल स्थापित किया जाए। ज़िला अस्पताल में सभी सुविधाएं निःशुल्क होती हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशांक कौशिक कहा कि अगर ये निर्णय आकार लेता है तो इस क्षेत्र के दवा विक्रेताओं को व्यापारिक लाभ और जनता को शहर के बीच में अस्पताल का लाभ मिल जाएगा। वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठकर विचार किया जाएगा। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष ओवैस हसन, संयुक्त महामंत्री आकाश दीप गुप्ता, सुशील दीक्षित, कंचन गुप्ता, महेंद्र दुबे, इक़बाल खां(लकी), रेहान रशीद, आसिफ खां, नेहाल खान, अशोक गुप्ता, इशराक अली, प्रिंस होरा, मोहम्मद नासिर, राकेश चंद्र गुप्ता, वाहिद, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, चांद खां, मोइन खां, सच्चिदानंद, मुश्ताक, मनीष शुक्ल, अखिल मिश्र, रेहान रशीद, आकाश वर्मा आदि रहे।


वित्त मंत्री से सुरेश खन्ना से मिलते व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम व अन्य।

# गरीब रथ में युवती का नगदी जेवर समेत बैग चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● बिरला फाइनेंस कंपनी में एडवाइजर के पद पर है आकृति


**अमृत विचार :** ट्रेन में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। गरीब रथ एक्सप्रेस में बिरला फाइनेंस कंपनी की एक कर्मचारी का नगदी, जेवर समेत बैग चोरी हो गया। पीड़िता ने जीआरपी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लखनऊ के मोहल्ला वृंदावन योजना तेलीबाग निवासी आकृति कुमार पुत्री प्रेम शंकर लखनऊ में ही बिरला फाइनेंस कंपनी में एडवाइजर के पद पर है। वह किसी काम से दिल्ली गई थी और वहां से लखनऊ वापस जा रही थीं। 29 अगस्त को गरीब रथ एक्सप्रेस में एसी कोच में रिजर्वेशन कराया था। कोच संख्या जी-12 बर्थ संख्या दो रिजर्वेशन था। सफर के दौरान वह बर्थ पर सो गई। ट्रेन शाहजहांपुर के रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर आकर रुकी। दो मिनट बाद ट्रेन चली तो उसकी नींद खुल गई।

उसने देखा कि उसके दो बैग चोरी हो गए। उसने कोच में बैग की तलाश की, लेकिन दोनों बैग नहीं मिले। एक बैग में 8 हजार रुपये, एक सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कान की झुमकी, डीएल, डेबिट कार्ड और दूसरे बैग में जरूरी कागजात थे। जीआरपी थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे पहले भी ट्रेन में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि चोरों की सुरागरसी की जा रही है।

# भाकियू की भंग चल रहीं जिला व महानगर कमेटियों का गठन

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर गठित की गई नई कार्यकारिणी



कमेटियां बहाल होने के बाद हर्ष व्यक्त करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पांच सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में होगी बैठक

**अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी की बैठक रविवार को महानगर के मोहल्ला सुभाषनगर स्थित अमर सिंह यादव के आवास पर जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें यूनियन के संरक्षक ओम प्रकाश यादव व राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव के निर्देश पर भंग चल रही जनपद की सभी इकाइयों में पदाधिकारियों का गठन किया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने सभी नए व पुराने पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि उम्मीद है कि सभी पदाधिकारी अपने पद की प्रतिष्ठा को बनाए रखते हुए संगठन हित में कार्य करके संगठन का विस्तार करते हुए किसान, मजदूरों के हित की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि काफी समय से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी कमेटियों को भंग कर दिया था, जिसमें 15 अगस्त को संरक्षक ओम प्रकाश व राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव ने राष्ट्रीय कार्यालय पर बैठक करके उन्हें जिलाध्यक्ष पद की दोबारा जिम्मेदारी सौंपी थी और निर्देश दिए थे कि शीघ्र ही सभी कमेटियों का गठन किया जाए। इसी क्रम में आज कमेटियों का गठन किया गया।

बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह, जिला प्रभारी शिशु पाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश यादव, मंडल मीडिया प्रभारी मुजीब खान, मुकेश शर्मा, जयवीर सिंह यादव, मुन्ना लाल, वीरेश कश्यप, अब्दुल रज्जाक, गुरुदेव सिंह, सर्वेश कुमार, विनोद कुमार, सतीश कुमार, अनमोल राठौर, मुलायम सिंह यादव, अजवेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इन लोगों को सौंपी गई जिम्मेदारी

कमेटी गठन में शाहजहांपुर महानगर की जिम्मेदारी अमर सिंह यादव को सौंपी गई। महानगर प्रभारी गगन दीप सिंह, महानगर उपाध्यक्ष सुनील वर्मा उर्फ गुड्डू, महासचिव कैलाश नाथ मौर्या, अनिल कुमार वर्मा (बच्चन), महानगर सदर के अध्यक्ष गुरुदेव सिंह, महासचिव सरलेश सिह, ब्लॉक अध्यक्ष मदनापुर अलीशेर सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष ददरौल सतीश कुमार राठौर, सचिव तहसील सदर जिला कमेटी हेतु जिला महासचिव बृजमोहन गौतम, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार गौतम, जिला, उपाध्यक्ष तहसील तिलहर खुशीराम राठौर, जिला उपाध्यक्ष तहसील पुवायां गजेंद्र सिंह, जिला सचिव पुवायां मुकुट बिहारी, जिला संगठन मंत्री सौदान सिंह यादव, जिला सचिव तहसील सदर अनिल सिह, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल शुक्ला, ब्लॉक प्रभारी निगोही मुकेश शर्मा, तहसील सदर प्रभारी अनूप यादव, महिला कमेटी में जिलाध्यक्ष क्रांति सिंह, महिला महानगर अध्यक्ष अनीता गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष निगोही अंकिता शर्मा को मनोनीत किया है।

### समस्याओं के निराकरण को सौंपा जाएगा ज्ञापन

जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी कि आगामी 5 सितंबर को महानगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में यूनियन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव की अध्यक्षता में होगी। जिसमें जनपद में व्याप्त जनसमस्याओं के निराकरण के लिए एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बैठक के नियत समय सुबह 10 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचने की अपील की है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रहीं सेनेटरी पैड व डायपर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान की ओर से दिया जा रहा प्रशिक्षण
- प्रशिक्षण के बाद जिला स्तर से की जाएगी धन की व्यवस्था स्वावलंबी बनने में मिलेगी मदद

**अमृत विचार:** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान शाहजहांपुर ग्रामीण क्षेत्र की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सेनेटरी पैड बनाने का 13 दिवसीय प्रशिक्षण नियामतपुर स्थित संस्थान में दे रहा है।

रविवार को संस्थान निदेशक आशीष मेहरोत्रा ने बताया कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के स्वास्थ्य और सामाजिकता से जुड़ा हुआ है। प्रशिक्षण से महिलाओं को स्वावलंबी बनने में मदद मिलेगी साथ ही साथ ग्रामीण महिलाओं में एक सामाजिक बदलाव भी आएगा। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर इस तरह का यह पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सेनेटरी पैड निर्माण कार्य शुरू करने वाली समूह सदस्यों की आवश्यकता के हिसाब से धन और विपणन की व्यवस्था जिला स्तर से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह का एक और प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। इस दौरान संकाय सदस्य सुमित शुक्ला, ब्रजकिशोर यादव, कार्यालय सहायक मोहिनी राजवंशी, राहुल कनौजिया व एफएलसी पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।



सेनेटरी पैड बनाना सीखतीं महिलाएं।

## सार-संक्षेप

### वरुण अर्जुन के शिविर में हुई लोगों की नि:शुल्क जांच



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में रविवार को नि :शुल्क सामान्य रोग मेडिसिन चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया। कैंप में मरीजों का निशुल्क ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई। सामान्य दवाइयां दी गई। जांचों व सीटीस्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन वितरित किए गए। इसके अलावा शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने पर मरीजों की सीबीसी, केएफटी, एलएफटी एवं ईसीजी की जांचें नि :शुल्क की जाएंगी। इसके अलावा बताया गया कि अस्पताल के सामान्य रोग विभाग में टीएमटी, इको, खून की जांचें सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों पर भारी छूट, सामान्य रोग विभाग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में, आईसीयू की सुविधा 24 घंटे सस्ते दर पर उपलब्ध होने के विषय में बताया गया। अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। शिविर में सामान्य रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. हसनैन रजा की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।

### समस्याओं का समाधान नहीं होने पर करेंगे आंदोलन



**पुवायां, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं के समाधान की मांग की। जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा बंडा के ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने रविवार को किसानों की समस्याओं के समाधान को डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सगीर अहमद को दिया। साथ ही समय अवधि में समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान रामकुमार, राकेश भारती, अमित तिवारी, शिवम मिश्रा, बृजेश, देव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत



**पुवायां, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव का पुवायां से लेकर बंडा तक जगह-जगह स्वागत किया गया। रविवार को भाकियू टिकैत गुट के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। किसानों ने स्वागत समारोह में पुवायां से बंडा तक रैली निकाली। जिसके बाद बसंतापुर में परमजीत सिंह, उमरापुर तथा बंडा में स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में आदित्य प्रताप लोधी, जनरल लाल वर्मा, उधम सिंह, मनदीप सिंह, बब्बू, कुलदीप सिंह, पूरन मिश्रा, उलफत सिंह यादव, दिनेश सक्सेना आदि शामिल रहे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रात:- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में नि:शुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के अपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## एक नजर

### वांछित किन्नर गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि आसिफ किन्नर निवासी अख्तर नगर थाना अलापुर जिला बदायूं के खिलाफ एक माह पूर्व विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जो फरार चल रहा था। पुलिस ने रविवार को आरोपी को कुंडरिया रोड से तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुरेश कुमार, नम्रता सिंह, मुख्य आरक्षी राजकुमार थे। इधर परौर एसओ ने बताया कि अभियुक्त राजकुमार निवासी कुबेरपुर थाना परौर के खिलाफ कोर्ट से वारंट था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### वांछित 4 लोग गिरफ्तार

तिलहर, अमृत विचार : अलग-अलग मुकदमों में वांछित चल रहे चार लोगों को पुलिस ने पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को कोर्ट के द्वारा अलग-अलग मुकदमों में वांछित धनकुपुर गांव के धीरेंद्र सिंह, राईखेड़ा गांव के पप्पू व रामकुमार व बरहा मोहब्बतपुर गांव के नन्हेलाल को पुलिस ने अलग-अलग जगह से पकड़ कर कोर्ट में पेश किया।

# घूमते मिले दो जिला बदर अपराधी

## तिलहर और कांट पुलिस ने किया गिरफ्तार, जलालाबाद पुलिस ने पॉक्सो का वांछित पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अपराधियों के खिलाफ की जा रही धरपकड़ कार्रवाई के दौरान तिलहर और कांट पुलिस ने जिले में घूम रहे दो जिला बदर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जलालाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित को गिरफ्तार किया है।

थाना तिलहर पुलिस ने गांव ग्वार निवासी जिला बदर पवन उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। पवन को पूर्व में जिला बदर का नोटिस तामील कराकर सीमा से बाहर किया गया था। हिदायत के बावजूद भी अभियुक्त थाना तिलहर क्षेत्र में आ-जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह करीब 9:30 बजे उसे सरयू पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उपनिरीक्षक घनश्याम बहादुर ने बताया कि अभियुक्त पवन के खिलाफ नियमानुसार थाने पर धारा 10 उ.प्र. गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम का मामला पंजीकृत करने के पश्चात तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

वहीं थाना कांट पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर रविवार को गांव मिलकिया निवासी जिला बदर अपराधी केदार को गिरफ्तार कर लिया। उसे जिला मजिस्ट्रेट ने तीन माह को जिला बदर किया था। इसके बाद भी वह क्षेत्र में घूम रहा था। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दे दी। इस पर पुलिस ने रविवार को उसे कांट क्षेत्र में घूमते हुए गिरफ्तार कर लिया। वहीं जलालाबाद पुलिस ने पॉक्सो में वांछित चल रहे गांव दिबियापुर निवासी विनय को गिरफ्तार किया है। विनय और उसके पिता रामचंद्र, भाई सत्यवीर और मां के खिलाफ नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज किया था। नाबालिग को पुलिस ने 23 अगस्त को बरामद कर लिया। उसके बयान के तहत दर्ज मामले में पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। इसी मुकदमे में वांछित अभियुक्त विनय को रविवार को गांव बड़ेखड़ा पुलिया के पास से दोपहर करीब 12 बजे हिरासत में ले लिया गया।




तिलहर और कांट पुलिस की हिरासत में जिला बदर अपराधी। ● अमृत विचार



जलालाबाद पुलिस की गिरफ्त में पॉक्सो का वांछित।

"अपराधों पर अंकुश और अपराधियों पर कार्रवाई के लिए की जा रही कार्रवाई के दौरान दो जिला बदर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक पॉक्सो एक्ट में वांछित को भी पकड़ा गया है।
– अशोक कुमार मीणा, एसपी"

### वरुण को छह माह के लिए किया जिला बदर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि अभियुक्त वरुण कुमार निवासी रंगमहल चौक कोतवाली को जिला मजिस्ट्रेट ने छह माह के लिए जिला बदर किया गया। उसके घर पर नोटिस चस्पा कर उसे जिले की सीमा से बाहर कर दिया। टीम में उप निरीक्षक अनिल कुमार, सिपाही रोहित कुमार, मुनेश कुमार है।

# दूसरे दिन भी जारी रहा विहिप का धरना

संवाददाता, तिलहर

- 24 घंटे बीते, किसी अधिकारी ने नहीं लिया संज्ञान
- राष्ट्रीय गो रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने दिया समर्थन




नगर पालिका गेट पर धरना देते विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों के पास संचालित हो रही मीट की दुकानों को हटाए जाने की मांग को लेकर विहिंप के कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं 24 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। राष्ट्रीय गोरक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने धरने का समर्थन किया।

विश्व हिंदू परिषद के सह जिला मंत्री सुरेश शर्मा पप्पू ने कहा कि कई बार उन्होंने उप जिला अधिकारी व नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को ज्ञापन देकर स्कूलों के समीप और सार्वजनिक स्थानों पर संचालित मीट की दुकान हटाए जाने की मांग की लेकिन दुकानें नहीं हटाई गई। बताया कि टाउन हॉल रोड पर मनकामेश्वर नाथ मंदिर व कई प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं लेकिन यहां पर नगर पालिका के संरक्षण में मीट की दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। जिला कोषाध्यक्ष आदित्य ओमर ने कहा राजनपुर रोड पर कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के समीप भी मीट की दुकानों का संचालन हो रहा है। अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं किए जाने से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने शनिवार से नगर पालिका गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। उधर एसडीएम जीत सिंह ने मामले में अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को जांच पड़ताल कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं अधिशासी अधिकारी ने बताया नगर में सभी संचालित मीट के विक्रेताओं को नोटिस जारी कर लाइसेंस मांगे हैं, नहीं दिखा पाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर में अवैध रूप से मीट की दुकानें संचालित हो रही है उनके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान धरना प्रदर्शन करने वालों में वीरपाल वर्मा, मनोज राठौर, संजीव कुमार गुप्ता, अवनीश कुमार वर्मा, अंकित, राजीव, कृपा शंकर रस्तोगी, दिनेश कुमार, मोहित कुशवाहा, विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# वरुण अर्जुन कॉलेज के शिविर में 615 मरीजों को निःशुल्क मिली दवा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शिविर में मौजूद विधायक अरविंद कुमार सिंह व मेडिकल कॉलेज का स्टाफ।

- भावलखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सुजातपुर में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा व अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड रोजा शुगर मिल शाहजहांपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भावलखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सुजातपुर में मुफ़्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पंकज गोयका व प्रवीन सिंह ने फूलमाला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। शिविर में कुल 648 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 18 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निःशुल्क किया जाएगा। 38 की दिल (ईसीजी), 265 की ब्लड शुगर व लगभग 345 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गयी। 615 मरीजों को दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। विधायक ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन कर मेडिकल कॉलेज द्वारा दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों से प्रत्येक वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचता है। इस दौरान डॉ. विक्रम सिंह, अशोक गुप्ता, बबिता सक्सेना, रविन्द्र सिंह, राजकुमार शर्मा, अरविंद सिंह, नवीन सिंह, संजय सिंह, राजकुमार चौहान, सुरेंद्र मान, अमित सिंह, संजय सिंह, संतोष सिंह, अरविंद मिश्रा, पुनीत बाजपेई, जैनेंद्र सिंह एवं अन्य शुगर मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों आदि का विशेष सहयोग रहा। शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की डॉ. रिव्या सिंह, डॉ. कीर्ति वरदानी, डॉ. महेश सैनी, डॉ. फैजूर रहमान, पीआरओ विपिन शर्मा, मोहित थापा और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# घर के बाहर बंधे पालतू कुत्ते को तेंदुए ने बनाया निवाला

**निघासन, अमृत विचार :** थाना मझगई के गांव लोखंदरपुर में तेंदुए ने घर के बाहर बंधे पालतू कुत्ते पर हमला बोल दिया और अपना निवाला बना डाला। इससे गांव और आसपास के इलाकों में तेंदुए की दहशत व्याप्त हो गई है।

गांव लोखंदरपुर निवासी सांवलिया प्रसाद का पालतू कुत्ता घर के बाहर बंधा था। रात में किसी समय तेंदुए ने कुत्ते पर हमला कर दिया और उसे अपना निवाला बना डाला। सुबह होने पर परिवार वाले जागे और घर के बाहर आए तो कुत्ते का अधखाया शव देख उनके होश उड़ गए। घर वालों ने इसकी जानकारी यूपी 112 पुलिस व वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा राजेंद्र वर्मा ने बताया की पग चिन्हों के अनुसार तेंदुए ने कुत्ते का शिकार किया है। उन्होंने गांव वालों से सतर्कता बरतने और समूह में खेतों की तरफ आने जाने की अपील की है। साथ ही वन विभाग की पेट्रोलिंग कर रही है।

# 100 मीटर दौड़ में रेशमा और रीमा को मिला पहला स्थान

संवाददाता, रौसर कोठी



दौड़ में जीत के लिए फर्राटा भरते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- युवक मंगल दल की ओर से किया गया खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार :** युवक मंगल दल की ओर से ग्राम सभा चौढेरा में रविवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रिलायंस पावर परियोजना के सीएसआर प्रबंधक कुमार अवनीश ने सरस्वती माता के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

खेलकूद में जूनियर बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान रेशमा, द्वितीय रोशनी और तृतीय शिवानी और रोशनी संयुक्त रूप से रहीं। 200 मीटर में प्रथम सरिता, द्वितीय अनामिका व तृतीय स्थान रोली ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग के 100 मीटर में प्रथम स्थान रीमा, द्वितीय स्थान लक्ष्मी तथा तृतीय स्थान अंशिका ने प्राप्त किया। 200 मीटर सीनियर में प्रथम स्थान अंशिका, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से आकांक्षा और सोनम व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अंजलि और शशि ने प्राप्त किया। 400 मीटर जूनियर दौड़ में आराध्या और नेहा ने बाजी मारी। 400 मीटर सीनियर दौड़ में शिखा, अंशिका और सुहानी ने बाजी मारी।

खो खो जूनियर विजेता टीम में मुस्कान, मधु, चांदनी, जूली, खुशबू, गौरी, अनुष्का और शिवानी शामिल रही। खो खो सीनियर वर्ग लड़कियों के वर्ग में काजल, मुस्कान, जूली, राशि, शालिनी, छाया, आकांक्षा और दिपाली मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मोहित कुमार, अनुराग, युवक मंगल दल के अध्यक्ष इंद्रजीत वर्मा, उपाध्यक्ष किशन कुमार वर्मा, मंत्री नवनीत वर्मा, सुधीर यादव, गौरव मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी नारायण सिंह, नेहा कुशवाहा, हरपाल वर्मा, अभय कुमार सिंह, कुणाल, ऋषभ, अतुल और घनश्याम सहित क्षेत्र के तमाम बच्चे और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

### 100 मीटर में सुमित और अरुण ने मारा मैदान

बालकों की दौड़ में 800 मीटर सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान परविंदर, द्वितीय स्थान आशीष और तृतीय स्थान अभिषेक ने प्राप्त किया। 100 मीटर सीनियर वर्ग में सुमित अंश प्रेम और नितिन ने बाजी मारी। 200 मीटर सीनियर वर्ग में अभिषेक, शिवम और अनीश विजेता रहे। 400 मीटर सीनियर वर्ग में आशीष रानी और अनमोल ने बाजी मारी। जूनियर 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अरुण, राजा और जीतू विजेता बने। जूनियर 400 मीटर में ओम, धीरेंद्र और धनराज विजेता बने। 200 मीटर जूनियर में उदय अंशुल और ओम ने बाजी मारी।

### युवक को लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

कलान, अमृत विचार : गांव अब्दुल्ला नगर मिलकिया निवासी कमला पत्नी कल्यान सिंह यादव ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि रविवार को उसके घर में मेहमान आए हुए थे। जिनके बच्चे बिट्टू( 4 ) और संकेत( 5 ) पड़ोस में शौच कर रहे थे, जिन्हें गांव की महिलाओं ने पटककर मारपीट की। बच्चों ने रो-रोकर जानकारी, जिसको लेकर परिवार के रविंद्र ने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी।





प्रवेश प्रारंभ

## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

### फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987


# व्यापारी का शव पहुंचा तो मची चीत्कार

संवाददाता, मिर्जापुर



मृतक राजन गुप्ता।



रोते बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाते रिश्तेदार। ● अमृत विचार

- लखनऊ के आलमनगर स्टेशन पर ट्रेन से कटकर हो गई थी मिर्जापुर के राजन की मौत

**अमृत विचार :** मिर्जापुर के युवा व्यापारी राजन गुप्ता का शव रविवार शाम कस्बे में पहुंचने पर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भारी भीड़ के चलते जाम जैसे हालात हो गए। हर किसी की आंखे नम थीं, वहीं परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था।

मिर्जापुर के प्रमुख बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी व गल्ला आढ़ती राजन गुप्ता(31) की शनिवार को लखनऊ में आलमनगर स्टेशन पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। खबर सुनकर हर कोई हतप्रभ रह गया। मिलनसार व हंसमुख स्वभाव के चलते राजन सबके चहेते थे। तीन वर्ष पहले बदायूं की अंशिका सेठ से उनकी शादी हुई थी। दो वर्ष का एक बेटा निक्कू है। राजन अपने मां बाप का इकलौता बेटा होने के चलते सबका लाडला था। पूरे कस्बा समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। रविवार शाम को उसका शव कस्बे में पहुंचते ही लोग उमड़ पड़े। इससे जाम की स्थिति बन गई। हर किसी की आंखें नम थीं। मां सरिता, पत्नी अंशिका व पिता प्रेमनारायण छुट्टन गुप्ता का रो रोकर बुरा हाल हो गया। रविवार शाम को ढाई घाट गंगा तट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पिता ने बेटे की चिता को मुखाग्नि दी।

# आदेश दो टिकट घर खोलने का...खुलता है मात्र एक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- काउंटर पर टिकट लेने को लगी रहती है यात्रियों की भीड़, छूट जाती है ट्रेन

**अमृत विचार :** मंडल के रेल अधिकारियों ने आदेश किए है कि स्टेशन पर दो टिकट घर लगातार खोले जाए। दो टिकट घर के स्थान पर एक टिकट घर खुलता है। टिकट घर पर भीड़ लगी रहती है। यात्रियों में पहले टिकट को लेकर आपस में नोकझोंक होती है और लोगों की ट्रेन तक छूट जाती है। स्थानीय रेलवे स्टेशन जनरल टिकट काउंटर दो खोलने के निर्देश है। किसी प्रतियोगिता की परीक्षा के समय तीन काउंटर खोले जाए। दो के स्थान पर एक टिकट घर खुलता है। सुबह छह बजे और शाम को टिकट लेने वालों की भीड़ अधिक रहती है। एक टिकट घर खुलने से टिकट लेने वालों की लंबी कतार लगी रहती है। साथ ही टिकट घर के बाहर एक टिकटिंग मशीन लगी हुई है। कभी-कभी नेटवर्क न आने से मशीन बंद हो जाती है। एक जनरल टिकट घर खुलने से टिकट पहले लेने के चक्कर में यात्रियों की नोकझोंक तक हो जाती है। टूटे पैसे के चक्कर में कई यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है। इस संबंध में कई बार यात्रियों ने शिकायत की है। जबकि सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने निर्देश दिए थे कि यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए दो काउंटर खोले जाए। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि इंचार्ज को दो काउंटर खोलने के निर्देश दिए गए हैं।



टिकट लेने के लिए काउंटर पर लाइन में लगे यात्री। ● अमृत विचार

# ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि उसकी बहन चौक कोतवाली क्षेत्र में एक कोचिंग में पढ़ती है। शनिवार की शाम छह बजे उसकी बहन कोचिंग से ई-रिक्शा से घर आ रही थी। चालक उसे गर्रा फाटक की तरफ से गलत नियत से गली में ले जाने लगा। उसकी बहन शोर मचाते हुए ई-रिक्शा से कूद गई और उसका एक पैर टूट गया। चालक ई-रिक्शा लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### फसल की रखवाली करने गया युवक लापता

**कलान, अमृत विचार :** खेत पर फसल की रखवाली करने गया युवक लापता हो गया और उधर, मायके में रह रही पत्नी प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवक के परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव कबरा सलेमपुर निवासी वीरावती पत्नी बालकराम ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र नेत्रपाल उर्फ दरोगा आठ दिन दिन पहले खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया हुआ था लेकिन अभी तक वह नहीं लौटा। उसे कई जगह तलाश किया, रिश्तेदारों और उसके दोस्तों के यहां भी पता किया लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। वही मायके में रह रही बेटे की पत्नी भी तीन दिन पहले अपने प्रेमी के साथ चली गई। पीडिता ने आशंका व्यक्त की है कि उसके पुत्र को पुत्रवधू को भगाने वाले ने ही गायब कर दिया है। उसने थाना प्रभारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### तस्कर गिरफ्तार, 559 ग्राम चरस बरामद



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चौक कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से 559 ग्राम चरस, नगदी और बाइक बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को रविवार की रात दो बजे सूचना मिली कि निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय के सामने मादक पदार्थ तस्कर किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर सनी गुप्ता निवासी कैलाश नगर कालोनी थाना रोजा है। पुलिस ने उसके कब्जे से 559 ग्राम चरस, एक बाइक और 400 रुपये बरामद किए है। तस्कर पर पहले से विभिन्न अपराध के पांच मुकदमे है। पुलिस ने तस्कर का चालान कर दिया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव के गांव आल्हावापुर निवासी इतवारी ( 36 ) पुत्र शिवराम बाइक से मलिगावां गया था, जहां से वापस आते समय बेहजम चौकी क्षेत्र के तहत लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर गांव अछनियां के निकट ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी भेजा, जहां से डॉक्टरों के रेफर करने पर परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।


AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN

BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# गर्मी में बदहाल रहे मरीज, पूरा दिन नहीं चला अस्पताल का जेनरेटर

## बड़ी संख्या में भर्ती हैं वायरल पीड़ित, गर्मी से हांफ रहे सांस के रोगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रविवार को सुबह से दोपहर तक तेज धूप और गर्मी के कारण मरीज परेशान रहे। सुबह नौ बजे गुल हुई बिजली दोपहर बाद तीन बजे शुरू हुई, जिससे मरीज और तीमारदार 6 घंटे तक परेशान रहे। श्वास रोग गर्मी के चलते हांफते रहे। लेकिन अस्पताल प्रशासन ने जनरेटर नहीं चलाया।

रविवार को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक पूरे शहर की बिजली सप्लाई बंद रही। जिला न्यायालय की 33 हजार केवी की लाइन पर मरम्मत का कार्य होने के कारण विभाग ने सप्लाई बंद कर दी थी। बिजली आपूर्ति बंद होने से जिला अस्पताल पर बुरा असर पड़ा। अस्पताल में करीब 165 मरीज विभिन्न वार्डों में भर्ती हैं जिनमें से अधिकांश बुखार और वायरल पीड़ित हैं। रविवार को सुबह नौ बजे बिजली ठप हो गयी।



जिला अस्पताल के वार्ड में हाथ का पंखा झल रहा तीमारदार।

> जिला अस्पताल को जनरेटर चलाने को एक हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से रुपया मिलता है। एक घंटे में एक हजार का डीजल फूंक जाता है। इसलिए हर समय जनरेटर नहीं चलाया जाता है। विषम परिस्थितियों में जनरेटर चलाते हैं। ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब तथा एक्सरे के लिए जनरेटर चलाया जाता है। इस तरह बिजली गुल होने पर जनरेटर नहीं चला सकते हैं। –डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

इसके साथ ही तेज धूप और गर्मी के कारण अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों का बुरा हाल हो गया। तेज धूप में बिजली न होने से कूलर पंखे बंद रहे जिससे मरीज गर्मी से बेहाल रहे। मरीज गर्मी के कारण वार्ड से बाहर निकल कर पेड़ की छांव में बैठे रहे। कुछ मरीज वार्ड में ही रहे उनके तीमारदार हाथ का पंखा झलते रहे। गर्मी के कारण सबसे अधिक परेशानी श्वास रोगियों को हुई। करीब आधा दर्जन श्वांस रोगी अस्पताल में भर्ती हैं उन्हें गर्मी के कारण चक्कर से आने लगे जिसके बाद परिजनों ने उन्हें बाहर बिठाया। श्वांस रोगी बिजली न होने से तीन बजे तक तड़पते रहे। तीन बजे जब सप्लाई शुरू हुई तो मरीजों ने राहत की सांस ली। मरीजों ने बताया कि बिजली न होने से वार्ड में भारी गर्मी के चलते डॉक्टर और स्टाफ नर्स उन्हें देखने को भी नहीं आए। अन्य कर्मचारी भी बार्ड में नहीं आए जिससे मरीजों की देखभाल नहीं हो सकी। मरीज खुद ही अपने आप को इधर उधर करते रहे।

- जिला अस्पताल में मरीजों की नहीं हो रही देखभाल

### पानी की भी रही समस्या

जिला अस्पताल में बिजली न होने से पेयजल की समस्या पैदा हो गयी। टैंक में पानी खत्म हो जाने के कारण मरीज और तीमारदार हैंडपंप से पानी लेकर दवा और खाना खाते रहे। पानी की किल्लत के चलते कई लोग बाहर से बोतल खरीद कर लाए। कुछ लोग अपने घरों से ठंडा पानी लेकर अस्पताल पहुंचे। बिजली न होने से पेयजल की समस्या से भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## जिले में पांच घंटे गुल रही बिजली, लोग रहे बेहाल

**बदायूं, अमृत विचार :** रविवार को पूरे शहर व कुछ देहात इलाकों में पांच घंटे बिजली गुल रही जिससे गर्मी में लोग उबल गए। भारी गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल हो गया। दोपहर बाद तीन बजे सप्लाई शुरू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

रविवार को जिला न्यायालय में 33 हजार केवी की लाइन की मरम्मत की गयी। इसलिए करीब आधे शहर की व कुछ देहात इलाकों की बिजली सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक ठप रही। तीन बजे बिजली सप्लाई शुरू हुयी तो लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। सुबह से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रहने से आधा जिला गर्मी से बेहाल रहा। तेज धूप और उमस से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। बिजली गुल रहने से शहरी क्षेत्र के टिकट गंज, कटरा ब्राह्मपुर, नई सराय, गद्दी चौक, सुभाष चौक, पुलिस लाइन चौराहा। मंडी समिति, बाबा कालोनी, दातागंज रोड, रोडवेज, परशुराम चौक, गांधी ग्राउंड, सहित अनेक मोहल्लों की बिजली गुल रही। इसी तरह देहात इलाके के ग्राम सूरजपुर, रूपापुर, सिमरिया, रसूलपुर, दौरी नरोत्तमपुर, इस्लामगंज आदि ग्रामों की बिजली बंद रही। देहात इलाकों में बिजली गुल रहने से निजी टयूबवैल नही चल सके जिससे लोगों के खेतों की भराई नहीं हो सकी।

## हड़ताल में शामिल होने वाले सभी सीएचओ पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- देहात में स्वास्थ्य सेवाएं ठप, वेतन काटने के दिए निर्देश
- विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं सीएचओ

**अमृत विचार :** सामुदायिक केन्द्रों पर तैनात सीएचओ हड़ताल पर चले गये हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ा गई हैं। संक्रामक रोगों को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है ऐसे समय में हड़ताल करने वाले सीएचओ के खिलाफ सीएमओ ने कड़ा रूख अपनाते हुए हड़ताली सीएचओ का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

जिले में इस समय बुखार और वायरल का प्रकोप है। विभाग संक्रामक रोग नियंत्रण अभियान चला रहा है। देहात के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर काम करने वाले जिले के 264 सीएचओ ने अपनी मांगों के पूरा नहीं करने के विरोध में काम बंद कर हड़ताल पर चले गये हैं। इससे सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों को दवा नहीं मिल पा रही है। स्टाफ नर्स वार्ड आया सहित विभिन्न पदों पर काम करने वाले संविदा कर्मचारी के काम नहीं करने से दिक्कत हो रही है। आरोग्य मेले नहीं लग रहे हैं और टीकाकरण का कार्य प्रभावित हो रहा है।

> जितने सीएचओ हड़ताल पर हैं उनका वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। जितने दिन काम नहीं करेंगे उतने दिन का वेतन काटा जाएगा और विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। सरकार संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को अभियान चला रही है और यह लोग हड़ताल कर रहे हैं इसलिए इनका वेतन काटा जाएगा। –डा. रामेश्वर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## मारपीट करने वाली आया को वार्ड से हटाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रसव वार्ड में रुपए के बटवारे को लेकर एक महीना पूर्व दो वार्ड आया के बीच हुई मारपीट के बाद बनी तनावपूर्ण स्थिति अब शांत हो गई है। सीएमएस ने दोनों पक्षों में लिखित समझौता कराकर मामले को शांत कर दिया है। मारपीट करने वाली आया को वार्ड से हटाकर पीएनसी में ड्यूटी लगा दी है।

अगस्त माह में प्रसव कक्ष में रुपयों के बंटवारे को लेकर एक वार्ड आया ने दूसरी वार्ड आया पर हमला कर दिया था। हंगामा होने के बाद पीड़ित वार्ड आया पूनम सक्सेना अपने साथियों के साथ जिलाधिकारी और एसएसपी से मिलकर वार्ड आया के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। मामले की जांच हुई महिला एसएसओ ने अपनी रिपोर्ट एसएसपी को दी। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने भी मामले को गंभीरता से लिया और सीएमएस को मामले में उचित कार्यवाही का निर्देश दिया। डीएम के आदेश के बाद सीएमएस ने शनिवार शाम को पूनम और आरोपी वार्ड आया तारिक निशा को बुला कर लिखित में समझौता कराते हुए तारिक निशा को प्रसव कक्ष से हटा कर पीएनसी वार्ड में तैनात कर दिया। जबकि पीड़ित पूनम को वहीं पर काम करने की अनुमति दे दी गयी।



जिला महिला अस्पताल। ● अमृत विचार

- दोनों पक्षों से बात करने के बाद सुलझा मामला
- जिला महिला अस्पताल में एक माह पूर्व हुई थी मारपीट

> जिलाधिकारी के निर्देश के बाद दोनों पक्षों से बातचीत करने के बाद विवाद को सुलझा दिया गया। अब किसी को कोई शिकायत नहीं है। –डॉ. इंद्रकांत वर्मा, सीएमएस

## डीएम से मिला अनुमोदन, धान खरीद के लिए 45 केंद्र खुलेंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरु हो जाएगी
- पिछले साल भी 45 केंद्र पर हुई थी धान की खरीद

**अमृत विचार:** जिले धान खरीद को लेकर तैयारी तेज हो गई है। 45 क्रय केंद्र खोले जाने के लिए डीएम से अनुमोदन मिल चुका है। एक अक्टूबर से शुरू होने वाली धान खरीद के लिए नामित की गईं क्रय एजेंसियों के द्वारा सारी प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है।

जिले में एक अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी। इस बार 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान का मूल्य घोषित किया है। धान क्रय केंद्र खोले जाने के लिए लगभग प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिले में पांच एजेंसियों के करीब 45 क्रय खोले जाने हैं। इसमें मार्केटिंग, पीसीएफ, एफसीआई और यूपी एग्रो और पीसीयू, के क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मंडी समिति की तरफ से क्रय केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव नहीं दिया गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि जिन एजेंसियों की तरफ से क्रय केंद्र खोलने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है उन्हें अनुमोदन मिल चुका है। पिछले साल भी जिले में 45 केंद्रों पर ही धान की खरीद हुई थी। विभाग धान खरीदने के लिए किसानों से रजिस्ट्रेशन कराए जाने की अपील कर रहा है। ताकि समय पर जरूरत पर केन्द्र खोले जाएं।

> धान खरीद के लिए 45 केंद्र के लिए अनुमोदन मिला है। मक्का के क्रय खोले जाने के लिए एजेंसियों से प्रस्ताव मांगा जा रहा है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। –अतुल कुमार वशिष्ठ, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

### मक्का खरीद के लिए खुलेंगे केंद्र

जिले में मक्के की खेती बहुतायत मात्रा में होने के नाते क्रय केंद्र खोले गए हैं। इसके लिए एजेंसियों से प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। पिछले साल जिले में करीब 18 क्रय केंद्र खोले गए थे। माना जा रहा है कि इस बार भी इतने ही क्रय खोले जाएंगे। जिसकी प्रक्रिया खाद्य एवं विपणन विभाग द्वारा पूरी की जा रही है।

## गंगा में खतरे के निशान से नीचे आया पानी, राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तटवर्ती इलाकों में स्थिति सामान्य बाढ़ का खतरा टला

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर बारिश कम होने से मैदानी इलाकों में अब बाढ़ का खतरा टल गया है। ऊपर से पानी नहीं आने के कारण नरौरा बैराज से भी पानी बहुत कम मात्रा में डिस्चार्ज किया जा रहा है। रविवार को नरौरा बैराज से 38 हजार 740 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जो सामान्य है।

रविवार को नरौरा बैराज से 38 हजार 740 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। कम पानी आने के कारण कछला गंगा का जलस्तर भी खतरे के निशान से 14 सेमी नीचे आ गया है। कछला में आज 161,86 मीटर गेज जलस्तर मापा गया। गंगा की धार भी अब कम होने लगी है। उसहैत इलाके में गंगा ने अपना आंचल समेटना शुरू कर दिया है। गंगा के आसपास भरा पानी अब खत्म हो चुका है। सड़कों पर पानी नहीं होने से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। रामगंगा में जलस्तर आज 159,57 मीटर गेज रहा। पानी कम होने से अब दातागंज हजरतपुर क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो रही है। लोगों ने नाव को हटा दिया है। सड़कों पर यातायात शुरू हो चुका है। अब पानी और कम होगा जिससे खेतों में भी काम शुरू हो जाएगा।

> नरौरा से अब पानी सामान्य स्थिति में आ रहा है। क्योंकि पहाड़ों पर जैसे ही बारिश कम होती है तो पानी कम आने लगता है। नरौरा से अब 50 हजार क्यूसेक से कम पानी आने की संभावना है। इसलिए अब बाढ़ का खतरा टल गया है। इस साल बाढ़ की स्थिति नहीं है। तटवर्ती गांवों में भी लोगों ने काम शुरू कर दिया है। इसलिए अब स्थिति सामान्य है। –नेशपाल, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

## अलापुर कस्बे में आधे घंटे की बारिश से जलमग्न हो गईं सड़कें

संवाददाता, म्याऊ

**अमृत विचार :** रविवार को सुबह से दोपहर तक बदन को झुलसा देने वाली धूप और गर्मी से जनजीवन बेहाल हो गया। उसके बाद आसमान में काले बादल छा गए शाम होते होते तीस मिनट की बारिश ने कस्बा अलापुर सहित आसपास का पूरा इलाका जलमग्न कर दिया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गयी।

रविवार को सुबह से आसमान में सूरज ने आग उगलनी शुरू कर दी। धूप के कारण गर्मी और उमस से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। लोग बाहर निकलने को तरस गए। हर जगह गर्मी से स्थिति बदतर हो गयी। कड़क धूप के बाद दोपहर के बाद शाम तीन बजे से आसमान में काले बादल छा गए।

शाम होते होते बारिश शुरू हो गयी। मात्र आधा घंटा की बारिश ने अलापुर कस्बे को जलमग्न कर दिया। गर्मी से बेहाल लोगों को राहत मिल गयी। ठंडी हवा के साथ शुरू हुयी बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी।



अलापुर में बारिश के बाद सड़कों पर बन गया तालाब।

## तीन माह पूर्व बना नाला टूटा, सड़क पर भरा गंदा पानी, ग्रामीण परेशान

संवाददाता, उसहैत

- ग्रामीणों ने सचिव और प्रधान पर लगाया घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप

**अमृत विचार :** घटिया सामग्री का प्रयोग करते हुए तीन माह पूर्व भुंडी में बनाया गया नाला बारिश में ढह गया। नाली की दीवार ढहने से गांव का पानी आसपास भर गया है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों का आरोप है नाला घटिया सामग्री से बनाया गया था। सीमेंट बहुत कम लगाया गया था रेत से ईटों की चुनाई करायी गयी थी जिससे बारिश के पानी से नाला धंस गया और नाले की दीवार टूट गयी। नाला टूटने से नाले का पानी इधर उधर फैल रहा है। गंदे पानी में मच्छर पैदा हो रहे हैं। पानी भरा होने से लोगों को परेशानी हो रही है। नाले में कूड़ा कचरा व सिल्ट जम गयी है। जिस कारण गांव के पानी की निकासी नहीं होने से घरो का गंदा व दूषित पानी सडक पर बह रहा है।

गंदे पानी से संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका है दूसरी ग्राम पंचायत सिठौली खाम में भी सचिव खालिद ही है। रैपुरा के मजरा गांव दल नगला में भी इन्ही सचिव द्वारा करीब डेढ वर्ष पूर्व पुलिया का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया घटिया सामग्री से बनाई गई थी जो कुछ ही दिनों में ध्वस्त हो गई। जिस कारण आवागमन बंद है। सचिव खालिद का कहना है उक्त निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा कराया गया है। निर्माण कार्यो में ग्राम प्रधान ही सभी कार्य कराते हैं इसलिए वही इसके लिए जिम्मेदार हैं।



टूटी पड़ी नाले की दीवार।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार–बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार–शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमेंशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

## एक नजर

### औरैया एसपी बने आलोक लखनऊ गए सुनील

**बदायूं, अमृत विचार :** सीओ सिटी रहे आलोक मिश्रा को कुछ दिन पहले मिली पदोन्नति के बाद अब उन्हें औरेया का एडिशनल एसपी बनाया गया है। वह नवंबर 2021 से बदायूं में सीओ सिटी पद पर तैनात थे। सीओ बिसौली सुनील कुमार का भी स्थानांतरण हो गया है। उन्हें ईओडब्ल्यू मुख्यालय में पुलिस उपाधीक्षक पद पर भेजा गया है। लखनऊ में सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट पद पर तैनात उमेश चंद्र को बदायूं में पुलिस उपाधीक्षक पद पर भेजा गया है।

### खनन इंस्पेक्टर ने सीज की दो ट्रैक्टर ट्राली

**उघैती, अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र में शनिवार को खनन इंस्पेक्टर ने दो ट्रैक्टर- ट्राली सीज कर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्यवाही की है। थाना पुलिस को सूचना मिलने पर खनन इंस्पेक्टर को मौके पर बुलाया गया था। उन्होंने मिट्टी से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि अवैध खनन करने वाले दो ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दिए गए हैं।

# टेंपो ले गए फाइनेंस कर्मचारी युवक ने फंदा लगाकर दी जान

## किश्त जमा न करने पर तीन दिन पहले टेंपो ले गए थे कर्मी

संवाददाता, विजय नगला

- डेढ़ साल पहले लिया था टेंपो, कई दिनों से नहीं चल रहा था टेंपो


मृतक राहुल।

**अमृत विचार :** फाइनेंस पर लिए गए टेंपो की किश्त जमा न करने पर फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी टेंपो ले गया इससे टेंपो मालिक अवसाद में आ गया। उसने घर के पास बनी पशुशाला में फंदा लगाकर जान दे दी। । पुलिस ने शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की ओर से किसी भी आरोप नहीं लगाया गया है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पलिया झंडा निवासी वीरपाल हरियाणा में रहकर मजदूरी करते हैं। उनका सबसे बड़ा बेटा राहुल टेंपो चलाता था। उसने शनिवार देर शाम अपने घर के पास में पशुशाला में पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

किसी ग्रामीण ने शव देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन कोहराम करते हुए मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां राहुल के परिजनों ने बताया कि राहुल ने लगभग डेढ़ साल पहले फाइनेंस पर टेंपो लिया था। टेंपो न चलने की वजह से वह किस्त जमा नहीं कर पा रहे थे। जिसके चलते फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी तीन दिन पहले उनका टेंपो ले गए थे। जिसके बाद राहुल अवसाद में आ गए थे और घर से कहीं चले गए थे। शनिवार को ही वापस घर लौट रहे थे। खाना खाने के बाद सोने के लिए छत पर चले गए थे। वह किसी समय पशुशाला चले गए और जान दे दी। । प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि युवक का शव फंदे पर मिला था। परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कूड़ा डालने को लेकर हुई मारपीट में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**इस्लामनगर, अमृत विचार:** कूड़ा डाले जाने को लेकर हुए विवाद के मामले में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

कस्बा के मोहल्ला मुरावन निवासी अजय पुत्र जगदीश ने थाने दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसका भाई मनीष 28 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे अपनी जगह में कूड़ा डाल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सनिबाज, रजिअली, शाहरूख, इब्राहिम उसे गन्दी गन्दी गालियां देने लगे। जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया तो उन लोगों ने उसके भाई मनीष के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे लाठी डंडों से पीटा। जिससे उसके अंदरूनी चोटें आई हैं।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त चारों ने उसके भाई और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के भाई ने पुलिस में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एसएसपी ने बदले आठ निरीक्षक और 38 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्थानांतरित थाने व चौकी पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश

**अमृत विचार :** एसएसपी ने आठ निरीक्षक और 38 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। शनिवार शाम स्थानांतरित पुलिसकर्मियों की सूची जारी की गई है। तत्काल अनुपालन करते हुए संबंधित थाने पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

पुलिस लाइन के निरीक्षक सतीश कुमार को मॉनीटरिंग सेल का प्रभारी और मॉनीटरिंग सेल के अजब सिंह को अपराध शाखा भेजा गया है। सुरेंद्र कुमार सागर आइजीआरएस सेल के प्रभारी, अवधेश कुमार जनपदीय अंगुलि चिंह्न इकाई के प्रभारी, गोवंश सुरक्षा सेल के प्रभारी विजय बहादुर सिंह को मूसाझाग थाने का अपराध निरीक्षक बनाया गया है। जनपदीय अंगुलि चिंह्न इकाई के प्रभारी महेंद्र पाल सिंह को कोतवाली बिसौली का अपराध निरीक्षक बने हैं। मनोज कुमार वर्मा एएचटीयू के प्रभारी के साथ ट्रांसजेंडर सेल और अनिल कुमार वीआइपी सेल के साथ गोवंश सुरक्षा सेल में दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आसफपुर चौकी प्रभारी जगवीर सिंह को थाना जरीफनगर नगर और पुलिस लाइन के भूप सिंह को वहां का चौकी प्रभारी बनाया गया। रामगोपाल शर्मा को पुलिस लाइन से वजीरगंज का चौकी प्रभारी बनाया है। बिल्सी कस्बा के चौकी प्रभारी सत्यपाल सिंह को थाना उसहैत, इस्लामनगर थाने के राजदीप सिंह को दहगवां का चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन के अशोक कुमार को बिल्सी चौकी प्रभारी, अली मियां जैदी को नूरपुर पिनौनी चौकी इंचार्ज, सदर कोतवाली के वीर सिंह को मंडी चौकी इंचार्ज और वहां के इंचार्ज चंद्रपाल सिंह को थाना उघैती भेजा। मीराजी चौकी के प्रभारी प्रदीप कुमार को बिसौली, लालपुल के चौकी इंचार्ज को मीराजी चौकी दहगवां के चौकी प्रभारी चमन गिरी को रेहड़िया चौकी, नूरपुर के ओमपाल सिंह को थाना कुंवरगांव स्थानांतरित किया है। इनके अलावा रिसौली चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह को छह सड़का चौकी बिल्सी के विनय कुमार को अब्दुल्लागंज चौकी इंचार्ज, वहां के चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार को रिसौली चौकी इंचार्ज, जवाहरपुरी चौकी इंचार्ज हितेश आजाद को थाना अलापुर, कछला घाट चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह को जवाहरपुरी चौकी, वजीरगंज कस्बा के चौकी इंचार्ज योगराज सिंह को कछला चौकी इंचार्ज बनाकर भेजा गया है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
Rohilkhand Ayurvedic Medical College & Hospital BAREILLY Excellence towards profession
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
X-RAY, ULTRASOUND, BLOOD TEST, ECG
कायचिकित्सा विभाग | शल्यतंत्र विभाग | पंचकर्म विभाग | कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग | शालाक्य तंत्र विभाग | प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग | अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग

# गड्ढे में भरे पानी में मिली बेसुध महिला इलाज के दौरान मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** शाहजहांपुर जिला निवासी महिला गड्ढे के पानी में बेसुध पड़ी मिली। परिजनों ने महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने तार में करंट छोड़ने वाले किसान पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।

थाना कलान क्षेत्र के गांव बाराखुर्द निवासी रजनेश खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। शनिवार रात उनकी पत्नी शारदा (34) खेत पर गई थीं लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने खेत पर जाकर शारदा की तलाश की। एक खेत में की गई तारकशी में करंट छोड़ा गया था। उसी के पास पानी भरे गड्ढे में शारदा पड़ी मिलीं। परिजन शारदा को लेकर चिकित्सक के पास गए। चिकित्सक ने शारदा को रेफर कर दिया। परिजन महिला को लेकर बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने खेत के तार में करंट छोड़ने वाले किसान पर हत्या का आरोप लगाया है।

# संडे बाजार ने सिकोड़ दीं सड़कें, परेशानी

**अतिक्रमण**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर में छुटटी के दिन लगने वाला संडे बाजार लोगों के आफत बन गया है। इस बाजार की वजह से सड़क सिकुड गई है और इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन रेंग रेंग कर चलते हैं। यही वजह है कि इस मार्ग पर जाम में फंसे लोग अफसरों की इस अनदेखी पर उन्हें कोसते हैं। हर रविवार को गांधी मैदान के पास होने वाली जाम की इस स्थिति से हर अफसर और राजनीतिक व्यक्ति भी वाकिफ है लेकिन दोनों ही मौन है और जनता परेशान हो रही है।

शहर के गांधी ग्राउंड में रविवार के दिन बाजार लगता है। जहां सस्ते सामान की खरीदारी की आस में भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। पहले यह बाजार मैदान के अंदर तक सीमित था। परंतु अब इसका विस्तार इतना अधिक हो गया है कि दुकानदार मैदान के चारों ओर मार्ग के फुटपाथ पर फड् लगाकर सामान की बिक्री करते हैं। फुटपाथ पर सजी दुकानों की वजह से रोड संकरा हो जाता है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। सुबह और दोपहर के बाद स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है। खरीदारी करने आने वाले लोगों को वाहन खडा करने तक की जगह नहीं मिलती। ऐसे में लोग वाहनों को रोड पर ही खड़ा कर खरीदारी करने लगते हैं। जिसकी वजह से जाम की स्थिति बन जाती है।


गांधी मैदान में अंदर लगी दुकान से खरीदारी करते लोग।


सड़क पर सजी जूते चप्पल की दुकान। ● अमृत विचार

- गांधी ग्राउंड के आसपास सड़कों पर फड़ लगाकर सामान बेच रहे हैं दुकानदार
- फुटपाथ पर रखा सामान और सड़क पर वाहनों के खड़े होने से बढ़ी दिक्कत

अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्लानिंग की जा रही है। अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस जाएगा। अगर उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा।
**-अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट प्रभारी पालिका ईओ

### शहर के अंदर ऐसे कर रखा है अतिक्रमण

शहर की सड़कों के फुटपाथ पर दुकान, सब्जी बाजार, मकान का बड़ा हिस्सा बढ़ाकर बनाना। दुकान का सारा सामान सड़क पर रखना तथा जगह-जगह पर अवैध वाहन पड़ाव बनाना। होटल, नाश्ता तथा चाय दुकानों का चूल्हा, कुर्सी टेबल सड़क के किनारे रखे जाने से शहर की सड़कें दिन के समय सिकुड जाती हैं। जिसकी वजह से लोगों को शहर के अंदर रोजाना जाम की स्थिति से परेशान होना पड़ता है।

### ठेला खोमचा वालों से होती है वसूली

पुलिस लाइन चौराहा, इंद्रा चौक, मालवीय रोड, गांधी ग्राउंड के आस पास की रोड पर लगने वाले ठेले खोमचे लगाने वालों से स्थानीय ट्रैफिक पुलिस की मौन सहमति से नाश्ते की दुकान सजती है। इसी वजह से अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज खानापूरी होती है। नगर पालिका की ओर से समय समय पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाता है। कुछ दुकानें भी हटाई जाती है, परंतु दूसरे-तीसरे दिन पुन: उसी स्थान पर दुकानदार अपनी दुकान सजा लेते हैं।

# सीमेंट की खराब गुणवत्ता से टपकने लगी छत, शिकायत पर मारपीट

संवाददाता, विजय नगला

- पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु की

**अमृत विचार:** खराब गुणवत्ता की सीमेंट देने की शिकायत पर दुकानदार ने ग्राहक के घर जाकर गाली गलौज की और उसकी पत्नी के साथ अभद्रता करते हुए जमीन पर गिरा दिया। घर में मचे शोर को सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए तो दुकानदार जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मामले की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली है।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव की प्रधान के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद दूसरे पक्ष के सुरेश चंद्र गुप्ता पुत्र विष्णु गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने विद्याराम टेड्रर्स नाम से सरिया और सीमेंट की दुकान से वर्ष 2022 में सीमेंट और सरिया खरीदा था। आरोप है कि सीमेंट की गुणवत्ता खराब होने से उनके घर के लिंटर में दरार आ गईं। इससे छत टपकने लगी। इसके लिए उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से दुकान संचालक को नोटिस भिजवाया। दुकानदार ने कोई जवाब नहीं दिया तो सुरेश चंद्र ने एसएसपी से शिकायत की थी। जिसके बाद दुकानदार उन पर गुस्सा गया। 29 अगस्त की सुबह लगभग 9 बजे वह सुरेश चंद्र के घर पर आ गया और गाली-गलौज शुरू कर दी। उनकी पत्नी से अभद्रता की। धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग एकत्र हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### महिला को लेकर फरार हुआ युवक

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** इस्लामनगर के मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया की तीन अगस्त को वह घर पर नहीं था। तभी उसकी पत्नी को लेकर एक गैर समुदाय का व्यक्ति फरार हो गया। पति ने अपनी पत्नी को काफी जगह तलाश किया लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल सका। पति की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने कस्बा के मोहल्ला कुरैशियान निवासी छतुआ उर्फ छोटा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### कक्षा नौ की छात्रा को युवक लेकर फरार

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक कक्षा 9 में पढ़ने वाली 16 साल की किशोरी को लेकर फरार हो गया। किशोरी के पिता ने थाने तहरीर दी उसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट कर ली है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया की वह दिल्ली में रहकर काम करता था। 30 अगस्त को गांव का एक युवक उनकी बेटी को लेकर फरार हो गया। थाने गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# बिनावर पुलिस पर दुष्कर्म के आरोपी से समझौता कराने का आरोप

संवाददाता, विजय नगला

- पीड़िता के पिता ने एडीजी से की थी शिकायत, पुलिस ने दर्ज की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** एक युवक गांव की किशोरी का अपहरण करके ले गया। उसे बंधक बनाकर एक कमरे में रखा और दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और उससे समझौता करा दिया। एसएसपी ने जांच शुरू कराई है।


थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एडीजी से शिकायत करके बताया था कि 9 अगस्त को उनके गांव में रहने वाला हरीश उनकी 17 साल की बेटी का अपहरण करके ले गया था। उनकी बेटी परिवहन निगम के डिपो पर 13 अगस्त को मिली थी। बेटी ने बताया कि हरीश ने उसे गांव बल्लिया में चार दिन तक बंधक बनाकरउसके साथ गलत काम किया। एडीजी के आदेश पर बिनावर पुलिस ने 31 अगस्त को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़िता के पिता का आरोप है कि पुलिस ने थाने में आरोपी को उनके सामने बैठाकर समझौता करा दिया और छोड़ दिया। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज नहीं किए और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक केके शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी की तबीयत खराब होने की वजह से उसके बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं। आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है।

# थानाध्यक्ष, तीन सिपाही समेत पांच लोगों के खिलाफ परिवाद दायर

**बदायूं, अमृत विचार :** युवक से बाइक और 40 हजार रुपये लूटने और पुलिस चौकी पर बंधक बनाकर बनाकर पीटने के मामले में पीड़ित ने उसावां थानाध्यक्ष, तीन सिपाही और एक अज्ञात के खिलाफ परिवाद दायर किया है। कोर्ट ने पुलिस को नोटिस जारी किया।

थाना उसावां क्षेत्र के गांव गौंतरा पट्टी भौनी निवासी सौरभ कुमार ने अधिवक्ता के माध्यम से परिवाद दायर करके बताया कि 21 अगस्त की शाम वह अपने गांव से आढ़त जाने के लिए घर से निकले थे। गांव अहमदगढी के पास उसावां थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह, तीन सिपाही दीपक, सुंदर सिंह, पवन सिंह और एक अज्ञात ने उनकी बाइक के आगे अपनी कार लगा दी। आरोप है कि उन्हें गाड़ी में डालकर हड़ौरा पुलिस चौकी ले गए। वहां सौरभ को जमकर पीटा और बाइक व उनके पास रखे 40 हजार रुपये भी छीन लिए। सूचना पर परिजन पुलिस चौकी पहुंचे और विरोध किया। पुलिस ने सौरभ को अगले दिन थाने से छोड़ा था लेकिन रूपये वापस नहीं किये। थाने से आने के बाद सौरभ का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसमें चोट की पुष्टि हुई। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है। एसपी सिटी से जांच कराई जा रही है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मो. यासीन और पुत्रवधू राजवी उर्फ रजिया को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। उसका मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।
**जुबेदा बेगम पत्नी छोटे बक्श निवासी मोहल्ला रजागंज वार्ड नं0 23 तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Vikas Agarwal से बदलकर Vikash Agarwal पुत्र Arun Kumar Agarwal निवासी मोहल्ला मिर्धान निकट बाला जी एजेन्सी, राम लीला ग्राउंड के सामने, फरीदपुर बरेली कर लिया है। भविष्य में इसी नये नाम का प्रयोग करूंगा।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## तीन साल पहले घर के हालात ठीक नहीं थे, समूह से जुड़कर बनीं आत्मनिर्भर

# गरीबी में गुजारा जीवन, आज लोहा मानते हैं डीएम और सीडीओ

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** अब महिलाओं की पहचान आत्मनिर्भर बन रही है। वह परिवार का भरण पोषण करने के साथ अपना व्यवसाय भी बखूबी कर रही है। ऐसी कहानी है म्याऊं ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुकटिया निवासी महिला की। तीन साल पूर्व गरीबी में जीवन यापन करने वाली मीना की अलग पहचान बन चुकी हैं। उनके द्वारा बनाई जाने वाली दूध की लॉज के दीवाने क्षेत्र के लोग ही नहीं, सीडीओ और डीएम तक हो चुके हैं। त्योहार पर अधिकारी मीना के हाथों बनी मिठाई खाना पसंद करते हैं। त्योहारी सीजन उनकी लौंज अधिक डिमांड रहती है। इस दौरान



घर में खोली दुकान में मिठाई की बिक्री करतीa मीना।

10 से 15 महिलाओं को रोजगार देकर अपनी देखरेख में मिठाई तैयार कराती हैं। जिसे जिले सहित अन्य जनपदों में सप्लाई करती हैं।

मीना बताती हैं कि अब से तीन साल पूर्व उनके घर के हालात काफी खराब थे। उनके पति राकेश दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों में नौकरी करने चले जाते थे। घर पर परिवार के साथ रहकर परिवार का गुजारा करते थे।

मीना ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली की उन्हें आजीविका मिशन विभाग की ओर से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। यहां पहुंचकर उन्होंने 15 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। पति के दिल्ली से लौटने के बाद गांव में मिठाई की दुकान खोल ली। शुरू में दुकान पर गिने चुने लोग ही मिठाई खरीदने आते थे। धीरे धीरे लोगों को दूध से बनी लौज पसंद आने लगी। जिसकी डिमांड बढ़ गई। जिसकी चर्चा किसी ने सीडीओ केशव कुमार से की। जानकारी पर उन्होंने मिठाई मंगाई। उन्हें भी दूध से बनी लॉज अधिक पसंद आई। उन्होंने मिठाई को तत्कालीन डीएम मनोज कुमार भी खिलाया। उच्चाधिकारियों ने मिठाई की काफी तारीफ की गई। अब यह अधिकारी हर त्योहार पर दूध से बनी लॉज उनकी ही दुकान से मंगवाते हैं। अब डिमांड इतनी अधिक हो गई है। कि इसकी सप्लाई जनपद शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद और जनपद में हो रही है। त्योहारी सीजन में डिमांड अधिक होने पर अन्य महिलाओं को दिहाड़ी पर रखकर मिठाई तैयार कराती हैं।

- दूध से बनाई लौंज, छोटी सी दुकान खोलकर परिवार का बनीं सहारा
- त्योहारी सीजन में आसपास के जिलों में लौंज सप्लाई करने लगीa मीना

### हर माह होती है 20 से 25 हजार की आमदनी

मीना ने बताया कि हर माह मिठाई से 20 से 25 हजार रुपये की आमदनी होती है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। अब उनके पति भी दिल्ली या हरियाणा राज्यों में नौकरी करने नहीं जाते। घर पर ही दुकान का संचालन भी करते हैं।

# दो करोड़ से स्कूलों में खरीदेंगे स्टील के बर्तन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिषदीय स्कूलों में स्टील के बर्तनों में बनेगा मध्याह्न भोजन, बजट जारी
- स्टील के बर्तनों की खरीदारी को शासन ने विभाग को जारी किया बजट

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में अब एल्यूमीनियम के बर्तनों की जगह स्टील के बर्तनों पर मिड डे मील बनाया जाएगा। इसके लिए जिले को दो करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। परिषदीय स्कूलों में स्टील के बर्तन बच्चों की संख्या के आधार पर खरीदे जाएंगे।

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 3.42 लाख से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। इन स्कूलों में मिड डे मील एल्यूमीनियम बर्तनों में बनाया जाता है। प्रदेश सरकार का मानना है कि एल्यूमीनियम के बर्तनों में खाना बनाने से बच्चों की सेहत पर विपरीत असर पड़ता है। उनमें आयरन और कैल्सियम की कमी हो जाती है।

ऐसी आशंका व्यक्त करते हुए शासन की ओर से परिषदीय स्कूलों में एमडीएम अब स्टील के बर्तनों में बनाने का आदेश जारी किया है। साथ ही बर्तनों की खरीद के लिए करीब दो करोड़ रुपये का बजट भी जारी किया है। साथ आदेश में कहा गया है कि बर्तन बच्चों की संख्या के आधार पर किया जाए।

### छात्र संख्या के आधार पर भेजी जाएगी धनराशि

डीसी मध्याह्न भोजन हिना खान ने बताया कि एक से 40 छात्र संख्या वाले 245 स्कूलों को प्रति स्कूल बर्तन खरीदने के लिए दस हजार रुपये, 51 से 150 नामांकन वाले 690 स्कूलों को प्रति स्कूल 45 हजार रुपये, 151 से 250 नामांकन वाले 135 स्कूलों के खाते में प्रति स्कूल 20 हजार रुपये भेजे जाएंगे। 251 से अधिक नामांकन वाले 55 स्कूलों में प्रति स्कूल 25 हजार रुपये खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे।

> परिषदीय स्कूलों में स्टील के बर्तन खरीदने के लिए करीब दो करोड़ का बजट मिला है। स्कूलों के खाते में बर्तन खरीदने के लिए धनराशि जल्द भेजी जाएगी। बर्तनों की खरीदारी नियमानुसार होगी।
>
> –वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

## एक नजर

### चेन स्नेचिंग करते हुए पकड़ा गया युवक

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र में एक युवक ने चेन स्नेचिंग का प्रयास किया। अपने प्रयास में युवक सफल नहीं हो पाया और स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। लोगों ने ही उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी युवक ने अपना नाम कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव बढ़नौमी निवासी विकास पुत्र भोले सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया है।

### सड़क पर गोवंश से टक्कर, युवक की मौत

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बुटला के पास सड़क पर अचानक गोवंश आने से बाइक सवार युवक की बाइक असंतुलित हो कर गोवंश से टकरा गई। बाइक की रफ्तार तेज थी और वह संभल नहीं पाया। इससे तेज टक्कर लगने से युवक की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की जेब से मिलने आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त बिल्सी क्षेत्र के गांव शहजादनगर खेड़ा निवासी लालता प्रसाद मौर्य उर्फ लकी पुत्र दयाराम के रूप में शिनाख्त करके उसके परिजनों को सूचित किया गया। परिजन मौके पर पहुंचे। बताया कि युवक अपनी पत्नी को बुलाने के लिए जिला कासगंज क्षेत्र के गांव शहबाजपुर जा रहा था। रास्ते में हादसा हो गया।

# धन्यवाद डीएम साहब : बसों का बदला रूट तो आवागमन में आसानी

## बाहर से आने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसों के लिए शहर में लागू हुआ रूट डायवर्जन, नहीं लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर में रविवार से रूट डायवर्जन लागू हो गया। बाहर से आने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसों को बदले हुए रूट से शहर में प्रवेश कराया गया। सड़क पर खड़ी होने वाली बाहरी डिपो की बसों को बस स्टैंड परिसर में खड़ा कराया गया। इस दौरान बाहरी डिपो के बसों चालक -परिचालकों के साथ कर्मचारियों की नोकझोंक भी हुई। यातायात व्यवस्था में परिवर्तन होने पर शहर में कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनी। आसानी से वाहनों का आवागमन हुआ। पहली बार यातायात व्यवस्था में सुधार होने पर स्थानीय लोग डीएम को धन्यवाद कहते नजर आए। बोले डीएम के एक आदेश पर व्यवस्था में परिवर्तन हो गया। यह स्थिति हर रोज बनी रहे तो बेहतर होगा।

शहर की यातायात व्यवस्था और जाम से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने डीएम को जिम्मेदारी दी थी। इसी के बाद डीएम ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को बुलाकर जाम की स्थिति से निटपने को रुट डायवर्जन प्लान लागू करने के आदेश दिए थे। डीएम के आदेश का असर रविवार को देखने को मिला। बाहरी और स्थानीय डिपो के साथ प्राइवेट बसों को पटेल चौक से ही शहर के अंदर प्रवेश और इसी रूट से गंतव्य को रवाना किया गया। बदले हुए डायवर्जन प्लान को लागू करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा चौराहों पर जगह जगह बैरियर लगाए गए। रोडवेज कर्मचारियों ने बाहर से आने वाली बसों को सड़क पर खड़ा करने के बजाए उन्हें बस स्टैंड परिसर में खड़ा कराया। इस दौरान बाहरी डिपो की बसों के चालक और परिचालकों के बीच नोंकझोंक भी हुई। सड़क पर बस खड़ी नहीं होनेसे जाम की स्थिति नहीं बनी और इसका असर शहर के अन्य मार्गों पर भी पड़ा वहां भी जाम की स्थिति नहीं बनने पाई। जिन लोगों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ता था वह डीएम को धन्यवाद देते हुए दिखाई दिए। बोले डीएम के एक आदेश पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बदल गई। यह व्यवस्था ऐसी ही बने रहे तो लोगों को जाम की समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा।



डिपो की ओर रोडवेज बस को भेजता यातायात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



डिपो के अंदर खड़ी स्थानीय और बाहरी डिपो की रोडवेज बसें। ● अमृत विचार

### सड़क पर खड़ी होती थीं बाहरी डिपो की बसें

बदायूं से नोएडा, गाजियाबाद, साहिबाबाद, अलीगढ़, आगरा डिपो की करीब तीन सौ से अधिक बसों का संचालन होता है। बस स्टैंड पर आने के बाद बाहरी डिपो के चालक परिचालक बसों को रोड पर ही खड़ा कर लिया करते थे। जिसकी वजह से रोडवेज चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रही थी। ऐसा ही हाल पुलिस लाइन चौराहे से लालपुल तक रहता था। बाहरी डिपो के चालक परिचालक अपनी मनमानी पर उतारू रहते थे। परंतु डीएम के आदेश के बाद बदायूं डिपो के कर्मचारियों के आगे बाहरी डिपो के चालक परिचालकों की एक न चली। बसों को बस स्टैंड परिसर में ही खड़ा कराया गया।

- डिपो परिसर में बाहरी डिपो की बसें खड़ी होने पर चालकों में हुई नोकझोंक



सड़क पर खड़ी बस को परिसर में भेजता यातायात पुलिसकर्मी



बाहरी डिपो बस के चालक परिचालकों के साथ रोडवेज कर्मचारियों की होती नोंकझोंक।

## पौधों को लगाने के बाद उनका पालन पोषण भी जरूरी

**बिल्सी ,अमृत विचार :** अरिहन्त वृक्षारोपण समिति की मासिक बैठक बिसौली रोड स्थित पदमांचल जैन मंदिर पर संस्थापक प्रशान्त जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने एक-एक पौधा भी लगाया। संस्थापक जैन ने कहा कि लोग पौधारोपण तो कर लेते हैं उसके बाद उसकी देखभाल नहीं करते ऐसी स्थिति में पौधा सूख जाता है, और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पाती। इसलिए सभी लोगों को चाहिए कि वह लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी के साथ नियमित सिंचाई भी करें। समिति प्रदेशाध्यक्ष विष्णु असावा ने कहा कि कई बार मौसम परिवर्तन के समय में पेड़-पौधे तक झुलस जाते हैं। बोले कि आपने अक्सर देखा होगा कि घरों में गमलों में लगे पौधों को इस मौसम में यदि कुछ दिन लगातार पानी न दिया जाए तो वह मर जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पौधों को बचाने के लिए उन्हें लगातार पानी दिया जाए। जिला प्रमुख अनुज शर्मा ने कहा कि जब बाहर तेज झुलसाने वाली गर्मी हो तो अपने घरों में आंतरिक सज्जा के रूप में कुछ पौधे रख सकते हैं। वह आपको स्वच्छता और हरियाली का एहसास कराते हैं। इस मौके पर संरक्षक मृगांक कुमार जैन उर्फ टीटू, देव ठाकुर, गुरु शर्मा, गिरीश शर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सफाई कर्मियों पर हमले के विरोध में वाल्मीकि समाज ने किया प्रदर्शन



कोतवाली के बाहर प्रदर्शन करते वाल्मीकि समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** सफाई का कार्य करके लौट रहे सफाई कर्मियों के साथ मारपीट की गई। जिससे सफाई कर्मी घायल हो गये। तहरीर पुलिस को देने के बाद कार्यवाही नहीं करने से नाराज़ वाल्मीकि समाज के लोगों ने कोतवाली के बाहर प्रदर्शन किया

शनिवार दोपहर सागर, राज, मनीष, गगन तहसील क्षेत्र के गांव नागपुर से सफाई का कार्य करके घर लौट रहे थे। तभी बिसौली के सोमवार बाजार पहुंचते ही जसवंत, प्रेम, शिवा, नारायण ने उन पर हमला कर दिया। जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे रविवार सुबह आक्रोशित वाल्मीकि समाज के लोग कोतवाली पहुंच गए, और आरोपियों पर कार्यवाही के लिए प्रदर्शन करने लगे।। वाल्मीकि समाज द्वारा प्रदर्शन करने के बाद पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया।

# कांग्रेस संगठन की न्याय पंचायत स्तर पर होंगी बैठकें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी नेताओं ने सक्रियता दिखा दी है। हर माह न्याय पंचायत स्तर पर बैठक करने के लिए तिथि भी तय कर दी गई है। पार्टी कार्यालय पर रविवार को हुई बैठक में ब्लाक से लेकर न्याय पंचायत स्तर पर होने वाली बैठकों की तिथि की घोषणा करके संगठन में सक्रियता लाने का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। बैठक में मीडिया के माध्यम से दिये गये जिला उपाध्यक्ष के इस्तीफे को भी मंजूर कर लिया गया है।

रविवार को परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव जितेंद्र कश्यप ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि ब्लॉक कांग्रेस की बैठक प्रत्येक माह की 10 तारीख को, नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रत्येक 20 तारीख को, एवं न्याय पंचायत कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रत्येक 25 तारीख को की जाएगी। बैठक में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता प्रदीप सिंह द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए इस्तीफे को स्वीकार किया गया। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति संगठन को तीन दिन का समय नहीं दे सकता उसे पद पर रहने का अधिकार नहीं है। जिस किसी के पास संगठन के लिए समय नहीं है वह स्वेच्छा से अपना पद छोड़ कर दूसरे को मौका दे। बैठक में इस्लामनगर की नगराध्यक्ष यूनुस सकलैनी ने कहा कि नगर में अस्पताल पर काफी असुविधाएं हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 6 सितम्बर को कांग्रेस इस्लामनगर अस्पताल को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देगी और अस्पताल की असुविधाओं को दुरुस्त कराने की मांग की जाएगी। प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि संगठन एवं पार्टी के प्रति जिम्मेदारी को समझना है। मुन्ना लाल सागर व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष असरार अहमद ने कहा कि जिस तरह कुछ दिन से कुछ लोग असामाजिक तत्वों द्वारा संगठन में अनुशासन हीनता की जा रही है। उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बैठक में आतिफ खान जख्मी, वीरेश तोमर, सोमेंद्र यादव ने भी विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर ने किया, बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष व फ्रंटल प्रकोष्ठ के अध्यक्षों ने संगठन को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर इखलास हुसैन, मिना शाक्य, कुमकुम शाक्य, जगदीश सागर, यूनुस अली, सूरजपाल सिंह सोलंकी, सोनपाल सिंह, अहसन अली आदि मौजूद रहे।




बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह। ● अमृत विचार

- जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह का इस्तीफा मंजूर, अन्य को भी दी नसीहत

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाई गई कान्हा की छठी



**उसहैत ,अमृत विचार :** कस्बे में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद कान्हा की छठी भी धूमधाम से मनायी गयी। विभिन्न मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद शनिवार को मेन बाजार व रामलीला ग्राउंड में कान्हा की छठी का आयोजन किया गया। भक्तों ने भंडारे के आयोजन किये, भूखे प्यासों को कड़ी चावल खिलाया। रात भर राधा कृष्ण के भजन पर भक्त झूमते रहे। आकर्षक झांकियां निकाली गई। दूरदराज से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण लीलाओं का मंचन किया। इस पर्व पर कस्बे में खासी भीड़ रही। छठी पर्व पर घरों में भी भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया।

### चांद पर पहुंच गए, धरती पर रहना नहीं आया



**बिल्सी,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी में प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग व सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने लोक कल्याण की भावना से यज्ञ में आहुतियां दीं। इसके बाद आचार्य संजीव रूप ने कहा संसार शांति चाहता है। संघर्ष का परिणाम शांति होना चाहिए। विज्ञान ने तो खूब तरक्की की है, हम चांद तारों तक पहुंच गए लेकिन धरती पर कैसे रहना यह हम नहीं सीख पाए। आज का मनुष्य भोगों की अंधी दौड़ में बेतहाशा दौड़ता चला जा रहा है। मानवीय मूल्य खत्म हो चुके हैं। भारत शांति की पहल कर रहा है जो सराहनीय है। हमें अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही शांति प्राप्त हो सकती है, तृप्ति शास्त्री, मोना आर्य, ईशा आर्य वेद पाठ किया तथा सुंदर भजन गाए। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### दो होमगार्ड सेवानिवृत्त, माल्यार्पण करके दी विदाई




**ओरछी ,अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा में तैनात गांव दावरी निवासी होमगार्ड वेदप्रकाश शर्मा और मीरपुर निवासी त्रिवेणी सेवानिवृत्त हो गए हैं। रविवार को थाने में विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने दोनों की ईमानदारी और कार्यशैली की प्रशंसा की। दोनों होमगार्ड का शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण करके विदा किया गया। होमगार्ड कंपनी के कमांडर अवनीश शर्मा भी दोनों को विदाई दी। उपनिरीक्षक कविराज सिंह, हेड मुहर्रिर राकेश कुमार, सचिन चौधरी, होमगार्ड मोतीराम यादव, प्रदीप शर्मा, कमल सिंह, शीश पाल यादव आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को भाजपा से जोड़ने का अभियान आज से

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के लिए भाजपा किसान मोर्चा की कार्यशाला पार्टी कार्यालय पर हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। उसी दिन भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी 75 लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का संकल्प पूरा करेंगे। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा सदस्यता अभियान के माध्यम से किसानों से संपर्क व संवाद कर उन्हें पार्टी के समर्थन में लाएगा। मोर्चा ने यह तय किया कि जिले में 30 मंडल हैं। इनमें प्रत्येक मंडल में न्यूनतम 1100 सदस्य बनाए जाएंगे।

जिला महामंत्री भाजपा सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा किसानों के उत्थान के लिये दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरी निष्ठा से काम कर रही है।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष केशव चौहान ने कहा कि यह भाजपा का व्यापक जनसंपर्क अभियान है। इसमें किसान मोर्चा के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर अधिकतम किसानों को पार्टी का सदस्य बनायें और उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ें। कार्यक्रम मेंम मंडल वार पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटी। इस मौके पर क्षेत्रीय सदस्य दीपक गुप्ता, नत्थूलाल वर्मा, सुनील गुप्ता, योगेश शर्मा, महावीर राठौर, अतुल गुप्ता, योगेश मौर्य, अनिल भरद्वाज, पवन मिश्रा, शेर सिंह मौर्य, लव रस्तोगी, उमेश शर्मा, अनमोल कटिया कैलाश भारती, दीपक मिश्रा, हरिओम कोरी, देवेंद्र पाठक, योगेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।




कार्यशाला को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।

## दुकान खाली कराने को तोड़फोड़, सीसीटीवी में कैद

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मीरा सराय निवासी लाल बहादुर ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि वह मीरा सराय स्थित दुर्गा मंदिर के पास किराए पर दुकान चलाते हैं। जहां वह मिठाई बेचते हैं। किराए को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन है। 30 अगस्त को मामले की तारीख लगी थी। वह तारीख करने के लिए अपनी पत्नी संतोष और बेटी काजल के साथ आए थे। उनके पड़ोस में रहने वाले लोग दुकान पर पहुंचे। दुकान में तोड़फोड़ की। आरोप है कि वह लोग रुपये लूटकर भाग गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। आरोपी कैमरे की डीबीआर भी साथ ले गए। शिकायत करने पर पुलिस ने सुनवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मामला एक मंदिर परिसर की दुकान का है।

# यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहीं डग्गामार स्लीपर बसें

संवाददाता, फैजगंज बेहटा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक अवैध स्लीपर बसों का संचालन हो रहा है। यह बसों दूसरे प्रांतों के लिए यात्रियों को लेकर दौड़ रही हैं। जिससे उनकी जान को हमेशा खतरा बना रहता है। बसों का संचालन पुलिस की सरपरस्ती में हो रहा है। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है।

थाना क्षेत्र से इन बसों का संचालन, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब और बिहार तथा हिमाचल प्रांतों के लिए हो रहा है। बिना परमिट दौड़ रही बसों में यात्रियों के साथ बदसलूकी की घटनाएं सामने आती हैं। बस संचालक यात्रियों को बसों की छतों पर भी बैठाकर संचालन करते हैं।




सवारी भरी स्लीपर बस। ● अमृत विचार

- पुलिस के सहयोग हो रहा स्लीपर बसों का संचालन

### आज का मौसम

मौसम सामान्य रहने का अनुमान है

| 32.0° | 29.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 5 :55 | सूर्यास्त 6 :35 |

### शहर में आज

- सोमवती अमावस्या के अवसर पर गंगा स्नान सुबह चार बजे से।
- सोरों हरपदीय गंगा कुंड पर मां गंगा की माहआरती शाम 6 :30 बजे से।
- गोरहा स्थित कलावती नर्सिंग कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम सुबह दस बजे से।
- कासगंज नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान सुबह 10 बजे।

### एक नजर

#### झोलाछाप चला रहे अवैध क्लीनिक व अस्पताल

**अमांपुर।** कस्बे में अपंजीकृत हास्पिटल, क्लीनिक और पैथोलॉजी की बाढ़ सी आ गई है। जगह-जगह खुले अवैध हास्पिटल, क्लीनिक पर झोलाछाप उपचार कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से यह धंधा चल रहा है। झोलाछाप के इशारे पर अपंजीकृत पैथोलॉजी संचालक मरीजों की प्लेटलेट्स कम दर्शाकर डेंगू बता देते है। इसी आधार पर झोलाछाप एक सप्ताह से लेकर दस दिन तक मरीज का उपचार करते हैं। अमांपुर में अवैध अस्पताल, पैथोलॉजी, क्लीनिक की संख्या दर्जनों में है। पिछले दो महीने में लगभग आधा दर्जन अवैध नए हास्पिटल खुल गए है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपंजीकृत क्लीनिक और पैथोलॉजी को नोटिस देकर खाना पूर्ति कर देता है। कस्बे के सहावर रोड, मोहनपुर रोड, सिढ़पुरा रोड, एटा-कासगंज रोड पर खुलेआम अपंजीकृत क्लीनिक, हास्पिटल और पैथोलॉजी संचालित हैं। जहां हाईस्कूल, इंटर पास अप्रशिक्षित झोलाछाप उपचार कर रहे हैं।

#### कासगंज से लापता दोनों बच्चे फर्रुखाबाद में मिले

**कासगंज।** जिले के थाना सहावर पुलिस ने घर से लापता हुए दो बच्चों को तलाश करने में सफलता हासिल की है। शनिवार 31 अगस्त को गांव कनोई निवासी महिला राधा ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। उसने बताया कि उनका 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन और गांव का 15 वर्षीय दिनेश घर से बिना बताए चले गए है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर फर्रुखाबाद के शमसाबाद रेलवे स्टेशन से दोनों बच्चों को बरामद कर लिया है। दोनों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इससे दोनों परिवारों में खुशियां लौट आईं

# जान जोखिम में डालकर रेलवे फाटक पार करते हैं छात्र

## अहरौली क्रासिंग पर अक्सर लगने वाले जाम से राहगीर बेहद परेशान, धीमी गति से चल रहा अंडरपास निर्माण का कार्य

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अहरौली रेलवे फाटक पर अक्सर जाम लग जाता है, जिस कारण इधर से गुजरने वाले राहगीर बेहद परेशान रहते हैं। स्कूल जाने की जल्दी में छात्र-छात्राएं अपनी जान जोखिम में डाल कर रेलवे फाटक पार करते हैं। कासगंज-मथुरा रेलवे लाइन के अहरौली फाटक पर अंडरपास का निर्माण चल रहा है, लेकिन कार्य की गति काफी धीमी है।

रेलवे जंक्शन से जुड़ी अहरौली रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ने अंडरपास का निर्माण शुरू कराया था। इसके लिए खुदाई शुरू कर दी गई थी। इस अंडरपास का निर्माण होने पर शहर से जुड़े तमाम इलाकों के लोगों को सुविधा होगी। लोग मिशन चौराहे से सीधे रेलवे अंडरपास से होकर गल्ला मंडी की ओर जा सकेंगे। इससे चार किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। इसके अलावा करीब डेढ़ दर्जन गांवों का रास्ता आसान हो जाएगा। लोग इस अंडरपास के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से बेहद खुश थे, लेकिन अब काम अधर में लटका है।

पिछले कई सालों से अहरौली रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास या ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही थी। इस पर रेलवे ने यहां अंडरपास निर्माण के लिए मंजूरी दे दी। यहां करीब आठ करोड़ रुपये की लागत से अंडरपास का निर्माण होना है। इस अंडरपास की ऊंचाई करीब साढ़े चार मीटर और चौड़ाई साढ़े पांच मीटर होगी। अंडरपास का निर्माण जून तक पूरा होने का लक्ष्य था। कार्यदायी संस्था निर्माण कार्य में तेजी से जुटी है।

कासगंज-मथुरा-कानपुर एवं बरेली रेलमार्ग पर शहर में अहरौली, सहावर गेट, अमांपुर रोड इलाकों में रेलवे क्रॉसिंग है। जहां दिन में कई बार फाटक बंद होने के कारण जाम के हालात बन जाते हैं। रेल पथ को पार करने के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ता था। अहरौली पर अंडरपास बनने से लोगों को सहूलियत मिलेगी और लोग इस अंडरपास से होकर आसानी से निकल सकेंगे। सबसे बड़ा लाभ गल्ला मंडी के लोगों को होगा। इसके अलावा अमांपुर की ओर से आने वाले लोग शहर में आसानी से आ सकेंगे।



कासगंज-मथुरा रेलवे लाइन के अहरौली फाटक पर जान जोखिम में डालकर निकलते छात्र। ● अमृत विचार



रेलवे फाटक बंद होने पर दोनों ओर लगीं वाहनों की लाइनें। ● अमृत विचार

> कासगंज-मथुरा ट्रैक के अहरौली फाटक पर अंडर पास का निर्माण कराया जा रहा है। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर विस्तृत जानकारी लेंगे कि काम की क्या प्रगति है। यह मामला उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप का है।
>
> **- मनोज शर्मा,** स्टेशन अधीक्षक

# रेलवे के अलग-अलग विभागों ने नुकसान को लेकर तैयार की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **शनिवार को पिकअप की टक्कर से टूटा था रेलवे फाटक का बूम, प्रभावित रहा संचालन**

**अमृत विचार:** कासगंज-कानपुर ट्रैक पर शनिवार दोपहर को हुए हादसे को लेकर रेलवे के अलग-अलग विभागों ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार की है। संचालन को लेकर अंतिम रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद वाहन स्वामी से राजस्व वसूली की जाएगी।

शनिवार दोपहर 2:45 बजे कासगंज-कानपुर ट्रैक पर बढारी कला के बंद फाटक में पिकअप ने टक्कर मार दी थी। इससे बूम टूट कर इलेक्ट्रिक तार पर जा गिरा, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। ट्रेनों का संचालन थम गया। कड़ी मशक्त के बाद रेलवे ने संचालन व्यवस्था सुचारू किया। नुकसान की रिपोर्ट तैयार की गई। सिग्नल और विद्युत विभाग ने अपने नुकसान की रिपोर्ट दे दी है, जबकि ट्रेनों के संचालन को लेकर हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

**लेना पड़ा दूसरे स्टेशन का सहारा**

कासगंज मेंविद्युत तार टूटने से रेलवे यातायात संचालन प्रभावित हो गया, तो बदायूं और कंपिल स्टेशन के ट्रेक्शन सब स्टेशन का सहारा कासगंज के अधिकारियों को लेना पड़ा। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि दूसरे स्टेशन का सहारा लेने के बाद यातायात व्यवस्थित हुआ।

#### जांच रिपोर्ट के अनुसार हुआ नुकसान

- 24 हजार रुपये का नुकसान रेलवे के विद्युत विभाग को हुआ।
- 35 हजार रुपये का नुकसान सिग्नल विभाग को हुआ।
- 03 तीन लाख रुपए का नुकसान ट्रेन संचालन को लेकर है।

#### परिवहन विभाग से मांगा सहयोग

रेलवे ने परिवहन विभाग का भी सहयोग मांगा है। सहायक संभागीय अधिकारी को पत्र भेजकर वाहन स्वामी की विस्तृत जानकारी मांगी है। जिससे रेलवे राजस्व की वसूली कर सके।

> पिकअप वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है। परिवहन विभाग से सहयोग लेकर वाहन स्वामी की तलाश कर रहे हैं।
>
> **-आरपी सिंह,** प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल

> हमने अपनी रिपोर्ट भेज दी है। लगभग 24 हजार रुपए का नुकसान विद्युत विभाग को हुआ है। अन्य विभाग भी अपने नुकसान की रिपोर्ट दे रहे हैं। **-यशपाल मीणा,** यातायात संचालन व्यवस्थापक



रेलमंत्री को मांग पत्र सौंपते सपा सांसद देवेश शाक्य।

# ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलमंत्री से मिले सांसद, मांग पत्र सौंपा

**कासगंज, अमृत विचार:** एटा-कासगंज सांसद देवेश शाक्य ने शहर के अमांपुर रोड एवं सहावर गेट रेलवे क्रासिंग पर ओबरब्रिज न होने से लोगों को हो रही समस्याओं को रेल मंत्री के समक्ष रखा। इस मामले में सांसद ने शुक्रवार को रेल मंत्री से मिलकर उन्हें एक मांगपत्र दिया है। रेल मंत्री ने मांगों को लेकर सांसद को आश्वस्त किया है।

सांसद देवेश शाक्य ने शुक्रवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि कासगंज में अमांपुर रोड पर बरेली और कानपुर के लिए दो रेल लाइनें है। यहां ट्रेनों के आवागमन के समय रेलवे फाटक बंद रहने पर स्थानीय लोगों, गल्ला व्यापारियों और छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कारण वर्षों से लोग परेशान है। दोनों रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाकर लोगों की समस्या का निराकरण कराया जाए। सांसद ने इटावा में रेलवे द्वारा बनाए गए अंडर पास में होने वाले जलभराव के निराकरण की भी मांग की है।सांसद देवेश शाक्य ने बताया कि रेल मंत्री ने मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया।

# ट्यूशन पढ़ने जा रहे छात्र को बाइक सवारों ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **पिता ने छह आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर**
- **एनएसयूआई ने दी आंदोलन की चेतावनी**

**अमृत विचार:** ट्यूशन पढ़ने जा रहे छात्र को बाइक सवार युवकों ने रास्ते में रोका और मारपीट की। छात्र को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता ने तीन नामजद सहित छह के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। एनएसयूआई ने कार्रवाई न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शहर के सहावर गेट निवासी धर्म सुंदर स्कूटी पर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में मालगोदाम रोड पर उसे बाइक पर सवार होकर आए छह लोगों ने रोक लिया और मारपीट की। इससे छात्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल छात्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। छात्र के पिता ने तीन नामजद सहित छह हमलावरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष दीपक धनगर ने घटना पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी में शिथिलता बरती तो एनएसयूआई आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# बाढ़ नियंत्रण कार्य ग्रामीणों को नहीं दे पा रहे पूरी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **बाढ़ का पानी घटा, लेकिन कटान से नहीं मिल रही निजात**

**अमृत विचार:** तराई क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण के लिए कराए गए कार्य किसानों को विशेष राहत नहीं दे पाए हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। विभाग द्वारा कराए गए कार्यों से बाढ़ की कुछ समस्या कम हुई है, लेकिन कटान से पूरी तरह राहत नहीं मिली है। सिंचाई विभाग के अधिकारी बचाव कार्यों का दावा कर रहे हैं।

हरिद्वार बैराज, नरौरा बैराज से पानी का दबाव कुछ कम हो गया है। आबादी से पानी सिमट गया है। फसली भूमि से कुछ हद तक पानी सिमटा है, लेकिन गंगा की पैनी धार कटान कर रही है। गांव नेथरा में पिछले दिनों हुआ कटान पूरी तरह नहीं थमा है। कुछ अन्य गांव भी प्रभावित है। सिंचाई विभाग की टीमें दिन रात निगरानी कर रही हैं।

**सांसद ने बाढ़ से मुक्ति का दिया भरोसा :** समाजवादी पार्टी के सांसद देवेश शाक्य ने पटियाली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने रविवार को बरौना, नेथरा, खंदारी नगला, कादरगंज, मिहोला आदि गांव में जाकर गंगा के कटान से राहत कार्य का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित जिम्मेदारों से बात कर राहत कार्य को और अधिक तीव्रता से चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभी आवश्यकता यह है कि राहत कार्य ठीक तरह से चले। उसके बाद हम कोशिश करेंगे की पटियाली विधानसभा क्षेत्र में जो 15 किलोमीटर गंगा का किनारा है, उसमें जगह-जगह पक्की ठोकरें बनें। जब तक पक्की ठोकरें नहीं बनेंगी तब तक इस क्षेत्र को गंगा कटान और बाढ़ की समस्या से बचाया नहीं जा सकता। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र में बाढ़ व कटान से नेथरा, खंदारी नगला आदि गांवों के किसानों की फैसले बर्बाद हो गईं।जिला प्रशासन ने बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा किसानों को नहीं दिया। इस दौरे में पटियाली विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र शाक्य, खलील खान, ललित मिश्रा, डॉ अरविंद लोधी, हुकुम सिंह कश्यप, मोहसिन खान, कमरूल, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, कुंवरपाल, नफीस अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दौरा करते सांसद व अन्य। ● अमृत विचार

#### आंकड़े एक नजर में

- 66325 क्यूसेक पानी हरिद्वार बैराज से छोड़ा गया।
- 39740 क्यूसेक पानी बिजनौर बैराज से छोड़ा गया।
- 38321 क्यूसेक पानी नरौरा बैराज से छोड़ा गया।

> बाढ़ पर नियंत्रण कर लिया गया है। कटान भी काफी हद तक रुक गया है। ग्रामीणों को कोई समस्या न हो इसके लिए उनसे लगातार संपर्क किया जा रहा है। **-शमसेर सिंह,**अधिशासी अभियंता सिंचाई

### सार-संक्षेप

#### रामलीला महोत्सव की तैयारी शुरू, कमेटी गठित



**संवाददाता।** कस्बा सिढ़पुरा में रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष के कैंप कार्यालय में बैठक हुई। इसमें रामलीला महोत्सव के आयोजन को लेकर कमेटी गठित की गई। इसमें नवीन गुप्ता को अध्यक्ष और सोनू गुप्ता को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। श्रीराम लीला का मंचन दो अक्टूबर से किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि रामलीला परंपरागत आयोजन है। इस बार भी आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। बैठक में सर्व सम्मति से नवीन गुप्ता को अध्यक्ष, विजय गुप्ता को कार्यवाहक अध्यक्ष, सोनू को मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया। श्रीराम लीला का मंचन दो अक्टूबर से शुरु होगा। 12 अक्टूबर को विजय दशमी और इसके अगले दिन राजतिलक के साथ रामलीला मंचन का समापन हो जाएगा। बैठक में सौरभ गुप्ता, शिवम गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, जानू, शोभी गुप्ता, सोनू चौहान, दीपक दुबे, पारुल श्रीवास्तव, चिराग गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, अजयवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रीराम लीला महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सहयोग और समर्पण का संकल्प लिया।

#### सांसद ने गांवों में भ्रमण कर समस्याएं सुनीं

**कासगंज।** एटा-कासगंज सांसद देवेश शाक्य ने रविवार को क्षेत्र के कई गांवों में भ्रमण किया और लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कई गांवों विकास कराए जाने का भरोसा दिया। सांसद देवेश शाक्य ने कार्यकर्ताओं के साथ सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव हीरापुर, सैलई, भीकपुर, नगला अतवल और सिढ़पुरा में जाकर भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। अधिकांश लोगों ने बिजली, पानी की समस्या बताई। लोगों ने कहा कि विद्युत विभाग सबसे अधिक उत्पीड़न कर रहा है। कई ग्रामीणों ने सड़क और जल निकासी का साधन न होने की समस्या बताई। इस पर सांसद आश्वासन दिया कि पिछड़े ग्रामों में सांसद निधि से विकास कराया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मन सिंह यादव, मुनेंद्र सिंह शाक्य, डॉ. वाहिद अली, प्रवेंद्र राना, खलील खान, प्रांजल यादव, मोहम्मद आरिफ, हैदर अली, दिलदार मियां, अरबिंद शाक्य, धीरेंद्र शाक्य, रिंकू शाक्य, भारत सिंह शाक्य, शहनवाज हुसैन, भूरे आदि मौजूद रहे।

#### रुपये जमा करने बैंक गए युवक को जालसाजों ने ठगा

**अलीगंज।** कोतवाली में सोनेलाल निवासी नगला बलू ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनेलाल ने पुलिस को बताया है कि 30 अगस्त को अलीगंज तहसील के सामने स्थित स्टेट बैंक के एटीएम पर उससे धोखाधड़ी करके रुपये ठग लिए गए। जालसाज ने उसके खाते में रुपए डालने के बहाने 50 हजार रुपए ले लिए। थोड़ी देर बाद 5500 रुपए एटीएम मशीन से वापस निकाल लिए। शेष रुपए भी अज्ञात व्यक्ति अपने साथ ले गया। जानकारी होने पर उसने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है।

# अंधविश्वास के विरोधी थे पेरियार ललई सिंह

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति ने गोष्ठी आयोजित कर मनाई जयंती**

**अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को पेरियार ललई सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने पेरियार के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

गोष्ठी की अध्यक्षता आनंद प्रिय विद्यार्थी ने की एवं संचालक रामकरन ने किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति पदाधिकारियों ने पेरियार ललई सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी में मोहन लाल सागर ने कहा कि ललई सिंह बचपन से ही क्रांतिकारी विचारों वाले थे। छोटेलाल शाक्य ने कहा कि उनका जन्म कानपुर के पास एक छोटे से गांव के किसान परिवार में हुआ था। डॉ. बृजेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के बलिदानों को भुलाना नहीं चाहिए। रामेश्वर दयाल जाटव ने बताया कि ललई सिंह यादव बचपन से ही अंधविश्वास, पाखंडवाद, मूर्ति पूजा गैर बराबरी और सामंतवाद, शोषण के विरोधी थे। गोष्ठी में मोतीलाल सागर, डीसी मौर्या, मंजू कौशल, हरीश बाबू, महेन्द्र सिंह लोधी आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में रविन्द्र बाबू, राजवीर सिंह सागर, देवेन्द्र कुमार पुष्कर, आरसी राना, रामकरन राज, ममता सिंह, महेंद्र सिंह लोधी, उदयभान सिंह, त्रिवेन्द्र सिंह, गौरीशंकर, प्रवेन्द्र कुमार, संजय कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, छोटेलाल शाक्य, रामनाथ पुष्कर, नरेन्द्र कुमार आदि थे।



पुष्पांजलि अर्पित करते आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के पदाधिकारी।

# सिढ़पुरा पुलिस ने वारंटी किया गिरफ्तार

**कासगंज:** एसपी अपर्ण रजत कौसिक के निर्देश पर जिले में फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक दर्जनों की संख्या में अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है। इसी के तहत सिढ़पुरा थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान के तहत रवि सिंह निवासी रामनगर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से अग्रिम कार्रवाई की गई है। अन्य अपराधियों की तलाश तलाश जारी है।

# रोडवेज बस में युवक को जहरखुरानों ने लूटा

**एटा अमृत विचार:** दिल्ली से रोडवेज बस में लौट रहे युवक को जहरखुरानों ने नशा देकर लूट लिया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव बाजिदपुर निवासी 17 वर्षीय सागर पुत्र मुकेश कुमार दिल्ली से रोडवेज बस में सवार होकर आ रहा था। तभी उसको जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने नशीले पदार्थ का सेवन कर दिया।

रोडवेज बस द्वारा उसको जैथरा के कस्बा धुमरी बस स्टेण्ड के समीप उतार दिया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों द्वारा उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। परिजनों द्वारा बताया गया है। उसके पास से मोबाइल, कपड़ों से भरा बैग, पर्स, कुछ नगदी आदि लूटकर ले गए हैं।

# चेकिंग अभियान में 38 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कस्बा अमांपुर में पुलिस ने चेकिंग अभियान 38 वाहनों के चालान किए। इस दौरान सीओ ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की।

सीओ सहावर शाहिदा नसरीन के निर्देशन में अमांपुर थाना प्रभारी चंचल सिरोही ने पुलिस बल के साथ कस्बा के एटा रोड, सहावर रोड, मैन तिराहा पर अभियान चलाकर वाहन चेकिंग की। इस दौरान ट्रिपिल राइडिंग, बिना हेलमेट एवं साइलेंसर मोडिफाई कर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसा गया। इस दौरान 38 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि घर से बाहर निकलते समय फोटो पहचान पत्र हमेशा साथ रखें। वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें।

चेकिंग के दौरान कस्बा इंचार्ज प्रेमपाल सिंह, उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र, मनोज शर्मा, सुधीर कुमार, सोनपाल आदि मौजूद रहे।



चेकिंग के दौरान हेलमेट न लगाने पर बाइक का ऑनलाइन चालान करता पुलिस कर्मी।

- **सीओ ने संदिग्ध व्यक्तियों से की पूछताछ**

# शिक्षकों के एनपीएस खाते में नहीं भेजी जा रही धनराशि

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **बेसिक शिक्षा विभाग में वित्तीय अनियमितताएं हावी, शिक्षक परेशान**

**अमृत विचार:** वैसे तो बेसिक शिक्षा विभाग में तमाम अनियमितताएं सामने आती रहती हैं। न्यू पेंशन स्कीम के तहत शिक्षको को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर शिक्षक आक्रोशित हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग में एक बड़ी अनियमितता सामने आ रही है। न्यू पेंशन स्कीम के तहत आने वाले शिक्षकों के वेतन से लगातार कटौती की जा रही है, लेकिन उनके खातों में धनराशि नहीं भेजी जा रही। पिछले नौ महीने से प्रति महीने की जा रही कटौती के आधार पर लगभग 6 करोड़ रुपये सभी शिक्षकों के खातों में पहुंचने थे। रुपये न पहुंचने से मूल धन के अलावा छह लाख रुपये तक की ब्याज का घाटा शिक्षकों को हुआ है।

**यह है व्यवस्था :** वर्ष 2005 के बाद बेसिक शिक्षा में नियुक्त हुए शिक्षकों को पेंशन स्कीम से बाहर रखा गया है। जब शिक्षकों ने लंबे समय तक आंदोलन किया तो सरकार ने वर्ष 2018 में नई पेंशन व्यवस्था लागू की। इसके तहत शिक्षकों के वेतन से प्रति महीने 10 फीसद की कटौती के आदेश दिए गए और यह राशि शिक्षकों के न्यू पेंशन स्कीम खातों में जमा होनी थी, लेकिन जिले में बेसिक शिक्षा के लेखा विभाग ने नई पेंशन व्यवस्था के तहत शामिल हुए शिक्षकों के सामने समस्या खड़ी कर दी है। इन शिक्षकों के वेतन से प्रतिमाह धन राशि की कटौती तो की जा रही है, लेकिन खातों में धनराशि नहीं भेजी जा रही।

#### लाभांश का हुआ घाटा

एनपीएस के खातों में धनराशि न भेजे जाने से शिक्षकों को ब्याज के लाभांश का घाटा हुआ है। वर्तमान में 10 फीसद तक का घाटा शिक्षकों को हो रहा है। इससे शिक्षकों में आक्रोश बना हुआ है। नई पेंशन व्यवस्था के तहत शामिल शिक्षक राजवीर सिंह गौतम कहते हैं कि कई बार बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इस समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

#### आंकड़े एक नजर में

- न्यू पेंशन स्कीम के तहत जिले में कार्यरत शिक्षक 3000
- शिक्षकों की न्यू पेंशन स्कीम के तहत वेतन से कटौती 600

> बजट का अभाव था, जिससे कुछ समस्या रही, लेकिन पिछले दिनों टोकिन जारी कर दिया गया। जल्द ही शिक्षकों के एनपीएस खातों में धनराशि पहुंचेगी।
>
> **- नेहा सिंह**
> लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा

#### बाइक की टक्कर से राहगीर घायल

**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित गोरहा के निकट तेज रफ्तार बाइक सवार ने राहगीर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बहेडिया गांव निवासी रामसिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल रामसिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत में सुधार है।

निरपेक्षो निर्विकारो निर्भर : शीतलाशय : ।
अगाधबुद्धिरक्षुब्धो भव चिन्मात्रवासन : ॥

आप सुख साधन रहित, परिवर्तनहीन, निराकार, अचल, अथाह जागरूकता और अडिग हैं। इसलिए अपनी जाग्रति को पकड़े रहो।

## संपादकीय

# जीडीपी वृद्धि में कमी

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में बड़ी वृद्धि प्रदर्शित की है, जहां यह विश्व स्तर पर 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ती हुई 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। हालांकि कृषि समेत कई क्षेत्रों में समान रूप से प्रगति नहीं हुई है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की रफ्तार 15 महीने में सबसे कम, 2024-25 की पहली तिमाही में 6.7 फीसदी रही। जबकि जीडीपी पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 8. 2 फीसदी से दर से बढ़ी थी। कहा जा सकता है कि वास्तविक आंकड़े निराशाजनक हैं और आर्थिक रफ्तार में गिरावट का संकेत देते हैं। शनिवार को रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता के लागू रहने से पहली तिमाही के दौरान सरकारी खर्च पर असर पड़ा। आचार संहिता के चलते सार्वजनिक खर्च में कमी आई, जिसका असर पहली तिमाही के आर्थिक आंकड़ों पर पड़ा। इससे पहले सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी जीडीपी ग्रोथ रेट कम होने के लिए चुनाव को जिम्मेदार बता चुके हैं। महत्वपूर्ण है कि निजी उपभोग व्यय बढ़कर 7.4 फीसदी के छह-तिमाही के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिसकी आंशिक वजह हेडलाइन मुद्रास्फीति में कमी है।

भारत अभी भी इस साल 6.5 फीसदी से सात फीसदी तक की दर से विकास कर सकता है, लेकिन आशंका है कि 2025-26 में विकास दर घटकर 6.5 फीसदी रह जाएगी और मध्यम अवधि की संभावनाएं भी इसी आंकड़े के आसपास रहेगी। मानसून के अच्छा रहने से इसमें भी सुधार की उम्मीद है। कुल मिलाकर आने वाली तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर सुधरने की उम्मीद है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी कि भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले व्यापार घाटे के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। भारत के आर्थिक सुधार और विकास को लेकर शुरू किए गए कार्यक्रम की गति को बनाए रखने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम तेजी से हो सके। आर्थिक नीति में भारत के आर्थिक परिदृश्य में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना शामिल है। भारतीय अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के लिए सरकार को निवेश वृद्धि पुनरुद्धार को प्राथमिकता देनी चाहिए। नीति निर्माताओं को अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं में तत्काल सार्थक सुधार करने और इसके संस्थानों की दक्षता में सुधार करने की जरूरत है।

# फ्रायड के सिद्धांत पुराण विद्या के अध्ययन का ही परिणाम



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भाषाशास्त्री जानते हैं कि शब्द बिंब से बनता है। परिवेश के बदलने पर बिंब का अर्थ भी बदल जाता है, इसीलिए एक पीढ़ी के बाद दूसरी पीढ़ी में जाकर शब्द का मूल अर्थ बदल जाता है। मैक्समूलर ने माना कि भाषा और अभिव्यक्तिशैली का पीढ़ियों के क्रम से बहुत गहरा संबंध है।

सामान्यतया इस प्रकार का परिवेश बन गया है कि मिडिल-मैट्रिक वाला मामूली पढ़ा-लिखा आदमी भी पुराण के संबंध में ऐसी ही बात कह देता है और कुछ ऐसी शान से कहता है कि यह कहने के बाद अब उसने वैज्ञानिक दृष्टि प्राप्त कर ली है और अब वह प्रगतिशील वाली पंक्ति में आ गया है। इसके बहुत से कारण हैं,जिनमें एक बड़ा कारण यह भी है कि पुराण को इतिहास का सच मान लिया जाता है और पुराण भाषा को आधुनिक भाषा समझ लिया जाता है और सामान्य शब्दार्थ की प्रक्रिया से पुराण की बात को श्रद्धापूर्वक स्वीकार कर लिया जाता है।

इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि मिथक इतिहास की रचना है, किंतु मिथक इतिहास नहीं है। दूसरी बात मोटिफ इंडेक्स (अभिप्राय अनुक्रमणिका) बनी ही नहीं,जबकि वह मिथक के लिए एबीसीडी है,जैसे-आकाशवाणी है,शाप और वरदान है। सीता का धरती से जन्म लेना,धरती में समा जाना,यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना,रावण के दस सिर होना,नाभि में अमृतकुंड,पसीने की बूंद,कानके मैल,अग्निकुंड,घट,फल आदि से जन्म होना,कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना,वृद्ध का युवा बन जाना,अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना,कल्पवृक्ष। ये मोटिफ हैं, बिंब, मिथकीय भाषा की वर्णमाला।

पुराण आधुनिक काव्य नहीं है, वह इतना पुराना है कि हम उसके लिखित रूप के काल का तो अनुमान कर सकते हैं,किंतु वाचिक परंपरा का काल निर्णय करने के लिए हमारे पास कोई पक्का आधार है ही नहीं,पुराण का विकास वाचिक परंपरा में हुआ है और प्रत्येक देश-काल में उसने अपना कायाकल्प किया है। कुछ लोग ऐसे भी हैं,जो सोचते हैं कि पुराण अंधविश्वास के स्रोत हैं और उनको समाप्त कर देना चाहिए। ऐसे लोग मनुष्य के अवचेतन-मन,समष्टि-अवचेतन मन से परिचित नहीं हैं, वे नहीं समझ सकते कि यह जातीय-मानस है और इसे समाप्त करना ऐसी असंभव कल्पना है। जैसे कोई कहे कि हिमालय से बहने वाले किसी जल-प्रवाह को बंद कर दो या रोक दो। भारतीय जन का पीढ़ी दर पीढ़ी जीवन उन पुराणगाथाओं के साथ व्यतीत हुआ है,वे स्मृतियां उसके अचेतन मन की तहों में बैठी हुई हैं। वास्तव में मनुष्य को समझने के लिए पुराण अत्यंत मूल्यवान अध्ययन सामग्री है। फ्रायड और जुंग के सिद्धांत पुराण विद्या के अध्ययन का ही परिणाम थे। भाषाविदों ने पुराण-भाषा का अध्ययन किया है। यह तो ठीक है कि भाषा की रचना बिंबों के आधार पर ही होती है,पुराण-भाषा का आधार भी बिंब हैं और आधुनिक भाषा का आधार भी बिंब ही हैं, किंतु पुराण-भाषा के बिंब और आधुनिक भाषा के बिंबों में जमीन-आसमान का अंतर है। मिथक अपने आपमें अभिव्यक्ति की शैली है। पौराणिक गाथाओं की इस अभिव्यक्तिशैली तथा भाषा पर पश्चिम में सबसे पहले मैक्समूलर (1823-1900) का ध्यान गया था। उसने अनुभव किया कि आदिम व्यक्ति ने जिस अर्थ में उस अभिव्यक्ति भंगिमा का प्रयोग किया था,अगली पीढ़ी ने उसे ठीक उसी अर्थ में ग्रहण नहीं किया। इस प्रकार पीढियों के क्रम से भाषा में विकार आता चला गया तथा वह मूल अर्थ हम से दूर होता चला गया।

> पुराणों को लेकर भारतीय भाषाओं में सहस्रावधि काव्य नाटक उपन्यास लिखे गए हैं। अभिव्यक्ति पद्धति में पुराण व्याप्त हैं। मूर्तिकला, चित्रकला का अपार वैभव है,जिनका स्रोत पुराण ही हैं। पुराण के बिना भारत की संस्कृति समझी नहीं जा सकेगी। लोकमानस मिथकीय भाषा में सोचता है, अब यदि मिथकीय भाषा का ज्ञान नहीं है तो उनके लिए लोकवार्ता भी काला आखर भैंस बराबर है।

भाषाशास्त्री जानते हैं कि शब्द बिंब से बनता है। परिवेश के बदलने पर बिंब का अर्थ भी बदल जाता है,इसीलिए एक पीढ़ी के बाद दूसरी पीढ़ी में जाकर शब्द का मूल अर्थ बदल जाता है। मैक्समूलर ने माना कि भाषा और अभिव्यक्तिशैली का पीढ़ियों के क्रम से बहुत गहरा संबंध है। अर्थ परिवर्तन की इस प्रक्रिया को मैक्समूलर ने मैलेडी ऑफ वड्र्स अथवा शब्द का विकार बतलाया था। वीरता पौरुष तथा हिंसक पशुओं को पराजित कर देने की सामर्थ्य को उन्होंने हरक्यूलिस या सैमसन का नाम दिया। ये प्रयोग आज भी होते हैं, बहुभोजनी को भीम,बहुत सोने वाले को कुंभकर्ण और कभी खतम न होने वाले किस्से को द्रोपदी का चीर कह दिया जाता है। मैक्समूलर मिथक तत्व को अनिवार्य मानते हैं। "फिलॉसफी ऑफ माइथोलॉजी, इंट्रोडक्शन टु दि साइंस ऑफ रिलिजन" के परिशिष्ट में मैक्समूलर कहते हैं कि "यदि भाषा विचार के ऊपरी रूप को अभिव्यक्त करने की शक्ति है तो मिथक तत्व उसकी अंतर्निहित आवश्यकता है। मिथक कल्पना वाक तत्व की भांति मनुष्य की सहज सर्जना शक्ति का ही निदर्शक रूप है।" मैक्समूलर के बाद कैसिरर मिथक-तत्व का विश्लेषण करते हैं। उनका कहना है कि आदिम मनुष्य के लिए भाषा के प्रतीक यथार्थ के सूचक ही नहीं थे,बल्कि यथार्थ ही थे। वे मानते हैं कि मनुष्य ही एकमात्र प्राणी है,जो प्रतीकों का निर्माण करता है। कैसिरर भाषा और मिथक तत्व को एक ही मूल से निकली हुई दो अलग-अलग शाखाएं मानते हैं। हर्डर मानते थे कि भाषा की उत्पत्ति मिथकीय प्रक्रिया के भीतर से हुई है। मनुष्य के अंतर्जगत को अभिव्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है-मिथक।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने मिथक का विवेचन करते हुए कहा कि " मिथक वस्तुतः भाषा का पूरक है। सारी भाषा ही इसके बल पर खड़ी है,साहित्य में मिथक अनंत अनुभवों का विश्लेषण है। कलाकार के हृदय में जो मिथकीय सिसृक्षा उदित होती है,वह अवचेतन चित्त की वेगवती शक्ति है। आगे चलकर यही शक्ति पुराणकथा या माइथोलॉजी के रूप में विकसित होती है।" आधुनिक विचारक मिथक को प्रतीकात्मक भाषा कहते हैं। मनुष्य ने मिथक तत्व को भुलाया नहीं है,कविता उसका प्रमाण है, निजधरी कथाएं,चित्र और मूर्ति-शिल्प उसके साक्षी हैं। कार्य-कारण परंपरा की युक्तिसंगत व्यवस्था उस गहरे यथार्थ को प्रकट नहीं कर पाती,जो रात को सोते समय सपने में प्रकट हो जाती है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपने मन के अद्भुत भावों की मिथकीय अभिव्यक्ति का स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि "अंतर्जगत के भाव बाह्य-जगत के पदार्थों के बिंब नहीं होते। उन भावों के बिंब को अभिव्यंजक शब्दों द्वारा प्रकट करना कठिन होता है,परंतु करना पड़ता है,दूसरा उपाय नहीं है। उसको भाषा के द्वारा अभिव्यक्त करने के लिए किसी-न-किसी अन्य इन्द्रिय द्वारा गृहीत बिंब में उसे अनूदित करना पड़ता है। अमूर्त अनुभूति को किसी-न-किसी प्रकार मूर्त बिंबों में अनुवाद करना है। रूप को 'मधुर' कहना या सौन्दर्य को लावण्य कहना वस्तुतः एक अमूर्त अनुभूति को स्वादेन्द्रिय द्वारा अनुभूत बिंब के माध्यम से गोचर कराने का प्रयास मात्र है। उपरले स्तर के तर्क द्वारा कहा जा सकता है कि रूपगत सुंदरता को माधुर्य (मिठास) और लावण्य (नमकीन) कहना बिल्कुल झूठ है, क्योंकि रूप न तो मीठा होता है,न नमकीन, लेकिन फिर भी कहना पड़ता है,क्योंकि अंतर्जगत के भावों को बहिर्जगत की भाषा में व्यक्त करने का यही एकमात्र उपाय है।

सच पूछिए तो यही मिथक तत्व है। ऊपर-ऊपर से देखने से यह झूठ है,परंतु गहराई में देखने पर यह सत्य है। धर्मवीर भारती ने कहा था,मिथक कथाएं प्रतीकों और मधुमयी कल्पनाओं के द्वारा हजारों साल से हमारे सांस्कृतिक मानस को संवेदना प्रदान करने का काम करती हैं। अब उनको उनके उन्हीं प्रतीकार्थ माध्यम से समझने की आवश्यकता है। बोआस ने कहा कि ये आदमी के बचपन की अवशिष्ट स्मृतियाँ हैं। मानव जीवन की समस्त युगयात्रा की स्मृतियाँ अवचेतन में विद्यमान हैं। पुराण-कथाएं जातीय-जीवन की सामूहिक स्मृतियां हैं। यह सामूहिकता सामाजिक-जीवन की एकता की अपराजेय शक्ति है। मिथक समष्टिमानस की स्मृतियों के टीले की तरह है, जिनमें युगयुगीन स्मृतियों की विभिन्न परतें सो रही हैं। मिथक केवल धरती पर घटित-घटना की ही याद नहीं है,धरती पर घटित-घटना के प्रभाव और प्रतिक्रिया में जो कुछ व्यष्टि मन और समष्टि मन में घटित हुआ, उसकी भी यादों का सूत्र है। मनुष्य के वे सभी स्वप्न, वे कल्पनाएं, वे एषणाएं, वे संकल्प, वे विश्वास और वे अनुभव भी मिथकों में समाहित हैं, जो जीवन की युग-युगीन यात्रा में आए और जगे, भले ही वे ऐन्द्रिक हैं या अतीन्द्रिय।

पुराणों को लेकर भारतीय भाषाओं में सहस्रावधि काव्य नाटक उपन्यास लिखे गए हैं। अभिव्यक्ति पद्धति में पुराण व्याप्त हैं। मूर्तिकला, चित्रकला का अपार वैभव है,जिनका स्रोत पुराण ही हैं। पुराण के बिना भारत की संस्कृति समझी नहीं जा सकेगी। लोकमानस मिथकीय भाषा में सोचता है, अब यदि मिथकीय भाषा का ज्ञान नहीं है तो उनके लिए लोकवार्ता भी काला आखर भैंस बराबर है।

## प्रसंगवश

# विवेकानंद को विमर्श में लाएं



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

विवेकानंद के विचार आज इस जवान होती 21 वीं सदी के लिए बहुत ज्यादा प्रासंगिक हैं। विवेकानंद ने अपने उद्बोधन से जिस विवेक चेतना को जागृत किया था, वह पिछली आधी सदी में हमारे सामान्य बोध से गायब हुई है। विवेकानंद ज्यों-ज्यों हमारे लिए पूज्य होते गए हैं, उनके विचार और विवेक चेतना से हमारी दूरी बनती गई है। इसलिए जरूरी है कि हम विवेकानंद को पूजा घर में ले जाने की बजाय विमर्श के दायरे में लाएं। उन्होंने धर्म के झगड़े में फंसी दुनिया को यह बताने का साहस किया कि सभी धर्मों का मूल एक ही है।

वह अपने समय के अकेले धर्मोपदेशक हैं, जिसने दूसरे धर्मों को छोटा साबित करने में समय नहीं गंवाया। उन्होंने हिंदू धर्म के विवेक को जगाने का कठिन रास्ता चुना। वेदांत और उपनिषदों के हवाले से धर्म और कर्मकांड को अलगाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि 'छह, सात, आठ शताब्दियों के पतन को ध्यान से देख तो इस प्राचीन भारत के सबसे अच्छे, पढ़े-लिखे लोग, मनीषी लोग वर्षों यही सोचते रहे कि लोटा भर पानी दाहिने हाथ से पिएं कि बाएं हाथ से?' और धर्म को रसोईघर में कैद कर दिया। विवेकानंद ने इस पर गहरा अफसोस जाहिर किया कि हमारा सबसे बड़ा मंत्र 'छुओ मत, छुओ मत' हो गया है। विवेकानंद ने शताब्दियों से जड़ें जमाईं,भारतीय मन की इस दुर्बलता को पहचाना और इसके निदान को धर्म की पहली सीढ़ी बताया,धर्म की एक नई परिभाषा गढ़ी, जिसके केंद्र में भारत का दरिद्रनारायण था।

धर्म के विरुद्ध संसार में जो भयानक प्रतिक्रिया उठी है,उसका निदान वे यह देते थे कि दोष धर्म का नहीं,इनके गलत प्रयोग का हैं। यदि कभी भी कोई विश्व-धर्म जैसा धर्म उत्पन होने वाला है तो वह हिन्दुत्व के ही समान होगा,जो देश और काल में कहीं भी सीमित या आबद्ध नहीं होगा। यह धर्म न तो ब्राह्मण होगा, न बौद्ध, न ईसाई होगा, न मुसलमानी, प्रत्युत, यह इन सबके योग और सामंजस्य से उत्पन्न होगा। उल्लेखनीय है विगत कुछ वर्षों से धार्मिक कट्टरता के उदाहरण बढ़ते जा रहे है। धार्मिक कट्टरता या धार्मिक अतिवाद अपने से अलग राय रखने वालों के प्रति असहिष्णुता है। यह कट्टरता विवेकानंद के विचारों की विरोधी है।

# बहुआयामी गरीबी और भारत



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2015 में घोषित सत्रह सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 15 वर्ष का समय रखा गया है,जिसकी समयावधि 2030 तक है। इन लक्ष्यों में पहला गरीबी से मुक्ति और दूसरा समाज में भूख के स्तर को शून्य पर लाना है,यानी समाज को भूख से मुक्ति दिलाना है। इस प्रकार देखें तो,जो देश या समाज सतत विकास के पहले और दूसरे लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा वह देश बहुआयामी गरीबी की जकड़ से बाहर हो जाएगा।

नीति आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि भारत ने पिछले लगभग दो दशकों से भी कम समय के अंतराल में एक बहुत बड़ी आबादी को बहुआयामी गरीबी के कुचक्र से बाहर निकलाने में सफलता प्राप्त की है। वर्ष 2005-06 में देश की जनसंख्या का 55.34 प्रतिशत आबादी इससे ग्रसित थी। वहीं वर्ष 2013-14 में यह संख्या घटकर 29.17 प्रतिशत तक आ गई है और वर्ष 2022-23 तक इसमें 17.89 प्रतिशत की गिरावट दर्ज होने से वर्तमान में बहुआयामी गरीबी लगभग 11.28 प्रतिशत पर है। इस तरह से वर्ष 2005-06 से वर्ष 2013-14 के काल खंड में लगभग एक चैथाई से भी अधिक आबादी गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने में कामयाब हुई और उसके बाद के लगभग 9 वर्षों में यानी वर्ष 2013-14 एवं 2022-23 के बीच लगभग 24.82 करोड़ आबादी इससे मुक्त हुई।

बहुआयामी गरीबी सूचकांक को मापने की विधि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रमों में वर्ष 2010 से अपनाई जा रही है। इस विधि को सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री सबीना अल्केरी तथा जेन्स फोस्टर द्वारा विकसित,ए-एफड नाम से प्रचलन में है। इस विधि के अनुसार बहुआयामी गरीबी निर्धारण के तीन मुख्य घटक है, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर शामिल है और इन तीन घटकों से संबंधित कुल 12 मापक यानी सूचकांक हैं। पहला घटक, शिक्षा से संबंधित दो सूचकांक हैं, जिसके तहत 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों का स्कूल में प्रवेश और उन बच्चों का कम से कम 6 वर्ष तक की आवधि तक स्कूल में शिक्षा हेतु व्यतीत करना है।

> स्वास्थ्य घटक के गुणांक को मापने की विधि में महिला, पुरुष व बच्चों को भोजन के रूप में मिल रहे पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता शामिल है।

स्वास्थ्य घटक के गुणांक को मापने की विधि में महिला, पुरुष व बच्चों को भोजन के रूप में मिल रहे पोषक तत्वों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता शामिल है। इसके अंतर्गत शून्य माह से 59 माह तक के बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों की उपलब्धता और 15 वर्ष की उम्र से 49 वर्ष की उम्र तक की महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व और कैलोरी की उपलब्धता तथा पुरुषों के लिए 15 वर्ष से लेकर 54 वर्ष तक की उम्र तक पर्याप्त मात्रा में कैलोरी की उपलब्धता शामिल है। यदि इन आयु वर्गों की आबादी को वांछित कैलोरी युक्त भोजन नहीं मिलेगा तो वह गरीबी की श्रेणी में ही रहेगा।

दूसरे सूचकांक में 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों की मृत्यु दर और तीसरा महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता तथा पिछले 5 वर्ष के अंतराल में उनको कम से कम चार बार चिकित्सीय सुविधाओं की उपलब्धता रही हो या स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उनका स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किया गया हो, ऐसा न होने की दशा में वे गरीबी से मुक्त नहीं हो पाएंगे। इनके साथ ही एक व्यक्ति के जीवन स्तर को मापने के सात सूचकांक हैं,जिसके अंतर्गत खाना बनाने हेतु उपयोग में आने वाली ईंधन, शौचालय एवं स्वच्छता,स्वच्छ व शुद्ध पीने का पानी,पक्का मकान या आवासीय सुविधाओं की उपलब्धता,घर में बिजली की सुविधा, बैंक खाता तथा भौतिक वस्तुओं में से कोई एक संपत्ति का होना आवश्यक है। इन सात सूचकांकों में से किसी के अभाव होने पर व्यक्ति का जीवन स्तर गरीबी की श्रेणी में गिना जाएगा। भारत में पिछले लगभग 10 वर्षों में आम व्यक्ति के जीवन स्तर को सुधारने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण अभियान एवं कार्यक्रम संचालित किए गए और उसी का नतीजा है कि पिछले 9 वर्षों में लगभग 25 करोड़ की आबादी इस दुष्चक्र से मुक्त होने में सफल हुई।

अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी एवं एस्तेर डुफ्लो द्वारा संचालित गरीबी उन्मूलन के शोध में भी शिक्षा व स्वास्थ्य के सुधार पर विशेष बल दिया गया है,उनका मानना है कि स्कूलों में विद्यार्थियों को अध्ययन समयावधि में मुफ्त भोजन के इंतजाम हों। गरीब बस्तियों में मोबाइल क्लीनिक की व्यवस्था संचालित की जाए,जिससे वहां लोगों की बिमारी का परीक्षण एवं इलाज सुगमता से हो सके। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य प्राप्ति हेतु 'वोकल फोर लोकल' को अमली जामा पहनाने हेतु छोटे-छोटे उद्यमियों को उद्यमिता विकास, तकनीकी कौशल विकास एवं वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों में कौशल विकसित करने हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता विकसित हो और देश बहुआयामी गरीबी से सदा के लिए मुक्त होकर आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो।

## सोशल फोरम

# चरखी दादरी का नया दर्द



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

हरियाणा के चरखी दादरी में लोग मिलकर रोकते तो गोमांस खाने के आरोप की हत्या रोकी जा सकती थी। सबीर मलिक को बहाने से बुलाकर लाया गया। फिर लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला गया। इलेक्टॉनिक मीडिया ने दिखाया। देश ने देखा।

यह शर्मनाक, हिंसक, वीभत्स और इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है। मॉब लिंचिंग है। मुख्यमंत्री ने जो शपथ ली, उसका उल्लंघन है। यह कानून के राज्य का दृश्य नहीं है। कानून की हत्या के राज्य का दृश्य है। एक इंसान की मौत मनुष्यता की मौत है। यह पहला किस्सा नहीं है और अंतिम किस्सा भी नहीं है। दादरी, बसाहड़ा, अखलाक, पहलू खान, तबरेज, सबीर मलिक व्यक्ति हैं। इन्हें अपराधी बना बना दिया गया। भिवंडी, सहारनपुर, गोधरा, मुजफ्फरनगर, हाथरस, कठुआ,उन्नाव, समझौता एक्सप्रेस, ताज होटल वगैरह नाम नहीं, नफरत और हिंसा के मायने हैं। हिंसा, खूंरेजी, हत्या, मॉब लिंचिंग, बलात्कार, फिरौती, अपहरण जैसी मुस्टंडी गतिविधियां समाज के चेहरे को विकृत कर रही हैं। इन बेचारों से किसी को नफरत नहीं थी। उसका कत्ल करने की जरूरत नहीं थी। एक मजहबी मानसिकता ने तय किया कि दूसरे मजहब के व्यक्ति को मारकर उससे राजनीतिक और सामाजिक फायदे हासिल किए जाएं। देश के कई प्रदेशों में गोवंश हत्या पर पाबंदी ही है।

> गोधरा के वक्त भी मुहल्ले-मुहल्ले में भारतीय संस्कृति का जनाजा निकाला गया था। मनुष्य का मनुष्य से विश्वास ही उठ जाए। फिर सामाजिक जीवन की गारंटी कौन ले सकता है?

कुछ पूर्वी राज्यों में मिली छूट के कारण भारत गोमांस का विश्व का सबसे बड़ा निर्यातक है। मंत्री किरण रिजीजू खुलेआम कहते हैं मैं तो बीफ खाता हूं। हमारे इलाके में सब खाते हैं। भारत पत्थर युग में धकेला जा रहा है। मुसलमान भी मौका पड़ने पर हिन्दू सहिष्णुता पर हमला करने से बाज नहीं आते। कुछ मुसलमान ही तो हिंदू मुसलमान संस्कृति पर चोट करते हैं। गोधरा के वक्त भी मुहल्ले-मुहल्ले में भारतीय संस्कृति का जनाजा निकाला गया था। मनुष्य का मनुष्य से विश्वास ही उठ जाए। फिर सामाजिक जीवन की गारंटी कौन ले सकता है? -फेसबुक वॉल से

# एक-एक नाम के पीछे मानव सभ्यता का वृहद इतिहास



महेंद्र गोदारा
भारतीय राजस्व सेवा

हम न्यूपोर्ट के रास्ते पर थे, न्यूयार्क से निकले थे। थोड़ी देर बाद सड़क पर न्यू लंदन का साइन बोर्ड दिखा। एक स्वाभाविक जिज्ञासा जगी कि सारे न्यू क्यों है? क्या कोई पुराना भी है? तो उदयवीर,जो आठ बरसा का नन्हा बालक है,ने अपने सरल किंतु हतप्रभ कर देने वाले अंदाज से हमें बताया कि ये सभी शहर पहले से यूरोप में कहीं न कहीं है। अमेरिका में कुछ शहरों के नाम के आगे "न्यू" लगा हुआ है,जो इस बात का संकेत देता है कि इन शहरों के नाम उन पुराने यूरोपीय शहरों से प्रेरित हैं, जहां से शुरुआती उपनिवेशवादी या बसने के लिए लोग आए थे।

इस प्रकार के नामकरण से उनके नए बसेरे को पुराने शहरों के नाम के साथ एक नया स्थान प्रदान किया गया। उसके बाद मैंने उत्सुक होकर इस बात की गूगल पर पड़ताल की,न्यू से प्रारंभ होने वाले शहरों का नाम देखा। पाया कि अमेरिका की खोज और बसावट में यूरोपीय देशों की भूमिका का एक लंबा और रोचक इतिहास है। सबसे पहले नॉर्वे के वाइकिंग्स 11 वीं सदी के आसपास उत्तरी अमेरिका पहुंचे थे। हालांकि वाइकिंग्स ने यहां स्थायी बस्ती नहीं बनाई।

कहा जाता है कि वहां एक महिला योद्धा के घर पर दूसरे वाइकिंग्स ने कब्जा कर लिया था, जिससे उनके मन में निराशा हुई और उन लोगों ने यहां बसने का विचार त्याग दिया। कोई अपशकुन हुआ होगा। यहां जिस महिला योद्धा की बात हो रही है,वह फ्रेइडिस एरिक्सडॉटर थी, जो एक साहसी और निडर महिला मानी जाती थी। फ्रेइडिस ने उत्तरी अमेरिका की यात्रा की थी। जब वे विनलैंड (जिसे आज कनाडा का न्यूफाउंडलैंड माना जाता है) में थीं, तब उन्होंने एक लड़ाई में बड़ी बहादुरी से दुश्मनों का सामना किया। फ्रेइडिस का नाम वाइकिंग्स के साहसिक अभियानों के इतिहास में एक प्रमुख स्थान रखता है। वाइकिंग्स स्कैंडिनेविया (आज के नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) से आने वाले समुद्री योद्धा थे, जो 8 वीं से 11 वीं सदी के बीच यूरोप, एशिया, और उत्तरी अमेरिका में अपनी यात्राओं और हमलों के लिए प्रसिद्ध थे। वाइकिंग्स केवल योद्धा ही नहीं थे, बल्कि कुशल व्यापारी, कारीगर और अन्वेषक भी थे। 11 वीं सदी के बाद वाइकिंग्स का युग समाप्त होने लगा, जब स्कैंडिनेवियाई राजाओं ने ईसाई धर्म को अपनाया और वाइकिंग्स के हमले कम हो गए। इसके बावजूद वाइकिंग्स की विरासत आज भी न केवल स्कैंडिनेविया में,बल्कि दुनिया भर में उनकी बहादुरी और साहसिक अभियानों के रूप में जीवित है। इसके बाद स्पेनिश खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस ने 1492 में अमेरिका की खोज की, हालांकि उन्होंने केवल कैरिबियन द्वीपों तक ही सीमित होकर यात्रा की।

> विभिन्न यूरोपीय देशों जैसे स्पेन, फ्रांस, इग्लैंड और नीदरलैंड्स के खोजकर्ता और बसने वाले उत्तरी अमेरिका के विभिन्न हिस्सों में पहुंचे और अपने-अपने उपनिवेश स्थापित किए।



इसके बाद विभिन्न यूरोपीय देशों जैसे स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड और नीदरलैंड्स के खोजकर्ता और बसने वाले उत्तरी अमेरिका के विभिन्न हिस्सों में पहुंचे और अपने-अपने उपनिवेश स्थापित किए। उन्होंने अपने मूल शहरों के नाम से नए शहरों के नाम रखे और उनके आगे "न्यू" जोड़ दिया,जैसे न्यू यॉर्क, न्यू ऑरलियन्स, न्यू जर्सी आदि। यूरोपियनों ने यहां पर कई शहरों को बसाया और उन्हें अपने पुराने देश के नामों से जोड़ा,जिससे नई दुनिया (अमेरिका) में भी उनका जुड़ाव अपने मूल स्थान से बना रहा। अमेरिकी शहरों के ऐसे बहुत से उदाहरण हैं, जो "न्यू" से शुरू होते हैं। एक-एक नाम के पीछे मानव सभ्यता का कितना वृहद इतिहास समाहित है। वहीं कोई कहता है नाम में क्या रखा है?

# चुनौतियों के बाद भी उम्मीदें



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के कड़े संघर्ष के बाद 1956 में भारत के तत्कालीन वित्तमंत्री श्री सीडी देशमुख ने 245 प्राइवेट बीमा कंपनियों को मिलाकर बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण कर की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक भारतीय को बीमा योजना प्रदान करना था। जीवन बीमा का स्लोगन 'जीवन के साथ भी जीवन के बाद' भी बेहद प्रचलित है।

एलआईसी भारत में सरकारी स्वामित्व वाली बीमा और निवेश निगम है। यह भारत की सबसे बड़ी बीमा फर्म है। जीवन बीमा निगम सरकार का एक नवरत्न होने से बहुत विश्वसनीय ब्रांड बना हुआ है। इसकी पॉलिसी हर आयु वर्ग के लिए है और इसका दावा भुगतान विश्व में सबसे ज्यादा है। जीवन बीमा निगम की शाखाओं का विस्तार पूरे देश में है और जीवन के निवेश से देश में सड़क, बदरगाह, नहरे, पुल, बिजली उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं। इसका प्रधान कार्यालय नरीमन प्वाइंट मुंबई में और 8 आंचलिक कार्यालयों, 18 मंडल कार्यालय तथा 2000 से अधिक अपनी शाखाओं के साथ जीवन बीमा निगम सेवा में समर्पित है। जीवन बीमा उद्योग के क्षेत्र में निजी बीमा की कड़ी होड़ के बावजूद जीवन बीमा निगम का मार्केट शेयर 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के उपरांत प्रीमियम आय में 58.87 प्रतिशत और पॉलिसी के आधार पर 69.91 प्रतिशत पर कायम है को उसके प्रभुत्व को दर्शाता है।

> एलआईसी की पॉलिसी हर आयु वर्ग के लिए है और इसका दावा भुगतान विश्व में सबसे ज्यादा है। जीवन बीमा निगम की शाखाओं का विस्तार पूरे देश में है और जीवन के निवेश से देश में सड़क, बदरगाह जैसे महत्वपूर्ण काम हो रहे हैं।

जीवन बीमा निगम के समय प्रदान की गई मात्र 5 करोड़ की धन राशि से आज जीवन बीमा निगम 53 लाख करोड़ से ज्यादा का ब्रांड बन चुका है, जो वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा और 10 वां सबसे मूल्यवान ब्रांड है। देश के करोड़ों लोगों के जीवन को प्रकाशित करने वाले ब्रांड से जीवन 69 वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तमाम चुनौतियों के बाद भी बहुत उम्मीदें ही हैं और भरोसा भी।

## एक नजर

### एटा के नए एएसपी होंगे राजकुमार सिंह



एटा। शासन से जारी तबादला सूची के अनुसार राजकुमार सिंह को एटा का नया अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। काफी समय से एटा में तैनात रहे धनंजय सिंह कुशवाह उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के लिए स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर वाराणसी में सहायक पुलिस आयुक्त रहे राजकुमार सिंह को एटा भेजा गया है।

### पति से कहासुनी होने पर पत्नी ने चूहामार दवा खाई

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नगला कदम निवासी भगवती देवी की घर में किसी बात को लेकर पति आलोक कुमार से कहासुनी हो गई। इसी बात से क्षुब्ध होकर भगवती देवी ने चूहामार दवा का खा ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे परिजनों ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

### सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

बीसलपुर। क्षेत्र के ग्राम दुगीपुर बड़गवां निवासी नरेश कुमार की पत्नी रामश्री रविवार को घर के पीछे लगे शहतूत के पेड़ से पत्ते तोड़ने गई थी वह पेड़ से पत्ते तोड़ रही थी। इसी दौरान घास में छुपे सांप ने डस लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाए। प्रारंभिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### गलत ऑपरेशन से नवजात की मौत का आरोप

अमरिया। पीलीभीत के अमरिया क्षेत्र की एक महिला को कस्बे के निजी अस्पताल में प्रसव के लिए 31 अगस्त को भर्ती कराया गया था। वहां पर ऑपरेशन के बाद एक बच्चे का जन्म हुआ। बच्चे की मौत हो गई। महिला के परिजन ने गलत इलाज से मौत का आरोप लगाया। पीड़िता निशा बी की ओर से सीएचसी प्रभारी को शिकायत पत्र दिया गया है। उधर, पुलिस घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जता रही है।

# रंजिश के चलते युवक को गोली मारी, हालत नाजुक

## मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने घायल को हायर सेंटर किया रेफर

संवाददाता, एटा



गोली लगने से घायल संतोष को देखते पिता और जांच पड़ताल करती पुलिस।

**अमृत विचार:** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। उसे गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां से डाक्टर ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह मेडिकल कॉलेज जाकर घटना के बारे में पूछताछ की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही।

कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला मारहरा दरवाजा निवासी संतोष कुमार को शनिवार देर मोहल्ले के कुछ लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। इस घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गई। परिजनों द्वारा आनन फानन में संतोष को मेडिकल कॉलेज ले जाकर इमरजेंसी में भर्ती करा दिया गया। जहां डाक्टरों ने

- घायल के भाई ने मोहल्ले के लोगों पर लगाया हमले का आरोप

प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए संतोष को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

भाई सूरज सिंह ने बताया कि संतोष शनिवार देर रात किसी कार्य से मोहल्ला में जा रहा था। तभी विरोधी पक्ष के लोगों ने उसे रास्ते में घेरकर गोली मार दी। सूरज का आरोप है कि वारदात को अंजाम देने में मोहल्ले का विक्की, रोहित, प्रदीप आदि लोग शामिल हैं। जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक, कोतवाली प्रभारी व अन्य पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। घटना की गहनता से जांच की जा रही है। तहरीर के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## तंत्र-मंत्र के बहाने महिला के जेवर और रुपये उड़ाए

जलेसर, अमृत विचार: कस्बे के मोहल्ला माधव नगर में रजनी नाम की महिला तंत्र मंत्र के चक्कर में ठगी की शिकार हो गई। तीन महिलाओं द्वारा ठगी की घटना को अंजाम दिया गया।

जलेसर कोतवाली प्रभारी सुधीर राघव ने बताया कि ठगी करने वाली महिलाओं की तलाश की जा रही है। आरोपी महिलाओं ने किसी प्रकार की लूट न करके पहले तंत्र मंत्र ड्रामा किया। इस दौरान जालसाज महिलाएं 5:30 घंटे तक पीड़ित के घर में रुकीं रहीं। आरोपी महिलाएं अंतिम समय में रजनी को बेहोश करके तीन अंगूठी, एक कुंडल और घर में रखे 20000 रुपए लेकर फरार हो गईं। होश में आने पर रजनी को लूट होने का आभास हुआ। तब उसने पति अजीत को घर बुलाया। साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक छानबीन में प्रथम दृश्य तंत्र-मंत्र के जरिए ठगी का मामला सामने आया है। ठगी करने वाली महिलाओं की तलाश सीसीटीवी फुटेज के सहारे की जा रही है।

# मंदिर की जमीन पर बनाई दीवार बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ढहाई



सोरों जी में बाल्मीकि बस्ती स्थित मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से बनी दीवार ढहाने पहुंचे बजरंग और विहिप कार्यकर्ता।

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचार:** बाल्मीकि बस्ती में मंदिर की जमीन पर गैर समुदाय के व्यक्ति द्वारा बनाई जा रही दीवार बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हटवा दी। भविष्य में दीवार दोबारा न बनाने की चेतावनी दी है।

सोरों कस्बे की बाल्मीकि बस्ती में मंदिर की जगह है। जहां गैर समुदाय के व्यक्ति द्वारा दीवार बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था। बाल्मीकि समाज के लोगों ने इसका विरोध किया और इसकी जानकारी प्रखंड संयोजक गोविंद महेरे को दी।

इस पर गोविंद महेरे बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निर्माण को रुकवाया।

प्रखंड संयोजक ने चेतावनी दी कि भविष्य में इस तरह का दुस्साहस न करें। अन्यथा उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य, विश्व हिन्दू परिषद के विपिन महेरे, कुलदीप माहेश्वरी, सतवीर मौर्य, मनीष बघेल, सूरज मौर्य, देव मौर्य, सुधांशु भारद्वाज, यश महेरे, आकाश गोस्वामी, विकास निर्भय, लव तिवारी, अजय सैनी, रोहित पाल, प्रमोद मौर्य, गोकुल रावत, देवेंद्र शर्मा, विजय माथुर, अभिषेक, भोले गोस्वामी, नन्हे कश्यप, गौरव मिश्रा, अनुज कुमार मौजूद रहे।

# कुरीतियों के खिलाफ जीवन भर लड़ते रहे ललई सिंह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनहित सत्याग्रह मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को ललई सिंह यादव की 113 वीं जयंती मनाई गई। शहर के समीप सियाराम अनोखी देवी मेमोरियल विद्यालय मुजाहिदपुर में अथितियों ने ललई सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनहित सत्याग्रह मोर्चा के अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह यादव ने उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

डॉ. क्रांति कुमार ने कहा कि समाज के लोगों को बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा देने पर बल दिया। डॉ.सतीश, सी.एल गौतम जगदीश बाबू हरीश दिनकर आरपी त्यागी चिरौंजी लाल एडवोकेट पवन गौतम पंकज यादव चरण सिंह यादव ने संबोधित किया।

बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव दबथरा में भी ललई सिंह यादव की 113वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में राकेश यादव, जीतपाल यादव, नंदलाल यादव, साधु यादव, हेमपाल यादव, अरविंद यादव, सतपाल यादव, वीरेंद्र यादव, यशवेंद्र प्रताप यादव आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता का शव घर में फंदे पर लटका मिला

जलेसर, अमृत विचारः एक विवाहिता का शव घर में फंदे पर लटका मिला। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव बुर्ज निवासी राजकुमार की पत्नी प्रीती (26) का रविवार सुबह घर के अंदर शव लटका परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। कुछ ही देर में आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। तत्पश्चात इसकी सूचना जलेसर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। पुलिस विवाहिता की मौत के कारणों की जांच कर रही है। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या की आशंका जताई है।

# बुखार से बच्ची की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में बुखार से पीड़ित बालिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिरहची थाना क्षेत्र के ग्राम नगला भगवत निवासी सतीश चन्द्र की 10 वर्षीय बेटी विजेता को बुखार आया था। 29 अगस्त को उसे उपचार के लिए एटा शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान शनिवार देर शाम विजेता की मौत हो गई। उसके



बालिका की मौत के बाद विलाप करतीं मां और मौजूद परिवार की सदस्य। ● अमृत विचार

पिता सतीश और बाबा चन्द्र प्रकाश ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए डाक्टर के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया। वहीं, कोतवाली नगर में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# शहीद मोहित को समर्पित रहेगा शस्त्र पूजन समारोह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** क्षत्रिय महासभा एवं महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट की एक संयुक्त बैठक राजेश कुमार सिंह के प्रतिष्ठान पर धनपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गोपाली सिंह व मंडल संगठन मंत्री विजयपाल सिंह भदौरिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संगठन का विस्तार करते राजेश कुमार सिंह को महासभा का संरक्षक तथा रूप किशोर सिंह को क्षत्रिय शिक्षक सभा का जिला संयोजक नियुक्त किया गया।

क्षत्रिय महासभा के कोषाध्यक्ष ने कहा कि क्षत्रिय महासभा प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का सबसे क्रियाशील सामाजिक संगठन है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस संगठन का अंग है। जनहित के कार्यों की निरंतरता से ही कोई भी संगठन समाज में स्थान बना पाता है।





संयुक्त बैठक को संबोधित करते हरिप्रताप सिंह राठौड़। ● अमृत विचार

जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि इस वर्ष भी विजयदशमी के उपलक्ष में १२ अक्टूबर को शस्त्र पूजन समारोह सह दशहरा सभा का आयोजन जिला मुख्यालय पर भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन शहीद मोहित सिंह राठौड़ को समर्पित रहेगा।

जिला संयोजक मुनीश कुमार सिंह ने कहा कि आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया निर्णय स्वागत योग्य है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछड़ा और अनुसूचित वर्ग में उप वर्गीकरण और क्रीमीलेयर के संबंध में दिए गए निर्णय पर संसद कानून बनाए, इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के समर्थन में समाज को खड़ा होना चाहिए।

बैठक में प्रताप सिंह आचार्य, संरक्षक राजीव कुमार सिंह राजू भैया, विजय पाल सिंह भदौरिया, विजय रतन सिंह, मुनीश कुमार सिंह, गिरीश पाल सिंह सिसौदिया, अखिलेश चौहान, जगमोहन सिंह राघव, जिला महासचिव रतनवीर सिंह तोमर, जिला सचिव दिनेश सिंह एडवोकेट, अवनीश सोलंकी, दिनेश सिंह एडवोकेट, जिला अध्यक्ष महिला सभा करुणा सोलंकी, सतेंद्र पाल सिंह चौहान, महिपाल सिंह तोमर, विपिन कुमार सिंह, राकेश सिंह, दीपक चौहान, अमित कुमार सिंह सोलंकी, आदि की सहभागिता रही।

## दो जमानतियों समेत तीन पर एफआईआर

बीसलपुर, अमृत विचार: जेल में बंद अभियुक्त की जमानत खेतिहर भूमि के एक ही अभिलेख पर बार-बार लेकर न्यायालय को गुमराह करने पर कस्बा इंचार्ज ने कोतवाली में अभियुक्त और दो जमानतियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कस्बा प्रभारी विपिन शुक्ला ने बताया कि उनको थाना कार्यालय की डाक से 24 अगस्त को प्रदीप उर्फ झंडू निवासी मोहल्ला बख्तावर लाल का जमानत तस्दीक प्रार्थना पत्र महेश चंद्र निवासी सावेपुर व द्वितीय रामचंद्र लाल निवासी ग्राम गागपुर प्राप्त हुआ। इसका मौके पर सत्यापन किया गया। जिसमें पाया कि जामिनदार महेश ने अभियुक्त प्रदीप कुमार जोकि बीसलपुर थाने पर अपराधी है। जमानती महेश व रामचंद्र लाल ने अभियुक्त प्रदीप की जमानत के लिए अपनी भूमिगत गाटा संख्या उपरोक्त का बार-बार प्रयोग कर न्यायालय को गुमराह किया है।

# दुष्कर्म पीड़िता को पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक लाख का चेक भेजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सपा जिला सचिव ने 1.01 लाख, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने दिए एक लाख रुपये
- दातागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा के साथ 6 नवंबर 2023 को हुआ था दुष्कर्म

**अमृत विचार :** दुष्कर्म पीड़िता द्वारा आरोपी से समझौता नहीं करने पर महिला की हत्या के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पीड़िता के परिजन को एक लाख रुपये का चेक सौंपा गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले की जांच के लिए एक प्रतिनिधिमंडल को भेजा था। उसकी रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़िता के परिवार को यह राशि सपा नेताओं ने सौंपी। पार्टी के सविता समाज बरेली ने एक लाख एक हजार और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की ओर से भी एक लाख रुपये की मदद की गई है।

सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने बताया कि दातागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा के साथ 6 नवंबर 2023 को दुष्कर्म हुआ था। जमानत से रिहा होने पर आरोपी और उसके परिजनों ने महिला पर समझौते का दवाब बनाया। आरोप है कि समझौता न करने पर 15 जून 2024 को महिला की हत्या कर दी गई थी। सत्ता पक्ष के एक विधायक की पैरवी पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रही थी। मामला ने तूल पकड़ा तो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 5 जुलाई को सपा का प्रतिनिधिमंडल जांच के लिए बदायूं भेजा था। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश के बाद नेताओं ने पीड़ित परिवार को चेक दिया। सविता समाज की दुष्कर्म पीड़िता के परिजन को पार्टी के सविता समाज बरेली के सपा जिला सचिव ब्रजेश श्रीवास्तव ने अपने समाज के लोगों से एकत्र करके एक लाख एक हजार रुपये, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत सविता ने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की सहायता दी है।

आंवला सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो उनकी आवाज संसद में उठाएंगे। शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव ने कहा कि वह विधानसभा में मुद्दा उठाएंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह, कैप्टन अर्जुन सिंह, बरेली सपा जिला महासचिव बृजेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र श्रीवास्तव, सनोज श्रीवास्तव, प्रशांत यादव, रणधीर यादव, विशाल श्रीवास्तव आदि ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# मंडल के राजस्व न्यायालयों की फाइलों में कैद हैं 93 हजार वाद

बरेली कार्यालय

- कमिश्नरी में हुई कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक के मिनट्स से हुआ खुलासा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार निर्देश जारी कर चुके हैं कि राजस्व न्यायालयों के लंबित वादों का निस्तारण करें। कई जगह ये विवाद खून-खराबा की वजह भी बने हैं, लेकिन फिर भी मंडलभर के राजस्व न्यायालयों की फाइलों में कैद 93 हजार से ज्यादा वादों का निस्तारण करने की राजस्व अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं।

जुलाई में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर, राजस्व वसूली और राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की मिनट्स रिपोर्ट से मालूम हुआ है कि 93 हजार से ज्यादा धारा 30 (भूमि विवाद), धारा 24 (सीमांकन वाद), धारा 34 (नामान्तरण वाद), धारा 116 (बंटवारा वाद) व धारा 80 (भू-उपयोग बदलने का वाद) के वाद बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर जनपदों के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के कोर्ट में विचाराधीन हैं। हजारों ऐसे वाद न्यायालयों में हैं, जो पांच साल से निस्तारण की राह देख रहे हैं। 24 जुलाई को कमिश्नरी सभागार में हुई बैठक के मिनट्स के अनुसार मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने सभी जनपदों के अधिकारियों को समय सीमा के अंदर वाद निस्तारण करने के निर्देश जारी किए हैं। बैठक में जुलाई तक के वादों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

### चारों जिलों में 56 हजार से ज्यादा राजस्व वाद लंबित

राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति से स्पष्ट है कि जनपद बदायूं में लंबित/दायर 36444, बरेली में 44713, पीलीभीत में 22883, शाहजहांपुर में 46494 के सापेक्ष क्रमशः 22435, 26511, 14608 और 30684 वादों का ही निस्तारण किया गया। जनपद बरेली में सबसे ज्यादा 18202 वाद और शाहजहांपुर में 15810 वाद निस्तारण के लिए अवशेष हैं। पांच वर्ष से अधिक अवधि के लंबित वाद जनपद शाहजहांपुर में 681, बदायूं में 587, बरेली में 561 हैं जो अत्यधिक हैं। यह आंकड़े 22 जुलाई तक के हैं।

# महाप्रलय नजदीक, सतभक्ति ही बचाव: संत रामपाल महाराज

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** रविवार को रिजोर क्षेत्र के नामादान केंद्र ग्राम उद्देतपुर में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

संत रामपाल ने प्रवचन के दौरान बताया कि यह संसार स्थायी नहीं है। एक न एक दिन सभी ब्रह्मांड का नाश होना निश्चित है। महाप्रलय कब और कैसे होगी यह निश्चित नहीं है? उन्होंने बताया महाप्रलय तीन प्रकार की होती है। एक तो काल (ज्योति निरंजन) करता है। महाकल्प के अंत में जिस समय ब्रह्मा जी की मृत्यु होती है। ब्रह्मा की रात्रि एक हजार चतुर्युग की होती है तथा इतने ही दिन होते हैं। तीस दिन-रात्रि का एक महीना, 12 महीनों का एक वर्ष, सौ वर्ष का एक ब्रह्मा का जीवन। यह एक महाकल्प कहलाता है। सात ब्रह्मा की मृत्यु के बाद एक विष्णु जी की मृत्यु होती है। सात विष्णु जी की मृत्यु के उपरान्त



सत्संग के दौरान उपस्थित लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

- ग्राम उद्देतपुर में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में सत्संग आयोजित

एक शिव की मृत्यु होती है। इसे दिव्य महाकल्प कहते हैं। उसमें ब्रह्मा, विष्णु, शिव सहित इनके लोकों के प्राणी यानी स्वर्ग लोक, पाताल लोक, मृत्यु लोक आदि में अन्य रचना तथा उनके प्राणी नष्ट हो जाते हैं। उस समय केवल ब्रह्मलोक बचता है, जिसमें यह काल भगवान (ज्योति निरंजन) तथा दुर्गा तीन रूपों महाब्रह्मा-महासावित्री, महाविष्णु-महालक्ष्मी और महाशंकर-महादेवी (पार्वती) के रूप में तीन लोक बनाकर रहता है। इसी ब्रह्मलोक में एक महा स्वर्ग बना है। उसमें चौथी मुक्ति प्राप्त प्राणी रहते हैं। मार्कण्डेय, रूमी ऋषि जैसी आत्मा जो चौथी मुक्ति प्राप्त हैं जिन्हें ब्रह्मलीन कहा जाता है वे यहां के तीनों लोकों के साधकों की दिव्य दृष्टि की क्षमता (रेंज) से बाहर होते हैं। स्वर्ग, मृत्यु व पाताल लोक के ऋषि उन्हें देख नहीं पाते। इसलिए ब्रह्मलीन मान लेते हैं। परन्तु वे ब्रह्मलोक में बने महा स्वर्ग में चले जाते हैं।

## गैंगस्टर एक्ट के दोषी को चार साल कैद

पीलीभीत, अमृत विचार: बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया निवासी रफी अहमद उर्फ पप्पू पुत्र नवी अहमद को दोषी पाते हुए चार वर्ष साधारण कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। जबकि इसी मामले के दूसरे आरोपी ग्राम पौटा निवासी जाहिद उर्फ कालिया की दौरान विचारण मृत्यु होने पर न्यायालय ने 20 नवंबर 2013 को उसके खिलाफ कार्यवाही उपशमित कर दी थी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट अमित कुमार शुक्ला ने की। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पिपरा खास निवासी कृपाल सिंह पुत्र हुलासी राम ने थाने पर चार मई 2008 को शिकायत की। जिसमें बताया कि उसका एक जोड़ भैंसा जिसकी कीमत 22 हजार रुपये थी। वह बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया है। प्रार्थना पत्र में भैंसों का हुलिया भी अंकित किया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी रफी अहमद उर्फ पप्पू को सजा सुनाई।

# भाकियू भानु का धरना छठवें दिन भी जारी



रविवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद भाकियू पदाधिकारी व सदस्य।

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में आने वाले रजवाहों में सिंचाई हेतु अनवरत पानी लाने एवं पुलिस-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय किसान यूनियन भानु गुट का धरना प्रदर्शन रविवार को छठवें दिन भी जारी रहा।

धरना स्थल पर रविवार को जिलाध्यक्ष पंकज ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की टॉलरेंस नीति में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं है, लेकिन तहसील में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जिसके चलते किसान एवं आम नागरिक परेशान हैं। समस्याओं के समाधान हेतु चार सितंबर को तहसील मुख्यालय पर महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे। धरना प्रदर्शन स्थल पर चंद्रपाल सिंह, कालीचरण, ओमेंद्र यादव, मुकेश यादव, अनार सिंह, पप्पू, आकाश गुप्ता, रामवीर सिंह, राजू, गुलशन ठाकुर, पंकज ठाकुर, विकास गुप्ता, विष्णु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऑनलाइन- ऑफलाइन लिए गए आवेदनों पर कल कर सकते हैं आपत्ति

**बरेली, अमृत विचार** बीडीए की ओर से रामगंगा नगर आवासीय योजना के तहत भूखंडों का आवंटन 4 सितंबर को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए 2 से 30 अगस्त तक ऑनलाइन और ऑफलाइन लिए गए आवेदनों पर 3 सितंबर को आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। दो सौ से ज्यादा की संख्या में भूखंडों का आवंटन होना है। बीडीए उपाध्यक्ष मनिकनंदन ए के मुताबिक, रामगंगा नगर आवासीय योजना के तहत अलग-अलग सेक्टरों में आवासीय भूखंडों की बिक्री को लेकर पंजीकरण कराने के लिए 2 से 30 अगस्त तक ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन लिए गए थे। इन तिथियों में आए आवेदनों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन के संबंध में अगर किसी को कोई आपत्ति है तो वह 3 सितंबर को अपराह्न 1 बजे तक दर्ज करा सकता है। मिले पात्र आवेदकों के बीच भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से 4 सितंबर को किया जाएगा। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया अपराह्न 12 बजे से प्राधिकरण की रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-2 में निर्माणाधीन नवीन कार्यालय में होगी।

### विश्वविद्यालय ने प्लेटिनम बैंड में पाया पहला

**बरेली :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण रैंकिंग 2024 की प्लेटिनम बैंड श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि रैंकिंग में विश्वविद्यालय की पहली भागीदारी को चिह्नित करती है, जो मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सहायक वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण रैंकिंग 2024 में यह प्लेटिनम बैंड का दर्जा अथक प्रयासों का प्रमाण है। इस वर्ष की रैंकिंग में भारत भर के 79 उच्च शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया, जिससे यह एक प्रतिस्पर्धी और प्रतिष्ठित मान्यता बन गई।

**खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें**

## 14 जिलों में अखिल भारतीय साहित्य परिषद कराएगी प्रतियोगिता

बरेली कार्यालय

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक रविवार देर शाम प्रभात नगर में हुई। प्रांतीय अध्यक्ष साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा ने बताया कि साहित्य परिषद ने ''कुटुम्ब'' विषय पर कहानी प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनपदों में 5 सितंबर से पांच अक्टूबर के मध्य कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि कहानी प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित होगी।

जनपद स्तर पर चारों वर्गों में विजयी प्रतिभागी अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली प्रांतीय कहानी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रांत स्तर प्रत्येक वर्ग के प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को 2000 रुपये, द्वितीय विजेता को 1500 रुपये और तृतीय विजेता को 1000 रुपये के नकद पुरस्कार और मेडल प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ग में 500-500 रुपये के तीन सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रांतीय संगठन मंत्री निरुपमा अग्रवाल ने बताया कि पहले वर्ग में माध्यमिक शिक्षा के छात्र, द्वितीय वर्ग में उच्च शिक्षा के छात्र, तृतीय वर्ग में 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के साहित्यकार और चतुर्थ वर्ग में 30 वर्ष से अधिक के साहित्यकार प्रतिभाग करेंगे।

### लंबा समय गुजरने के बाद भी शहर के तीनों महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अफसरों की बैठकों में चर्चा होने तक सीमित

## चिड़ियाघर व एम्स की उम्मीद धुंधली, मेट्रो की रफ्तार भी प्रस्तावों में

- वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार बोले- अभी हाल ही टल गया है चिड़ियाघर का मामला
- एम्स का प्रस्ताव रबड़ फैक्ट्री केस में फैसला नहीं आने की वजह से अटका

बरेली कार्यालय

**अमृत विचारः** सीबीगंज में 10 हेक्टेयर भूमि पर चिड़ियाघर बनाने, रबड़ फैक्ट्री की भूमि पर एम्स की स्थापना और शहर में मेट्रो दौड़ाने की उम्मीदें धुंधली हो रही हैं। दावा था कि तीनों प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने के बाद बरेली आर्थिक रूप से समृद्ध ही नहीं बनेगी, हजारों युवाओं के लिए भी नौकरी के द्वार खुलेंगे, लेकिन अब तक ये प्रोजेक्ट अफसरों की बैठक में चर्चा तक सीमित हैं।

मेट्रो तो कई साल से प्रस्तावों में ही दौड़ रही है। बरेली शहर में स्काई वॉक और कुतुबखाना चौराहे पर महादेव पुल बनने से पहले शहर में मेट्रो चलाने की योजना बनाई गई थी। एम्स को लेकर कहा जा रहा है कि बॉम्बे हाईकोर्ट से रबड़ फैक्ट्री की जमीन के मालिकाना हक का केस निस्तारित होने तक यह प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ पाएगा।

हालांकि यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखी जा चुकी है। मुख्यमंत्री की जनवरी में बरेली में समीक्षा बैठक के दौरान भी विधायकों ने एम्स की स्थापना की मांग की थी।

चिड़ियाघर बनने की उम्मीद भी शहरवासियों के लिए धीरे-धीरे निराशा में तब्दील हो रही है। चिड़ियाघर का प्रस्ताव भी आगे नहीं बढ़ा है। सीबीगंज क्षेत्र में रामगंगा नदी के किनारे 10 हेक्टेयर भूमि पर चिड़ियाघर के निर्माण का प्रस्ताव बना था। लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर के बाद बरेली में चिड़ियाघर बनना है। इस संबंध में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार का कहना है कि चिड़ियाघर का प्रोजेक्ट अभी रुक गया है। मुख्यमंत्री ने इस प्रोजेक्ट को बाद में देखने की बात कही है, इसलिए फाइल आगे नहीं बढ़ी है।

### ढाई साल से चल रही है मेट्रो चलाने की कवायद

**बरेली :** बरेली में मेट्रो लाइट परियोजना की एएआर और डीपीआर तैयार की जा रही है। कंसलटेंट एजेंसी राइट्स ने कॉम्प्रेहन्सिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) के डाटा के आधार पर तैयार किए कॉरीडोर का अंतिम रूप से निर्धारण करने पर अफसर विचार-विमर्श कर चुके हैं। अनुमानित तौर पर 12 किमी लंबे पहले कॉरीडोर में रेलवे जंक्शन, चौकी चौराहा, सेटेलाइट बस स्टैंड, रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, फनसिटी, बैरियर-2 तिराहा शामिल है। करीब साढ़े नौ किमी लंबाई के दूसरे कॉरीडोर पर चौकी चौराहा, अयूब खां चौराहा, कुतुबखाना चौराहा, कुहाड़ापीर तिराहा, डेलापीर तिराहा (आईवीआरआई), बैरियर-2 तिराहा शामिल है। प्रस्तावित कॉरीडोर के लिए संबंधित विभागों से अनापत्ति के साथ डिपो के लिए प्रस्तावित भूमि के लिए वन विभाग, एयरफोर्स, लोक निर्माण विभाग, यूनिवर्सिटी से अनापत्ति प्राप्त करने के भी निर्देश दिए जा चुके हैं। कॉरीडोर पर एएआर रिपोर्ट के आधार पर मेट्रो के स्वरूप का निर्धारण होगा। इसकी अनुमानित लागत पांच हजार करोड़ है। यह कवायद चलते ढाई साल हो गए हैं।

## सितारगंज हाईवे : सरनिया में 12 करोड़ का मुआवजा पाने वाला काश्तकार रडार पर

### जांच कमेटी तहसील स्टाफ के साथ 4 सितंबर को मौके पर जाकर करेगी जांच

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** रिंग रोड के लिए अधिग्रहीत सरनिया गांव में जमीनों के मूल्यांकन में गड़बड़ी की जांच के लिए बनाई गई कमेटी चार सितंबर को अपना काम शुरू करेगी। भौतिक सत्यापन कर तय किया जाएगा कि इस गांव में दिया गया मुआवजा सही है या गलत। जांच शुरू होने से मूल्यांकन करने वाली टीम पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है।

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे से बदायूं रोड को जोड़ने के लिए 30 किलोमीटर लंबा रिंगरोड बनाया जाना है जो 21 गांव से होते हुए गुजरेगा। इसके लिए इन गांवों के 12 सौ से अधिक काश्तकारों की 124 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। अनुमानित तौर पर इसके लिए उन्हें करीब 555 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। जमीन का अवार्ड 2023 में हो चुका है। सीबीगंज के गांव सरनिया में गाटा नंबर 156 पर मोहम्मद शाहिद की करीब 10 बीघा भूमि का अधिग्रहण होना है।

इस जमीन के लिए 12.48 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि निर्धारित की गई है। बताया जा रहा है इस परियोजना में किसी जमीन का यह सर्वाधिक मुआवजा है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है जिसमें पीडी एनएचएआई प्रशांत दुबे और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। एनएचएआई के पीडी अवकाश पर हैं। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी नारायण सिंह भी मेडिकल लीव पर हैं। इसी कारण जांच के लिए चार सितंबर की तारीख तय की गई है। बताया जा रहा है कि चार सितंबर को विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, पीडी एनएचएआई, एनएचएआई की तकनीकी टीम, तहसील की टीम और लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता राजीव अग्रवाल मूल्यांकन की जांच करने जाएंगे।

### एक करोड़ से ज्यादा मुआवजा लेने वालों को नोटिस

सितारगंज फोरलेन हाईवे बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एक अधिकारी के मुताबिक उन लोगों पर फोकस किया जा रहा है, जिनके खाते में एक करोड़ या इससे ज्यादा धनराशि मुआवजे के रूप में डाली गई है। इन लोगों को नोटिस देने की तैयारी है। इसके बाद इन लोगों को तलब कर पूछताछ करने के साथ अभिलेखों की भी जांच की जा सकती है। इसमें देखा जाएगा कि मुआवजे की धनराशि जमीन के उपयुक्त मूल्यांकन के आधार पर दी गई है या नहीं।

### जांच कमेटी को आज उपलब्ध कराएंगे अभिलेख

सितारगंज हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण घोटाले में सदर तहसील से नवाबगंज तक करीब 19 किमी के दायरे में हुई गड़बड़ियां की जांच के लिए डीएम ने सीडीओ जगप्रवेश की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर इसमें एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह, बीडीए के सक्षम प्राधिकारी गौतम सिंह को नामित किया है। जांच कमेटी ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी आशीष कुमार से अधिग्रहण से संबंधित सभी रिकॉर्ड मांगे थे। विभागीय जानकारी के अनुसार कमेटी को सोमवार को ये अभिलेख दे दिए जाएंगे।

## जहरीला पदार्थ खाने से छात्रा की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला असदुल्लापुर की रहने वाली 16 वर्षीया छात्रा शनिवार की सुबह स्कूल गई थी। दोपहर बाद वह स्कूल से घर पहुंची और जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई।

परिजन आनन-फानन में उसे नगर के एक डॉक्टर के यहां ले गए। जहां डॉक्टर ने छात्रा की हालत गंभीर बताते हुए उसे तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने छात्रा को बेहोशी की हालत में नगर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उपचार के दौरान रात करीब 12 बजे उसने दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी जुटाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा, लेकिन परिजन इन्कार करने लगे। उन्होंने पुलिस से पोस्टमार्टम नहीं कराने की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी। रविवार को पुलिस ने छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## 400 सीसीटीवी की फुटेज से खुला हत्या का राज

संभल कार्यालय

- लूट का विरोध करने पर बाइक सवार ग्रामीण की दस दिन पूर्व बदमाशों ने कर दी थी हत्या
- पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लूटे गए बैग को किया बरामद

**अमृत विचारः** 10 दिन पहले बाइक सवार ग्रामीण की हत्या के मामले में जनपद पुलिस ने मरने वाले की नवविवाहिता पत्नी पर लगाये गये इल्जामों व नामजद रिपोर्ट को झूठा करार देते हुए वारदात का खुलासा कर एक हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया। चार सौ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस हत्यारे तक पहुंची। यह भी साफ हुआ कि लूटपाट का विरोध करने पर हत्या की गई थी।

22 अगस्त को थाना धनारी थाना इलाके के गांव गौरीपुर निवासी भगवान सिंह नवविवाहिता पत्नी राधिका के साथ बाइक पर सवार होकर ससुराल से घर वापस लौट रहा था। रास्ते में तीन बाइक सवार बदमाशों ने भगवान सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भगवान सिंह के पिता कालीचरण ने पुत्रवधू राधिका व तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक दफ्तर पर एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने खुलासा करते हुए बताया कि भगवान सिंह की पत्नी राधिका बेकसूर है और नामजदगी भी झूठी है। लूट के विरोध पर भगवान सिंह की हत्या की गई थी।

कालीचरण ने एक बदमाश को पकड़ने की कोशिश की तो उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जाते समय बदमाश एक बैग तथा एक बेसर लूट कर ले गए थे। इस मामले में एक आरोपी रामगोपाल उर्फ भब्बल पुत्र मनसुख निवासी गांव अकबरपुर थाना गुन्नौर को गिरफ्तार किया गया है। जबकि दो साथी धर्मपाल पुत्र जबर सिंह व पुरुषोत्तम पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम अकबरपुर थाना गुन्नौर फरार बने हुए हैं। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## राहतः अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में लगे पिंजरे में देर रात कैद हुआ तेंदुआ

रामपुर कार्यालय

- जौहर विश्वविद्यालय के आसपास थी तेंदुआ की दहशत
- वन कमियों के मुताबिक पीलीभीत के जंगल में छोड़ा गया तेंदुआ

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम के ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के पास हॉकी स्टेडियम में लगे पिंजरे में देर रात तेंदुआ फंस गया। आसपास के दर्जनों गांवों में तेंदुए की दहशत थी। पिछले दिनों तेंदुआ विश्वविद्यालय परिसर में भी देखा गया था। तेंदुआ पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पीलीभीत के जंगल में छुड़वा दिया है।

अजीम नगर थाना क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में काफी समय से तेंदुए की दहशत थी। क्षेत्र में करीब 1 वर्ष से तेंदुआ लगातार देखा जा रहा था। 4 माह पूर्व हमसफर चौक पर घूम रहे तेंदुए का वीडियो वायरल हुआ था। 8 दिन पहले तेंदुआ मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की दीवार पर बैठा था। इसके अलावा सींगनखेड़ा, हशमत गंज, शौकत नगर, खड़कपुर, खिजरपुर, बेनजीर पसियापुरा आदि गांवों में भी लोगों ने तेंदुआ देखा था। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पहले भी कई बार पिंजरा लगाया था, लेकिन वह नहीं फंसा था। 5 दिन पहले आलियागंज क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई दिया था।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में पिंजरा लगा दिया था। इसमें बकरी को बंद कर दिया गया था। रात करीब 2 बजे बकरी को शिकार बनाने के चक्कर में तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। स्टेडियम में मौजूद कर्मचारियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। इस पर वन विभाग की टीम पिंजरे में बंद तेंदुए को मंडी समिति ले गई। वहां से तेंदुए को पीलीभीत के जंगल में छोड़ने के लिए भेज दिया गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने तेंदुए को पीलभीत के जंगल में छोड़ दिया है।

### जंगल में दो तेंदुए दिखने से दहशत

**रामपुर, अमृत विचार :** वन विभाग अभी तक तेंदुए को पकड़ने की कोई ठोस योजना नहीं बना सका है। इसके चलते कोसी नदी के किनारे बसे गांवों के लोग दिन ढलते ही घरों में बंद हो जाते हैं। सप्ताह भर से अधिक समय से तेंदुआ कोसी नदी किनारे बसे बेलवाड़ा, जमना-जमनी, चौहद्दा, मिलक-भूबरी और कुंदनपुर आदि गांवों में आतंक मचाए हुए है। तेंदुआ 4 कुत्तों को निवाला बना चुका है। इससे ग्रामीणों में तेंदुए की दहशत है। अभी तक लोगों को एक ही तेंदुए की दहशत थी, लेकिन अब दो तेंदुए दिखाई देने से खलबली मच गई है। रविवार की सुबह जमना-जमनी गांव निवासी हरदीप सिंह, प्रधान के पति राजू सैनी खेतों की ओर जा रहे थे। उन्हें दो तेंदुए घूमते हुए दिखाई दिए। यह देख वह घबरा कर घर लौट आए और लोगों को जानकारी दी। जंगल में तेंदुए का जोड़ा दिखने की जानकारी से पूरे गांव में दहशत फैल गई। किसान खेतों पर जाने से कतराने लगे हैं। दिन ढलते ही ग्रामीण घरों में कैद हो जाते हैं। वन दरोगा शील कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही तेंदुए को पकड़ लिया जायेगा।

## मंडल के राजस्व न्यायालयों की फाइलों में कैद हैं 93 हजार वाद

बरेली कार्यालय

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार निर्देश जारी कर चुके हैं कि राजस्व न्यायालयों के लंबित वादों का निस्तारण करें। कई जगह ये विवाद खून-खराबा की वजह भी बने हैं, लेकिन फिर भी मंडलभर के राजस्व न्यायालयों की फाइलों में कैद 93 हजार से ज्यादा वादों का निस्तारण करने की राजस्व अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं।

जुलाई में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर, राजस्व वसूली और राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की मिनट्स रिपोर्ट से मालूम हुआ है कि 93 हजार से ज्यादा धारा 30 (भूमि विवाद), धारा 24 (सीमांकन वाद), धारा 34 (नामान्तरण वाद), धारा 67 (बंदोबस्त वाद) व धारा 80 (भू-उपयोग बदलने का वाद) के वाद बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर जनपदों के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के कोर्ट में विचाराधीन हैं। हजारों ऐसे वाद न्यायालयों में हैं, जो पांच साल से निस्तारण की राह देख रहे हैं। 24 जुलाई को कमिश्नरी सभागार में हुई बैठक के मिनट्स के अनुसार मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने सभी जनपदों के अधिकारियों को समय सीमा के अंदर वाद निस्तारण करने के निर्देश जारी किए हैं। बैठक में जुलाई तक के वादों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

### चारों जिलों में 56 हजार से ज्यादा राजस्व वाद लंबित

राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति से स्पष्ट है कि जनपद बदायूं में लंबित/दायर 36444, बरेली में 44713, पीलीभीत में 22883, शाहजहांपुर में 46494 के सापेक्ष क्रमशः 22435, 26511, 14608 और 30684 वादों का ही निस्तारण किया गया। जनपद बरेली में सबसे ज्यादा 18202 वाद और शाहजहांपुर में 15810 वाद निस्तारण के लिए अवशेष हैं। पांच वर्ष से अधिक अवधि के लंबित वाद जनपद शाहजहांपुर में 681, बदायूं में 587, बरेली में 561 हैं जो अत्यधिक हैं। सभी जिलों के यह आंकड़े 22 जुलाई तक के हैं।

## रिश्वतखोर इंस्पेक्टर रामसेवक की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

बरेली कार्यालय

- सात लाख लेकर छोड़ दिए थे स्मैक तस्कर, छापा पड़ा तो पिस्टल-कारतूस लेकर भागा
- सस्पेंड कर थाना फरीदपुर में दर्ज किए गए हैं दो केस, 10 दिन बाद भी नहीं आया हाथ

**अमृत विचार :** सात लाख रुपये लेकर दो स्मैक तस्करों को छोड़ देने वाला फरीदपुर का निलंबित इंस्पेक्टर रामसेवक अब तक फरार है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने उसकी गिरफ्तारी के लिए सात सदस्यीय टीम बनाई है। यह टीम पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक के निर्देशन में काम करेगी।

फरीदपुर कोतवाली में तैनात रहे इंस्पेक्टर रामसेवक ने 21 अगस्त की रात गांव नवदिया अशोक निवासी स्मैक तस्कर आलम, नियाज मोहम्मद और अशनूर को गिरफ्तार किया था। इनमें से आलम और नियाज मोहम्मद को सात लाख रुपये लेकर छोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर 22 अगस्त को पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक और सीओ फरीदपुर गौरव सिंह ने छापा मारकर रामसेवक के आवास से करीब 10 लाख रुपये बरामद किए थे। इस दौरान रामसेवक सरकारी पिस्टल और 10 कारतूस लेकर थाने से भाग निकला था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रामसेवक को निलंबित कर दिया था। सीओ फरीदपुर की ओर से उसके खिलाफ बंधक बनाकर रंगदारी वसूल करने और भ्रष्टाचार की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाद थाने के हेड मोहर्रिर की ओर से भी पिस्टल और कारतूस के गबन की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

सीओ हाईवे नितिन कुमार को जांच सौंपी गई है, लेकिन अभी रामसेवक को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। अब उसकी गिरफ्तारी के लिए सीओ हाईवे के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम गठित की गई है। इसमें सर्विलांस सेल के प्रभारी रामगोपाल शर्मा, एसओजी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा, साइबर सेल प्रभारी अभिषेक सिंह, आरक्षी लोकेंद्र, नवीन, संजय, अजय को रखा गया है।

### फलस्तीन का झंडा लहराने पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** हिमांशु पटेल ने एक्स पर वीडियो के साथ अपनी शिकायत एडीजी जोन बरेली, डीजीपी यूपी, बरेली पुलिस और सीएम ऑफिस को टैग की थी। लिखा था, उर्स में आए लोगों के पटेल चौक पर फलस्तीन का झंडा लहराने के मामले में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले की जांच कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा को सौंपी थी। कोतवाली पुलिस ने रविवार को अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी तहसील सदर जिला बरेली**

पुर्नस्थापन प्रार्थना पत्र सं.-204/सन् 20201. श्रीमती रमा देवी पत्नी श्री महेन्द्र पाल 2. शक्ति मौर्य पुत्र महेन्द्र पाल 3. प्रदीप मौर्य पुत्र महेंन्द्र पाल 4. करन मौर्य पुत्र महेन्द्र पाल समस्त निवासीगण ग्राम खलीलपुर, तहसील सदर जिला बरेली पुत्र मोहन लाल बनाम ........... प्रार्थीगण/वादीगण समस्त निवासीगण ग्राम खलीलपुर, तहसील सदर जिला बरेली। बनाम 1. बद्री प्रसाद पुत्र मोहन लाल 2. राजेश कुमार मौर्य पुत्र बद्री प्रसाद 3. अवनेश उर्फ बन्टू मौर्य पुत्र बद्री प्रसाद 4. उमेश कुमार मौर्य पुत्र बद्री प्रसाद .......... प्रार्थीगण/वादीगण निवासीगण ग्राम पस्तौर सी.बी.गंज, परगना, तहसील व जिला बरेली। 5. भगवत सरन पुत्र रामस्वरूप 6. मु. गनेशी पत्नी रामप्रसाद निवासीगण ग्राम खलीलपुर, परगना, तहसील व जिला बरेली। 7. सुपीरियर इण्डस्ट्रीज लि., रामपुर रोड, सी.बी. गंज, बरेली-243502 द्वारा निदेशक नरेश अग्रवाल पुत्र बालकिशन। 8. श्यामपाल सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह 9. श्रीमती हेमलता बाजपेई पत्नी श्यामपाल सिंह 10. सुरेन्द्र पाल मौर्य पुत्र हरीशंकर 11. दिनेश कुमार मौर्य पुत्र हरीशंकर 12. श्रीमती जयदेवी पत्नी हरीशंकर 13. नेकपाल पुत्र मक्खन लाल 14. मुरारी लाल पुत्र त्रिमल 15. चुन्नीलाल पुत्र नन्दराम 16. जोगराज पुत्र दीनानाथ 17. सोवरन पुत्र रामस्वरूप 18. ठाकुरदास पुत्र रास्वरूप 19. श्रीमती हरदेई पत्नी रामस्वरूप 20. श्रीमती लीलावती पत्नी शिवचरन निवासीगण ग्राम पस्तौर, सी.बी.गंज, परगना, तहसील व जिला बरेली। 21. श्रीमती किरन यादव पत्नी स्व. आदर्श कुमार निवासी ग्राम मो. खलीलपुर,परगना, तहसील व जिला बरेली । प्रतिवादीगण धारा-24 उ.प्र.रा.सं.

ग्राम खलीलपुर, पर. तह. सदर, जिला बरेली चूंकि मुसम्मी श्रीमती रमा देवी ने आपके नाम एक नालिश वास्ते तूदाबन्दी अंतर्गत धारा -24 उ.प्र. राज. संहि. की दायर की है। लिहाजा आपको दिया हुक्म जाता है कि आप बतारीख -10.9.24 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जबावदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हों अन्यथा आपकी गैर मौजूदगी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज बतारीख 27.8.24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया

**अपर उपजिलाधिकारी सदर बरेली**


### समस्या

### प्रधान बोले- भरण पोषण के लिए 50 रुपये प्रति गोवंश की धनराशि नाकाफी, गोशाला में आश्रित पशुओं के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

## खूब हुए प्रयास, गोवंश को आश्रय मिला न खाने को पर्याप्त चारा

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांवों में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन होने के बावजूद गोशालाओं में आश्रित गोवंश को अभी भी पर्याप्त हरा चारा नहीं मिल पा रहा है।

ग्राम पंचायत करेली में संचालित गोशाला में करीब 250 गोवंश हैं। इस ग्राम पंचायत में 50 एकड़ से अधिक सरकारी जमीन उपलब्ध है। इसमें 20 एकड़ जमीन पर वन विभाग ने बबूल का पौधारोपण कराया था, जिसे कटवाया जा चुका है, लेकिन उसमें चारे की बुवाई की व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है। जबकि चार वर्ष पूर्व गोशाला का उद्घाटन करने के दौरान तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने सरकारी जमीनों पर हरे चारे की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया था।



बिलसंडा के गांव लिलहर के पंचायत भवन के बाहर छुट्टा गोवंश। ● अमृत विचार

जिन ग्राम पंचायतों में गोशालाएं बनी हुई हैं। वहां सरकारी जमीनों को शीघ्र ही कब्जा मुक्त कराकर चारे की बुवाई कराई जाएगी। इसकी प्रक्रिया चल रही है। छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र की कई गोशालाओं में विस्तारीकरण कार्य चल रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा जिन ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। गोशालाओं का निर्माण कराए जाने की प्रक्रिया भी अमल में लाई जाएगी। - **अमित कुमार शुक्ला, बीडीओ बिलसंडा**

बता दें कि मौजूदा वक्त में गांव मरौरी खास, दियुरिया कलां, बकैनिया तालुके रामपुर अमृत, सिमरा महीपत, सिंधौरा खरगपुर, करेली, मीरपुर बिलासपुर, तिलसंडा हसौआ,, महोलिया, पंडरी मरौरी, चपरौआ कुइयां,बेहटी एवं नगर समेत दर्जन भर स्थानों पर गोशालाएं संचालित हैं। इनमें से अधिकांश में आश्रय प्राप्त पशुओं को भरपेट चारा नसीब नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से पशुओं का स्वास्थ्य भी काफी खराब हो जाता है।

उधर, गांव तिलसंडा हसौआ के प्रधान रक्षपाल का कहना है कि उनके गांव में गोशाला संचालित है। जिसमें करीब 30 गोवंश आश्रित हैं। उनके भरण-पोषण के लिए सरकार की ओर से मिलने वाली धनराशि का समय पर भुगतान नहीं मिल पाता। अपनी कई बीघा जमीन गिरवी तक डालनी पड़ गई। बावजूद इसके समय पर भुगतान की अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। गोशाला संचालकों का कहना है कि समय पर भुगतान न मिलने की वजह से संचालन करने में दिक्कत हो रही है।

### सरकारी जमीनों पर हो चारा बुवाई तो सुधरें हालात

गोशालाओं का संचालन कर रहे अधिकांश प्रधानों का कहना है कि सरकार द्वारा प्रति गोवंश सिर्फ 50 रुपये प्रति दिन भरण पोषण के लिए दिया जा रहा है, जोकि नाकाफी है। मौजूदा वक्त में भूसे की कीमत हजार रुपये कुंटल के आसपास है। प्रति गोवंश हर रोज करीब तीन से चार किलो भूसा खाया जाता है। ऐसी स्थिति में गोशाला का संचालन कर पाना मुश्किल हो रहा है। हर महीने घाटा होने की वजह से दिक्कत होती है। गांव करेली की मौजूदा प्रधान ने कई बार इस समस्या को लेकर लिखित रूप से अधिकारियों को अवगत भी कराया, लेकिन व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं हो सका। ब्लॉक क्षेत्र की सबसे बड़ी गौशाला होने की वजह से गोवंशियो की संख्या भी सर्वाधिक है। ऐसे में हर महीने हो रहे घाटे की भरपाई कहां से होगी। कमोबेश यही स्थिति अन्य गोशालाओं का संचालन कर रहे प्रधानों के सामने है। यह भी कहना है कि प्रशासन अगर सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराकर उनमें चारा बुवाई की व्यवस्था करा दे, तो कुछ हद तक नुकसान की भरपाई और स्थिति में सुधार हो सकेगा।

## दबंगईः होमगार्ड की बेटी को फिर उठा ले गए आरोपी

बरेली कार्यालय

- कथित पत्रकार और अधिवक्ता समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** भोजीपुरा इलाके में होमगार्ड की बेटी के अपहरण के आरोपियों ने उसे दोबारा अगवा कर लिया है। इस मामले में अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा के आदेश पर किला पुलिस ने एक कथित पत्रकार और अधिवक्ता समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इधर, बताया जा रहा है कि अधिवक्ता के खिलाफ पहले भी एक रिपोर्ट थाना भोजीपुरा में दर्ज हो चुकी है।

भोजीपुरा के एक गांव के होमगार्ड की बेटी को गांव का ही दूसरे समुदाय का युवक 13 जुलाई को उस समय अगवा कर ले गया था, जब वह कोचिंग पढ़ने जा रही थी। होमगार्ड की पत्नी की ओर से गांव के अरशद के खिलाफ 16 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। भोजीपुरा पुलिस ने अगवा की गई छात्रा को बरामद करने के बाद कोर्ट में उसका बयान दर्ज कराया था। कोर्ट ने छात्रा को उसकी इच्छा के मुताबिक सुरक्षा के साथ उसकी ननिहाल भेज दिया था। अरशद 17 अगस्त को उसे वहां से फिर अगवा कर ले गया। किला पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने पर छात्रा के माता-पिता ने एडीजी को आपबीती सुनाई। एडीजी के आदेश पर किला पुलिस ने अरशद, उसके पिता अख्तर खां और छात्रा के अपहरण मदद के आरोपी अधिवक्ता अब्दुल शाहिद और कथित पत्रकार जमशेद खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई के लिए वृंदावन में होगी धर्म संसद

## 27 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में दुनियाभर के संत होंगे शामिल

संवाददाता, मथुरा



- लड़ाई को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर किसी से सहयोग मांग रहे आंदोलनकारी

**अमृत विचारः** श्रीकृष्ण जन्म भूमि के एक हिस्से में बनी शाही मस्जिद ईदगाह को हटाकर कब्जाई गई भूमि विराजमान ठाकुर केशव जी महाराज को सौंपे जाने के लिए चल रही कानूनी लड़ाई के साथ-साथ अब दुनिया भर में जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

रविवार को श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि 27 नवंबर में अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन वृंदावन में किया जाएगा। इसमें वृहद स्तर पर जन आंदोलन शुरू करने की संत महात्मा अपनी रणनीति तय करेंगे। वृंदावन स्थित श्रीकृष्णा इंटरनेशनल होटल में श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास और श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद के वादी अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि न्यायालय में श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास श्रीकृष्ण जन्म भूमि की करीब 13 एकड़ भूमि है। इसी भूमि पर ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान थे, लेकिन मुगल बादशाहों ने ठाकुर जी के भव्य मंदिर को तोड़कर करीब ढाई एकड़ जमीन पार शाही मस्जिद ईदगाह का निर्माण करा दिया था। तभी से इस ढाई एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त करने का विवाद चला आ रहा है। यह मामला हाइकोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष को जन आंदोलन के रूप में दुनिया भर मे खड़ा किया जाएगा। इसके लिए 27 नवंबर को वृंदावन में अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा।

# 66 जिले नहीं दे पाए ऑडिट उपभोग प्रमाण

**लखनऊ, अमृत विचार :** मनरेगा योजना अंतर्गत 66 जिले मुख्यालय को ऑडिटेड उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। जो समय पर न मिले तो बजट नहीं मिलेगा।

मनरेगा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 का जिलों से श्रमांश, सामग्री एवं प्रशासनिक मद में खर्च धनराशि ऑडिटेड उपभोग प्रमाण पत्र मुख्यालय ने मांगे हैं। लेकिन, 66 जिले खर्च धनराशि का प्रमाण पत्र नहीं दे पाए हैं। जो इस माह अंत तक हरहाल में देना हैं।

यदि प्रमाण पत्र न मिले तो केंद्र से श्रमांश एवं सामग्री मद की द्वितीय भाग की प्रथम किस्त नहीं जारी होगी। इसका असर श्रमिकों के कार्यों पर पड़ेगा। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने संबंधित जिलों को पत्र जारी करके ऑडिटेड उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

# दुष्कर्म का प्रयास करने वाले से भिड़ी बहादुर बेटी, खदेड़ा

शुजागंज, अयोध्या

- रुदौली में गैर सम्प्रदाय के युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** रुदौली थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को अकेला पाकर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले को जान के लाले पड़ गए। बहादुर किशोरी खुद को बचाने के लिए आरोपी युवक से भिड़ गई। बहादुर बिटिया ने न केवल थप्पड़ों से उसका मुंह लाल किया बल्कि हंसिया लेकर दौड़ा लिया। जिसके चलते युवक को भागना पड़ा। इस घटनाक्रम में विधायक रामचंद्र यादव के दखल के बाद पुलिस ने गैर संप्रदाय के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इलाके में बहादुर बालिका की खूब चर्चा है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को रुदौली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान वहां पहुंचे गैर सम्प्रदाय के युवक ने छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया तो किशोरी उससे भिड़ गई। पहले तो उसने युवक को कई थप्पड़ जड़े उसके बाद हंसिया लेकर दौड़ा लिया।

बालिका ने घर पहुंचकर आप बीती बताई तो घर वालों ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर शिकायत पत्र दिया लेकिन केस नहीं दर्ज किया गया। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने विधायक रामचंद्र यादव से शिकायत की। विधायक ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने को कहा तब जाकर केस दर्ज किया गया। मामले में पुलिस ने गैर संप्रदाय के सोनू नामक युवक की गिरफ्तारी की है। इस संबंध में रुदौली प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### मायावती पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक को हत्या की धमकी

**मथुरा, एजेंसी :** जिले की मांट सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजेश चौधरी ने जान से मारने की धमकी मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। चौधरी ने 23 अगस्त को एक टेलीविजन परिचर्चा के दौरान मायावती को सबसे भ्रष्ट नेता बताया था। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आजाद समाज पार्टी के प्रमुख एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उनकी टिप्पणी की कड़ी आलोचना की थी। चौधरी ने शनिवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 25 अगस्त की रात को किसी ने फोन करके उन्हें और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के मुताबिक, 30 अगस्त को भी किसी ने चौधरी को फोन करके गाली-गलौज की और जाति सूचक अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकाया कि तुम टीवी पर बहुत बयान देते हो। हम तुम्हें देख लेंगे। हमारे नेता ने हमें तुम्हें जान से मारने का आदेश दिया है।

### शामली में होटल व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी :** शामली जिले के कोतवाली थाना इलाके में रविवार सुबह सैर पर निकले एक होटल व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार, कैनाल रोड पर सुबह की सैर के लिए निकले होटल व्यवसायी शिव कुमार कंबोज (60) को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। शामली के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कंबोज का शव नहर रोड पर मिला। पुलिस की चार टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। पुलिस के मुताबिक, हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। कंबोज प्रॉपर्टी डीलर का काम भी करते थे।

### नये आयोग से अब जल्द शुरू होगी शिक्षकों की भर्ती

**लखनऊ, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष पद पर नियुक्त प्रोफेसर कीर्ति पांडेय शीघ्र कार्यभार ग्रहण करेंगी। आयोग में नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अब आयोग से शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी आएगी। पिछले दिनों आयोग में सचिव पद पर तैनाती की गई थी। आयोग ने अपना कार्य शुरू कर दिया था, पर नियमित अध्यक्ष न होने के कारण शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही थी। 'अमृत विचार' से बातचीत में प्रो. कीर्ति पांडेय ने शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने की जानकारी साझा करते हुए अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा और नई नियुक्तियों से पूर्व एक समिति का गठन करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। यह समिति बेसिक से लेकर अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक, एडेड महाविद्यालय सहित कई और शिक्षण संस्थानों में शिक्षक भर्तियों को लेकर एक कार्ययोजना तैयार करेगा।

### एडवांस सिस्टम से लैस होगा लिंक एक्सप्रेस-वे

**अमृत विचार, लखनऊ।** सभी एक्सप्रेस-वे को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने की प्रक्रिया अब सरकार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) से लैस करने जा रही है। यूपीडा ने क्रियान्वित करते हुए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले, यूपीडा द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को भी आईटीएमएस युक्त करने की प्रक्रिया को लेकर भी कार्य शुरू किया गया था जो कि निरंतर प्रगति पर है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को आईटीएमएस इनेबल्ड बनाने के लिए जो कार्ययोजना तैयार की गई है उसके अनुसार इस एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक मैनेजमेंट कमांड सेंटर की स्थापना होगी। इसके जरिए ट्रैफिक मॉनिटरिंग व मैनेजमेंट प्रक्रिया को बल मिलेगा। ट्रैफिक मैनेजमेंट कंट्रोल (टीएमसी) यूनिट को रिकॉर्डिंग सर्वर स्टोरेज व बैकअप रिकॉर्डिंग्स सर्वर युक्त किया जाएगा। मोशन डिटेक्शन सर्विलांस कैमेरा व व्हीकल स्पीड डिटेक्शन सिस्टम को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ लगाया जाएगा। इससे, ओवरस्पीडिंग करने वाली गाड़ियों के विषय में अलर्ट जारी हो सकेगा और कंट्रोल रूम द्वारा इसे तुरंत ट्रैक किया जा सकेगा।

# मेरठ में छात्रा का अपहरण कर गैंगरेप, रिपोर्ट दर्ज

मेरठ, संवाददाता

- फरार अन्य आरोपियों को तलाश रही है पुलिस
- आरोपियों ने परिजनों पर फायरिंग की और भाग निकले

**अमृत विचारः** जिले के फलावदा थाना क्षेत्र में एक दलित छात्रा से दूसरे समुदाय के युवकों द्वारा गैंगरेप किया गया। छात्रा के परिजनों का आरोप है कि बेटी शौच के लिए खेत में गई थी, तभी आरोपी युवक उसे बंधक बनाकर ले गए और दुष्कर्म किया। पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस फरारा आरोपियो की तलाश कर रही है। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा होने पर हिंदू संगठनों के लोगों ने हंगामा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

फलावदा थाना क्षेत्र के गांव निवासी 15 वर्षीया छात्रा 11वीं में पढ़ती है। गुरुवार को उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसे अगवा कर दौराला थानाक्षेत्र के गांव लोइया के जंगल में ले गए। आरोपियों ने 24 घंटे से अधिक समय तक पीड़िता को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट भी की। जब परिजन और ग्रामीण पीड़िता को तलाशते हुए मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी और धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता के पिता ने बताया कि वह मजूदरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। उसने बेटी के लिए न्याय की मांग की है।

# सेप्टिक टैंक में गिरकर दो सगे भाइयों की मौत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम जिगिना में शौचालय के लिए खोदकर छोड़े गए 20 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। परिवार के दोनों बच्चों की एक साथ मौत हो जाने पर परिवार पूरी तरह बदहवास हो गया है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिगिना गांव निवासी दिवाकर मेंहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। दिवाकर दो बेटे सत्यम (11) और शुभम (9) रविवार सुबह घर से शौच के लिए निकले थे। दिवाकर के घर के बगल में ही शौचालय के लिए लगभग 20 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया है।

# किशोरी का अपहरण कर होटल में किया दुष्कर्म, थाना प्रभारी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- चौकी इंचार्ज ने एक लाख में कराया समझौता, एसपी ने किया निलंबित

**अमृत विचार :** शहर में एक अपहरणकर्ता ने 16 साल की किशोरी का अपहरण कर होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी के मामा का आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने एक लाख रुपए में जबरन मामले में सुलह करा दिया। आरोपी से 50 हजार खाते में ऑनलाइन भिजवाया और बाकी नकद दिलाया। मामा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर घटना की शिकायत की। इस पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं त्रिलोकपुर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार को निलंबित कर दिया है।

घटना 22 अगस्त की मसौली थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर पुलिस चौकी के एक गांव की है। जहां 16 साल की दलित किशोरी खेत से घर लौट रही थी। इसी दौरान पास के गांव के रहने वाले आरोपी अंकित वर्मा ने कार में पीड़िता को बैठा लिया। अपहरणकर्ता अंकित ने इसके बाद शहर के एक होटल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। वहां से किसी दूसरे शहर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी 25 अगस्त को किशोरी को गांव के बाहर छोड़कर चला गया। इसके बाद मामले की जानकारी होने पर पीड़िता के मामा ने चौकी त्रिलोकपुर आकर तहरीर दी। आरोपी अंकित पीड़ित के पास के गांव का रहने वाला है। वहीं किशोरी के मां बाप नहीं हैं। इसलिए वह अपने मामा के घर रहती है। किशोरी के मामा ने बताया कि 28 अगस्त को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चौकी पर बैठा रहा। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मामा का कहना है कि चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने एक लाख रुपए में समझौता कर जबरन आरोपियों से सुलह करा दिया। चौकी व थाने की पुलिस ने मामले को दबाने का हरसंभव प्रयास किया। जब मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को की गई। इसके बाद आला अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया तो जिला स्तर पर भी मामले की पड़ताल हुई। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर, उसके बाद जेल भेज दिया गया। पीड़िता का मेडिकल भी कराया गया।

# 37 अपर पुलिस अधीक्षक हुए इधर से उधर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- डीएसपी से प्रोमोशन पाए अधिकारियों का भी तबादला

**अमृत विचारः** शासन ने एएसपी स्तर के 37 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें से कई अधिकारी ऐसे हैं जो अभी हाल ही में डिप्टी एसपी से एडिशनल एसपी प्रमोट हुए हैं। जबकि कई अधिकारियों को पीएसी एवं अन्य स्थानों पर भेजा गया है।

भीम कुमार गौतम को एएसपी देवरिया से एएसपी एटीएस लखनऊ भेजा गया है, सुनील कुमार सिंह एएसपी गोरखपुर से एएसपी देवरिया, श्वेताभ पांडेय अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज से एएसपी साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ, दिगंबर कुशवाहा एएसपी औरैया से उपसेनानायक 12वीं पीएसी फतेहपुर, आलोक मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक बदायू से अपर पुलिस अधीक्षक औरैया, लक्ष्मी निवास मिश्रा एएसपी बांदा से एएसपी भ्र.नि.स. मुख्यालय लखनऊ, शिवराज एएसपी यातायात बरेली से एएसपी बांदा, मो. अकमल खान एएसपी अलीगढ़ से एएसपी यातायात बरेली, अतुल कुमार चौबे एएसपी श्रावस्ती से एएसपी यातायात मुजफ्फरनगर, कुलदीप सिंह एएसपी यातायात मुजफ्फरनगर से अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, नवीन कुमार सिंह एएसपी रायबरेली से अपर पुलिस आयुक्त लखनऊ भेजा गया है।

इनके अलावा प्रमोद कुमार यादव एएसपी बलरामपुर से एएसपी एटीसी सीतापुर, डॉ अनूप सिंह एएसपी बुलंदशहर से उपसेनानायक 24वीं वाहिनी मुरादाबाद, अशोक कुमार वर्मा एएसपी कौशांबी से उपसेनानायक 26वीं वाहिनी गोरखपुर, राजेश कुमार सिंह एएसपी फिरोजाबाद से एएसपी कौशांबी, सत्यम एएसपी महोबा से उपसेनानायक 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़, वंदना सिंह एएसपी रायबरेली से एएसपी महोबा, अशोक कुमार अपर पुलिस आयुक्त से उपसेना नायक 20वीं पीएसी आजमगढ़, राजेश कुमार यादव एएसपी सीतापुर से अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ, अर्चना सिंह एएसपी अयोध्या से एएसपी पीएसी मुख्यालय लखनऊ, धनंजय सिंह कुशवाहा एएसपी एटा से अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ, कृपाशंकर अपर पुलिस आयुक्त लखनऊ से एएसपी बलिया, राजकुमार सिंह अपर पुलिस आयुक्त से वाराणसी से एएसपी एटा, मनोज कुमार गुप्ता फिरोजाबाद से एएसपी हमीरपुर, हिमांशु गौरव एएसपी फिरोजाबाद से अपर पुलिस उपायुक्त आगरा, प्रभात कुमार एसीओ जोन वाराणसी से एएसपी अभिसूचना बरेली, नरेश कुमार अपर पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से एएसपी बुलंदशहर, विजय आनंद एएसपी सहारनपुर से उपसेना नायक 48वीं वाहिनी पीएससी सोनभद्र, सुशील कुमार गंगा प्रसाद अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर से एएसपी वाराणसी, अरुण कुमार सिंह एएसपी सीतापुर स एएसपी अभिसूचना अयोध्या, रुकमणि वर्मा एएसपी यूपी पीसीएल से एएसपी वीमन पावर लाइन, ममता कुरील उपसेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर से एएसपी अलीगढ़, राजेश तिवारी एएसपी अयोध्या से एएसपी केस्को कानपुर, मायाराम एएसपी हमीरपुर से एएसपी पीटीएस सुल्तानपुर, राजकुमार एएसपी (प्रतीक्षारत) एएसपी पुलिस मुख्यालय को किया गया है।

### तीन पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** शासन ने तीन पीसीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें प्रफुल्ल त्रिपाठी को अपर जिलाधिकारी न्यायिक हरदोई बनाया गया है। जबकि अभिषेक पाठक को ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी का ओएसडी और रेनू सिंह अपर आयुक्त कानपुर बनाई गई हैं।

### आठ पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

शासन रविवार को आठ पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला कर दिया। प्रीति खरवार को क्षेत्राधिकारी बस्ती से सहायक सेनानायक पीएसी गाजियाबाद, अवधेश कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक ईओडब्ल्यू से पुलिस उपाधीक्षक जालौन, संदीप कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या से पुलिस उपाधीक्षक मथुरा बनाया गया है। आसुतोष शिवम को हापुड़ से बरेली पुलिस उपाधीक्षक, अनीता चौहान को बरेली से हापुड़ पुलिस उपाधीक्षक, विजय कुमार राना को पुलिस उपाधीक्षक कासगंज से सहायक सेनानायक पीएसी बरेली बनाया गया, बीएस वीर कुमार को पुलिस उपाधीक्षक शाहजहांपुर से सहायक पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर, दीपांशी राठौर को पुलिस उपाधीक्षक संतकबीर नगर से गोरखपुर भेजा गया है।

# पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती परीक्षा पेपर हैक करने वाले गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो आपरेटर भर्ती परीक्षा का पेपर हैक कर लीक करने वाले गैंग के सरगना समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अजय कुमार मौर्या, उमेश कुमार भरद्वाज, हिमांशु त्रिपाठी के रूप में हुई थी। इसके अलावा एक केंद्र व्यवस्थापक भी इसमें शामिल है। ये सभी परीक्षा को एएनवाईडीईएसके एप के जरिए हैक कर रहे थे। प्रत्येक अभ्यर्थी से लाखों रुपए पास कराने के नाम पर लिए जाते थे। फिलहाल वाराणसी पुलिस ने सभी को मेडिकल के बाद जेल भेज दिया है।

वाराणसी साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय नारायण मिश्र के अनुसार, पहली फरवरी 2024 को रेडियो आपरेटर की परीक्षा वाराणसी में हुई थी। इस दौरान करन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी हनुमानगंज, नई बाजार चमरहां सेंटर पर इंविजिलेटर ऋत्विक शंकर सिंह की ड्यूटी लगी थी। उन्होंने परीक्षा सेंटर के कम्प्यूटर इंचार्ज उमेश भरद्वाज को परीक्षार्थी मनोज यादव, रोल नंबर- 21184307011 और एक अन्य अभ्यर्थी साहिल के सिस्टम में छेड़छाड़ करते पकड़ा था।

## वर्ग पहेली-179

बाएं से दाएं

4.1. कष्ट या विपत्ति में पड़ा हुआ, दुख

5.1. किसी वस्तु

6. जुआ

8. अंदर पहनने का ख़ास कपड़ा, अंतर्वस्त्र, (अंडरवियर), अंतरौटा।

ऊपर से नीचे


1.1. एक प्रकार का अनाज 2. तूंबी।

2. ढालने का काम करने वाला।

3. बहुत अधिक विनाश, महाप्रलय।

5.1. फैलाया हुआ 2. ताना हुआ (धनुष आदि) 3. निरंतर, लगातार, अविच्छिन्न।

7.1. व्यथा, कष्ट 2. मानसिक और शारीरिक पीड़ा होने पर मुख से निकलने वाला शब्द 3. किसी को दी जाने वाली बददुआ।



### वर्ग पहेली -178 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 इ | शा | 2 अ | त |
| 3 धँ | | | | नु | |
| धु | | | 4 ब | च | ना |
| 5 आ | यु | धा | गा | र | |
| ना | | | व | | 6 मा |
| | 7 च | 8 क | ती | | पां |
| | | लाँ | | 9 फें | क |

## सुडोकू-92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 8 | | |
| 7 | | 5 | 2 | | | 4 | | |
| 6 | | | 5 | | | 1 | | |
| 4 | 5 | | 8 | | | 9 | 3 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | 2 | | | 9 | | 7 | 6 |
| | | 8 | | | 6 | | | 9 |
| | | 4 | | | 3 | 7 | | 2 |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |

### सुडोकू -91 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 2 | 6 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या पूर्ण रात्रि।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मघा 3 सितंबर 12.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। मौसमी बीमारियों के कारण आपको समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर आप थोड़ा परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन की समस्याओं का समाधान होगा।

**वृष** — आज परिवार के लोग आपकी बातों का मजाक उड़ा सकते हैं। जिद्दीपन वाले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। थकान और कमजोरी होने की संभावना है। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन** — आज आपको अच्छे संपर्कों का लाभ अवश्य मिलेगा। छोटे भाई बहनों की उन्नति से आप प्रसन्न होंगे। लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मार्केटिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन अनुकूल है।

**कर्क** — आज सोचे हुए कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संपत्ति में आप धन निवेश कर सकते हैं। दिन प्रसन्नता और उत्साह से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अपने मन की बातें शेयर करना उचित होगा। जूनियर्स का अच्छा सहयोग प्राप्त हो सकता है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**सिंह** — आज कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है। सभी आवश्यक कार्य बिना बाधा के पूर्ण हो जाएंगे। वाणी में सौम्यता से आपको सम्मान मिलेगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। संतान के रवैये से आप संतुष्ट रहेंगे।

**कन्या** — आज प्रेमी जन के साथ समय बिताएंगे। पेट में कब्ज और अपच की समस्या हो सकती है। आकस्मिक यात्रा की संभावना बन सकती है। शेयर मार्केट में संभल कर निवेश करें। रिश्तेदारों पर ज्यादा भरोसा करना उचित नहीं है।

**तुला** — आज घर में मेहमान आने के योग बन रहे हैं। प्रणय जीवन का भरपूर आनंद उठाएंगे। गूढ़-गंभीर मुद्दों पर विमर्श करने की योजना बना सकते हैं। दूसरों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। जॉब में आपके अधिकार बढ़ने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे,जिसके सार्थक परिणाम भी आपको जल्द प्राप्त होंगे। छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का विकास होगा। विरोधी आपके मित्र बन सकते हैं।

**धनु** — आज यदि यात्रा कर रहे हैं तो सामान के प्रति विशेष सावधानी रखें। अनावश्यक कार्यों के लिए अपना समय बर्बाद न करें। क्रोध और अहंकारी व्यक्तित्व के प्रदर्शन से आपको बचना चाहिए। संयम से काम लेंगे तो सफलता मिलेगी।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापारियों को ग्राहकों के साथ अपने संबंध अच्छे रखने चाहिए। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। गलत कार्यप्रणाली से आपको बचना चाहिए। विद्यार्थियों को पढ़ाई में ध्यान रखना पड़ेगा। आप शुभ कार्यों में धन खर्च करेंगे।

**कुंभ** — आज छोटी दूरी की यात्रा करने का विचार बनाएंगे। गले में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। विवाहेतर संबंधों के कारण मुश्किलें पैदा होंगी। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। मन में अस्थिरता और तनाव की स्थिति रहेगी।

**मीन** — आज भविष्य के लिए आप बड़ी योजना बना सकते हैं। किसी मांगलिक कार्य में आप सम्मिलित हो सकते हैं। काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। अचानक धन लाभ होने की प्रबल संभावना है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन
सुबह : 09.00
वफादार
रात : 07.14

&pictures
सिर्फ तुम
सुबह : 10.44
बवाल
रात : 08.00

SONY PIX
द मॉस्क
सुबह : 10.31
जॉन विक : चैप्टर 2
रात : 09.00

StarGOLD
सिविल वॉर
सुबह : 11.06
गार्डियन्स ऑफ द गैलेक्सी 3
रात : 09.07

colors CINEPLEX
गालोडु
सुबह : 11.44
सैंधव
रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर सुबह : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यात्री-क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?
स्टेशन मास्टर- नहीं यहां सिगरेट पीना सख्त मना है।
यात्री - फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?
स्टेशन मास्टर - ये उन लोगों ने फेंके हैं,जो पूछते नहीं है।

दुकानदार-बताइए जनाब क्या चाहिए?
चिंटू- अपने होने वाली बीवी के कुत्ते के लिए केक चाहिए।
दुकानदार- यहीं खाओगे या पैक कर दूं?

## एक नजर

### नीट-यूजी 24 पर फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका

नई दिल्ली। नीट-यूजी 24 पर सिरे से कराने का अनुरोध रद्द करने संबंधी सुप्रीम आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने दो अगस्त के आदेश में कहा था कि वर्तमान में रिकॉर्ड पर कोई पर्याप्त सामग्री नहीं है जो परीक्षा की शुचिता से समझौता करने वाले किसी प्रणालीगत लीक या कदाचार का संकेत दे। काजल कुमारी द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में न्यायालय के आदेश पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया गया है। कोर्ट ने इसरो के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में केंद्र द्वारा नियुक्त समिति के कार्यक्षेत्र का विस्तार किया था।

### सौतेली बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता गिरफ्तार

गंगटोक। सिक्किम के सोरेंग जिले में नौ साल की सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में पिता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह मामला तब सामने आया जब बच्ची 30 अगस्त को नियमित जांच के लिए सोरेंग के जिला अस्पताल गई थी। अस्पताल प्रशासन ने जिला पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके सौतेले पिता ने कुछ महीनों में उसके साथ चार बार दुष्कर्म किया है।

### धोखाधड़ी के आरोप में तीन शिक्षिकाओं पर केस

ठाणे। तीन शिक्षिकाओं पर सहकर्मी से धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। भिवंडी टाउन पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी शिक्षिकाओं में से एक ने सहकर्मी को बैंक से 10 लाख का ऋण लेने और फिर उसे देने के लिए राजी किया। यह मामला जुलाई 2020 का है। आरोपी ने सहकर्मी को तीन लाख तो वापस दिए, लेकिन शेष राशि देने के बहाने वह उसका आधार और पैन कार्ड ले गई और फिर सहकारी बैंक से दूसरा ऋण ले लिया। आरोपी ने सहकर्मी के नाम पर 15 लाख का ऋण लिया था।

### पूर्व विधायक आसिफ की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की सत्र अदालत ने भूमि अतिक्रमण मामले में मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा 2018 में छह महीने कैद की सजा सुनाने के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान की अपील खारिज कर दी। अदालत जसोला में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की भूमि पर अतिक्रमण के मामले में सजा के आदेश के खिलाफ खान की अपील पर सुनवाई कर रही थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा कि निर्देश दिया कि खान को सजा काटने के लिए न्यायिक हिरासत में ले लिया जाए।

# ठाकरे ने अक्षम्य तो पवार ने बताया भ्रष्टाचार

## छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा ढहने के विरोध में गेटवे ऑफ इंडिया तक एमवीए ने निकाला मार्च

- राजकोट किले में 26 अगस्त को गिर गई थी मराठा योद्धा की प्रतिमा
- नौसेना दिवस पर प्रधानमंत्री ने किया था प्रतिमा का अनावरण

मुंबई, एजेंसी

राकांपा-एसपी सुप्रीमो शरद पवार और शिवसेना- यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के विरोध में दक्षिण मुंबई स्थित प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक रविवार को महा विकास आघाडी (एमवीए) के मार्च का नेतृत्व किया।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मांगी गई माफी में अहंकार की बू है और शरद पवार ने इसको भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया। राजकोट किले में मराठा योद्धा की प्रतिमा 26 अगस्त को गिर गई थी। इसका अनावरण प्रधानमंत्री मोदी ने 4 दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस पर किया था। शरद पवार, उद्धव ठाकरे, कांग्रेस प्रदेश इकाई के प्रमुख नाना पटोले और पार्टी की मुंबई इकाई की प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने महाराष्ट्र आंदोलन के शहीदों को हुतात्मा चौक पर पुष्पांजलि अर्पित कर मार्च की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने पालघर में कहा था कि मैं शिवाजी के चरणों में सिर झुकाता हूं और अपने देवता से माफी मांगता हूं।



मुंबई में शिवाजी की प्रतिमा के ढहने पर विरोध मार्च में शामिल एमवीए के नेता- कार्यकर्ता।

### औरंगजेब के कारनामे दोहराते हैं उद्धव



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर हमला करते हुए उन पर छत्रपति शिवाजी के नाम पर राजनीति और औरंगजेब तथा अफजल खान का अनुकरण करने का आरोप लगाया। शिंदे ने प्रतिमा गिरने पर राजनीति के लिए विपक्ष की आलोचना की। शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार तथा खुद उनके द्वारा माफी मांगने के बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष राजनीति कर रहा है

# हावड़ा के सरकारी अस्पताल में नाबालिग से छेड़छाड़ पर बवाल

हावड़ा, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में सरकारी अस्पताल में 12 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ हुई है, जिसके बाद माकपा ने अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर हंगामा किया। इस मामले में प्रयोगशाला (लैब) के तकनीशियन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम हावड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल में हुई, जहां लड़की को पिछले सप्ताह भर्ती कराया गया था।

लड़की के परिवार के सदस्य ने दावा किया कि वह प्रयोगशाला से रोते हुए बाहर आई, क्योंकि आरोपी ने उसे अनुचित तरीके से छुआ था और उसे धमकी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। माकपा की युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने प्रदर्शन कर अस्पताल अधीक्षक के इस्तीफे की मांग की।

### छेड़छाड़ पर पंचायत सदस्य के घर में तोड़फोड़

कोलकाता। उत्तर 24 परगना जिले में तीसरी कक्षा की 10 वर्षीय लड़की से कथित छेड़छाड़ के आरोप में भीड़ ने पंचायत सदस्य के घर में तोड़फोड़ की। पुलिस ने बताया कि आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया गया और जिले की रोहांडा पंचायत के राजबाड़ी इलाके में पुलिस तैनात है। शनिवार शाम को लड़की के साथ घटना हुई। लड़की की आपबीती सुनकर परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया।

# जयसूर्या ने तोड़ी चुप्पी, सभी आरोपों से किया इनकार

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- बोले- आरोपों ने उन्हें, उनके परिवार और उनके हर करीबी को तोड़ दिया

अभिनेता जयसूर्या ने अपने खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए रविवार को आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि इन आरोपों ने उन्हें, उनके परिवार और उनके हर करीबी को तोड़ दिया है। परिवार के साथ अमेरिका में मौजूद अभिनेता ने कहा कि वह कानूनी रूप से आरोपों का सामना करेंगे।

जयसूर्या ने फेसबुक पर कहा कि अपनी निजी प्रतिबद्धताओं से, मेरा परिवार और मैं पिछले महीने से अमेरिका में हूं तथा इस दौरान यौन उत्पीड़न पर दो झूठे आरोप मेरे खिलाफ लगाए गए हैं। स्वाभाविक रूप से, इसने मुझे, मेरे परिवार को और मेरे करीब हर व्यक्ति को तोड़ दिया है। मैंने कानूनी रूप से इसका सामना करने का फैसला लिया है। जयसूर्या के खिलाफ एक अभिनेत्री ने छावनी पुलिस थाने में 28 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभिनेत्री ने एम. मुकेश, जयसूर्या और मणियांपिल्ला राजू के साथ ही इडावेलू बाबू पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

# हमारे बिहू गीतों को बदलने का प्रयास स्वीकार नहीं : हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने कहा कि मिया बिहू को लोकप्रिय बनाने की कोशिश के आरोप में एक गायक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी असमिया व्यक्ति अपने पारंपरिक बिहू गीतों को बहुत अलग बनाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

**मिया बिहू गायक गिरफ्तार**

शर्मा ने शनिवार देर रात फेसबुक पर किए एक पोस्ट में कहा कि कुछ लोग मिया बिहू को लोकप्रिय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे ही एक गायक अल्ताफ हुसैन को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा साझा की गई 2.27 मिनट की वीडियो क्लिप में शर्मा ने जोर देकर कहा कि जब तक असमिया समाज कायम रहेगा, वह सम्मान के साथ ऐसा करेगा।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा वक्फ विधेयक पर मुस्लिमों से लेगा सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधेयक की जांच कर रिपोर्ट संसदीय समिति के सामने की जाएगी प्रस्तुत

कुछ प्रमुख मुस्लिम संगठनों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक की तीखी आलोचना के बीच भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा वक्फ बोर्ड में सुधार के लिये मुसलमानों से सुझाव मांगेगा। साथ ही विधेयक की पड़ताल कर रही संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

सूत्रों ने बताया कि राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्षों सहित सात भाजपा सदस्यों की टीम देश के अल्पसंख्यक समुदाय के विचार जानेगी और उनकी चिंताओं को दूर करेगी। अल्पसंख्यक मोर्चा अपनी रिपोर्ट को भाजपा नेतृत्व और वरिष्ठ पार्टी सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति से साझा करेगा। मोर्चा के सदस्यों में क्रमशः उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और गुजरात में वक्फ बोर्ड के प्रमुख शादाब शम्स, सनवर पटेल और मोहसिन लोखंडवाला और हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन शामिल हैं। पार्टी नेतृत्व ने मोर्चा प्रमुख जमाल सिद्दीकी से कहा है कि वह देशभर के मुस्लिमों से संपर्क कर वक्फ अधिनियम में सुधार के पक्ष में माहौल बनाएं, ताकि बोर्ड के कामकाज को जवाबदेह बनाया जा सके।

# कोलकाता दुष्कर्म-हत्या के खिलाफ रैलियां, प्रमुख हस्तियां धरने पर

कोलकाता। कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के विरोध में फिल्म निर्देशक अपर्णा सेन और बांग्ला फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियां रविवार को हजारों लोगों के साथ रैली में शामिल हुईं। महामिच्छिल की रैली में कई फिल्मी हस्तियां और दक्षिणपंथी कार्यकर्ता शामिल थे, जो व्यस्त एस्प्लेनेड क्षेत्र में धरने पर बैठे और न्याय तथा हल्ला बोल के नारे लगाते हुए सोमवार सुबह तक वहीं रुकने का ऐलान किया। महामिच्छिल के अलावा, कई जगहों पर दो अन्य रैलियां हुईं। एक का आयोजन रामकृष्ण मिशन के शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों ने किया, जबकि दूसरी रैली में प्रसिद्ध कॉन्वेंट स्कूल के छात्र और पूर्व छात्र शामिल थे। रैली में सेन ने स्वस्तिका मुखर्जी, सुदीप्त चक्रवर्ती, चैती घोषाल, सोहिनी सरकार, निर्देशक बिरसा दासगुप्ता आदि के साथ सेंट्रल एवेन्यू में मार्च किया। लोगों ने जवाहरलाल नेहरू रोड-एसएन बनर्जी रोड चौराहे पर सोमवार सुबह चार बजे तक विरोध प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया।

# मणिपुर : उग्रवादियों की गोलीबारी में दो लोगों की मौत, नौ घायल

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में रविवार को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और पड़ोसी कडांगबांड के घाटी के निचले इलाकों की ओर गोलीबारी करने के साथ बम से हमले किए। इसमें दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि नौ लोग घायल हो गए। उग्रवादियों की गोलाबारी से कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। अस्पताल अधिकारियों ने बताया कि नौ घायलों में से पांच को गोली लगी है, जबकि अन्य को छर्रे लगे हैं। पुलिस ने बताया कि मृत महिला 31 वर्षीय नंगबाम सुरबाला देवी है। अन्य मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। हालात को स्थिर करने के लिए राज्य और केंद्रीय इकाइयों सहित सुरक्षाबलों को क्षेत्र में तैनात किया गया है।

# जम्मू-कश्मीर में विस चुनाव नहीं लड़ेंगे आजाद

श्रीनगर। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद स्वास्थ्य कारणों से आगामी विधानसभा चुनाव में नहीं उतरेंगे, लेकिन पार्टी जम्मू-कश्मीर में चुनिंदा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सलमान निज़ामी ने यहां घोषणा की कि आजाद को पहले डोडा क्षेत्र से चुनाव लड़ना था, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण उन्होंने अब पहले चरण के अंतिम चरण के दौरान अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है।

# 6.7% अदालतें महिलाओं के अनुकूल : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि जिलास्तर पर केवल 6.7% अदालतें महिलाओं के अनुकूल है और इसको बदलने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट के दो दिवसीय जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में सीजेआई ने कहा कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अदालतें सभी के लिए सुरक्षित और सहज वातावरण प्रदान करें। सुप्रीम कोर्ट से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समापन भाषण दिया और शीर्ष अदालत के ध्वज और प्रतीक चिह्न का अनावरण किया।



जिला न्यायपालिका के सम्मेलन के समापन पर सुप्रीम कोर्ट के प्रतीक चिह्न का अनावरण करते सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालतों में चिकित्सा सुविधाएं, शिशुगृह (क्रेच), ई-सेवा केंद्र जैसी सुविधाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस होने चाहिए। इन प्रयासों का उद्देश्य न्याय तक पहुंच बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से, हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारी अदालतें समाज के सभी सदस्यों, विशेषकर महिलाओं और अन्य कमजोर समूहों जैसे विकलांग व्यक्तियों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के सदस्यों तथा सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य के सभी लोगों के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि हाल में संपन्न पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 1,000 मामलों का निपटारा पांच कार्य दिवसों के भीतर सौहार्दपूर्ण ढंग से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने भी कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया।

# फर्जी खबरों से निपटेगी कांग्रेस की क्यूआरटी

नई दिल्ली। कांग्रेस वकीलों की सहायता से त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित (क्यूआरटी) करेगी, जिसका विशेष ध्यान ऑनलाइन फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं से निपटना होगा। अभिषेक सिंघवी की अध्यक्षता में कांग्रेस के विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग की रविवार को कांग्रेस मुख्यालय में बैठक हुई और फर्जी खबरों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय हुआ। सिंघवी ने कहा कि पिछ वर्षों में निर्वाचन आयोग से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया गया है। हम सोशल मीडिया में विभाग की भूमिका पर ध्यान देना चाहते हैं।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### सरकार सीपीएसई पूंजी पुनर्गठन में करेगी संशोधन

नई दिल्ली। सरकार केंद्रीय लोक उपक्रमों के लाभांश भुगतान, बोनस जारी करने और शेयर पुनर्खरीद के संबंध में अपने 2016 के दिशानिर्देशों में संशोधन करने पर काम कर रही है। वित्त मंत्रालय ने मई 2016 में सीपीएसई में सरकारी निवेश के कुशल प्रबंधन के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) का पूंजी पुनर्गठन पर व्यापक दिशानिर्देश जारी किए थे। एक अधिकारी ने बताया कि सीपीएसई अब बहीखाते के मामले में अधिक मजबूत हैं और उनके बाजार पूंजीकरण में सुधार हुआ है। अब पूंजी पुनर्गठन दिशानिर्देशों पर फिर से विचार करने का समय आ गया है।

### उद्योगों को बढ़ाने के उपायों पर केंद्र, राज्य करेंगे चर्चा

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल देश के औद्योगिक विकास को गति देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए पांच सितंबर को राज्यों के उद्योग मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। चूंकि उद्योग राज्य का विषय है, अतः इस क्षेत्र को बढ़ावा देने में उनकी प्रमुख भूमिका है। अधिकारी ने कहा कि बैठक में विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपायों, उद्योगों को प्रोत्साहन और राज्य से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श होने की संभावना है। केंद्र पहले से ही इस दिशा में कई उपाय कर रहा है। इसमें अनुपालन बोझ को कम करना, कारोबार सुगमता को बढ़ावा देना और औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करना आदि शामिल है।

### रियल एस्टेट ने बिक्री बुकिंग में दिखाई वृद्धि


नई दिल्ली। जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी 21 सूचीबद्ध कंपनियों ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 35,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सबसे अधिक बिक्री बुकिंग की सूचना दी है। कुछ को छोड़कर, सभी रियल एस्टेट डेवलपर ने तिमाही में बिक्री बुकिंग में वार्षिक वृद्धि दिखाई है।

# 151 देशों से व्यापार अधिशेष, 75 के साथ घाटा

## जीटीआरआई ने कहा- कच्चे तेल, कोयले के आयात से हुए घाटे पर चिंता की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का इस साल की पहली छमाही यानी जनवरी-जून 2024 के दौरान अमेरिका और नीदरलैंड सहित 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था। दूसरी ओर देश को चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी और कहा कि भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले व्यापार घाटे के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।



- देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर देना चाहिए ध्यान

जीटीआरआई ने साथ ही कहा कि देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। यह खासकर चीन जैसे देशों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से जून 2024 के बीच, भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष था, जो इसके निर्यात का 55.8 प्रतिशत और आयात का 16.5 प्रतिशत था। इस साल जनवरी-जून के दौरान सबसे अधिक अधिशेष अमेरिका (21 अरब अमेरिकी डॉलर) और नीदरलैंड (11.6 अरब डॉलर) के साथ रहा। दूसरी ओर भारत का 75 देशों के साथ व्यापार घाटा था, जो इसके निर्यात का 44.2 प्रतिशत और आयात का 83.5 प्रतिशत था। इसके चलते 185.4 अरब अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ। इस स्थिति से विशिष्ट आयातों पर निर्भरता को कम करने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पता चलती है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत जिन देशों से मुख्य रूप से सोना, चांदी और हीरा का आयात करता है, उन्हें लेकर भी सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि बजट में इन पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है।

### कठिन दौर के बाद रेस्तरां क्षेत्र में सुधार की उम्मीद

नई दिल्ली। स्पेशियलिटी रेस्टोरेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अंजनमॉय चटर्जी ने कहा है कि रेस्तरां उद्योग को अप्रैल-जून तिमाही में खाने के सामान की ऊंची कीमतें और लोगों द्वारा बाहर कम खाने-पीने जैसी अस्थायी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लेकिन भारत के समग्र मजबूत बुनियाद से रेस्तरां उद्योग में अब सुधार की उम्मीद है। कंपनी मेनलैंड चाइना, एशिया किचन बाय मेनलैंड चाइना, एपिसोड वन, हाका और स्वीट बंगाल जैसे कई ब्रांड की मालिक है। कंपनी ने कोविड महामारी के दौरान 29 रेस्तरां बंद कर दिए थे और अब अपना विस्तार करते हुए लाभदायक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि भारत में बाहर खाना न खाना या मुद्रास्फीति का कम न होना ऐसी बात है जिस पर मैं विश्वास नहीं करता।


# बिजली खपत अगस्त में 4.7% घटकर 144.2 अरब यूनिट हुई

नई दिल्ली। देश में बिजली खपत अगस्त में सालाना आधार पर 4.7% घटकर 144.21 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण सामान्य से अधिक बारिश होना है, जिससे एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग कम हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगस्त में 287.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 248.1 मिमी से 16 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2023 में बिजली की खपत 151.32 अरब यूनिट थी। एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति भी अगस्त, 2024 में घटकर 216.68 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जबकि एक साल पहले 236.29 गीगावाट थी। इस साल मई में बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

# जीएसटी संग्रह 10% बढ़कर हुआ 1.75 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

अगस्त में जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो घरेलू खपत में वृद्धि को दर्शाता है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल अगस्त में माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.59 लाख करोड़ था, जबकि इस साल जुलाई में यह 1.82 लाख करोड़ रुपये था।



- पिछले साल राजस्व 1.59 लाख करोड़ था, इस साल जुलाई में 1.82 लाख करोड़

अगस्त 2024 में घरेलू राजस्व 9.2% बढ़कर 1.25 लाख करोड़ हो गया। वस्तुओं के आयात से सकल जीएसटी राजस्व 12.1% बढ़कर 49,976 करोड़ रहा। डेलॉयट इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा कि इस साल के त्योहारी सत्र की शुरुआत में संग्रह में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि से संकेत है कि खपत मजबूत है और आने वाले त्योहारी महीनों में इसमें और सुधार होगा। इससे यह भरोसा बढ़ेगा कि साल के लिए संग्रह के लक्ष्य हासिल होंगे। प्रमुख राज्यों में जीएसटी संग्रह वृद्धि में कुछ अंतर है, जिन पर विचार की जरूरत हो सकती है। समीक्षाधीन महीने में 24,460 करोड़ के रिफंड जारी हुए, जो सालाना आधार पर 38 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व आलोच्य महीने में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा।

# भ्रामक विज्ञापनों पर शंकर अकादमी पर पांच लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों पर शंकर आईएएस अकादमी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने रविवार को बताया कि उसने पाया कि कोचिंग संस्थान ने सफलता दर और सफल अभ्यर्थियों की प्रकृति के बारे में झूठे दावे किए थे। अकादमी ने 2022 के विज्ञापन में दावा किया कि 933 में से 336 चयनित, शीर्ष में 40 और तमिलनाडु से दो उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए हैं।

# चाय उद्योग के लिए सुस्त वृद्धि महंगाई चिंता का विषय

गुवाहाटी। घरेलू खपत में धीमी वृद्धि, बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति और कोविड महामारी के बाद निर्यात में धीमी गति से सुधार चाय उद्योग के समक्ष प्रमुख चुनौतियां हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टी ट्रेडर्स एसोसिएशन के एक अधिकारी ने यह कहा। चाय उत्पादक संघ और टी बोर्ड इंडिया देश में धीमी मांग वृद्धि से चिंतित हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टी ट्रेडर्स एसोसिएशन (एफएआईटीटीए) के अध्यक्ष संजय शाह ने शनिवार शाम 10वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान कहा कि खुदरा विक्रेताओं के रूप में, हम बाजार की गतिविधियों को करीब से देख रहे हैं। खाद्य मुद्रास्फीति का बढ़ता स्तर भी चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसका उपभोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शाह ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं में उच्च मुद्रास्फीति गैर-आवश्यक वस्तुओं की मांग पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। आवश्यक वस्तुओं में भी, उपभोक्ता कम कीमत वाले गैर-प्रीमियम उत्पादों की ओर रुख कर सकते हैं।

# आठ कंपनियों की पूंजी हुई 1.53 लाख करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57% का उछाल आया, लगातार नौ सत्रों से बाजार में तेजी कायम

शेयर बाजार में तेजी के साथ 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ की पूंजी संयुक्त रूप से 1,53,019.32 करोड़ रुपये बढ़ी है। भारतीय एयरटेल, इन्फोसिस और टीसीएस सर्वाधिक लाभ में रहीं। बीएसई के सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57% का उछाल आया। सेंसेक्स में शुक्रवार को नौवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 231.16 अंक यानी 0.28% की बढ़त से उच्चतम स्तर 82,365.77 अंक पर बंद हुआ। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 47,194.86 करोड़ बढ़कर 9,04,587.12 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,611.37 करोड़ बढ़कर 8,06,880.50 करोड़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 31,784.9 करोड़ बढ़कर 16,46,899.17 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 18,734.3 करोड़ बढ़कर 8,66,374.41 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 13,396.42 करोड़ बढ़कर 20,43,107.10 करोड़, एचडीएफसी बैंक 5,600.24 करोड़ बढ़कर 12,44,206.43 करोड़, भारतीय जीवन बीमा निगम 2,340.25 करोड़ बढ़कर 6,73,390.88 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक 356.98 करोड़ बढ़कर 7,27,935.97 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर 8,411.54 करोड़ घटकर 6,52,739.95 करोड़ और आईटीसी 4,776.48 करोड़ घटकर 6,27,587.76 करोड़ रुपये रहा।

### एफपीआई ने 7,320 करोड़ किया निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सतर्क रुख अपनाते हुए अगस्त में घरेलू शेयर बाजार में केवल 7,320 करोड़ रुपये का निवेश किया। शेयरों के उच्च मूल्यांकन और बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर बढ़ाने के बाद येन कैरी ट्रेड यानी निम्न ब्याज दर वाले देश से कर्ज लेकर दूसरे देश की परिसंपत्तियों में निवेश के समाप्त होने के बीच उन्होंने सतर्क रुख अपनाया है।

# आईआईएचएल पर आरसीएल के कर्जदाताओं ने लगाया देर का आरोप

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) के कर्जदाताओं ने आरोप लगाया है कि हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल देरी करने की रणनीति अपना रही है, जिससे समाधान योजना को लागू करने में भी विलम्ब हो रहा है। मॉरीशस स्थित इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए, सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने 27 फरवरी, 2024 को कर्ज में डूबी वित्तीय कंपनी के लिए आईआईएचएल की 9,861 करोड़ की समाधान योजना को मंजूरी दे दी थी। ऋणदाताओं ने दावा किया कि आईआईएचएल ने औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) से मंजूरी लेने का कदम बहुत देर से उठाया है। उन्होंने कहा कि यह 27 फरवरी, 2024 को समाधान योजना को मंजूरी देते समय एनसीएलटी की तय शर्तों का हिस्सा भी नहीं था।

# पेरिस पैरालंपिक 2024





## खेल डायरी

### भाविना टेबल टेनिस क्लास 4 क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस।** तोक्यो चरण की रजत पदक विजेता भारत की भाविना पटेल ने रविवार को यहां मेक्सिको की मार्था वर्डिन पर 3-0 की जीत के साथ पैरालंपिक में महिला एकल वर्ग 4 टेबल टेनिस स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भाविना ने अंतिम 16 राउंड के मुकाबले में मार्था को 11-3, 11-6, 11-7 से हरा दिया। गुजरात की 37 वर्षीय खिलाड़ी अब क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन चीन की यिंग झोउ से भिड़ेंगी। चीनी खिलाड़ी ने तोक्यो पैरालंपिक के फाइनल में भाविना को हराया था। वर्ग 4 के खिलाड़ी हाथों और बाजुओं के साथ व्हीलचेयर पर बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। उनकी दुर्बलता रीढ़ की हड्डी के घाव या सेरेब्रल पाल्सी के कारण हो सकती है। भाविना को कम उम्र में पोलियो हो गया था। पैरा टेबल टेनिस की दुनिया में उनका सफर तब शुरू हुआ जब उन्होंने 2009 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। भाविना 2022 पैरा राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता और 2022 पैरा एशियाई खेलों में कांस्य पदक विजेता हैं।

### ड्वेन ब्रावो कैरिबियाई प्रीमियर लीग से लेंगे संन्यास

**नई दिल्ली।** टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज ड्वेन ब्रावो ने कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के जारी सत्र के बाद इस टूर्नामेंट से संन्यास लेंगे। ब्रावो ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। यह सत्र कैरिबियाई लोगों के सामने मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स केटीआर ही वो जगह थी जहां से मेरे लिए हर चीज की शुरुआत हुई थी और अपनी टीम के साथ ही इस यात्रा का अंत होगा। ब्रावो ने वर्ष 2021 के टी-20 विश्वकप के शुरुआती चरण में ही वेस्टइंडीज के बाहर हो जाने के बाद टी-20 को अलविदा कह दिया था। इसके बाद उन्होंने 2023 में आईपीएल से भी संन्यास के बाद सीएसके के गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई। ब्रावो सीपीएल में भी अभी तक सबसे अधिक विकेट लेने गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 22.40 की औसत और 128 विकेट लिए हैं।

### आयरिश ओपन में दीक्षा 31वें स्थान पर पहुंचीं

**डबलिन (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन के तीसरे दौर में बोगी-रहित चार-अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह संयुक्त 55वें से संयुक्त 31वें पायदान पर पहुंचने में सफल रही। शुरुआती दो दौर में 72 और 74 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने छठे और 12वें होल के बीच बिना किसी बोगी के चार बर्डी लगाई और तीन दौर के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर है। दीक्षा का आत्मविश्वास इस प्रदर्शन से बढ़ेगा। प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय प्रणवी उर्स, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावरी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

### जीव तीसरे और रंधावा नौवें स्थान पर रहे

**ग्रेटर नोएडा।** टूर्नामेंट के मेजबान गोल्फर जीव मिल्खा सिंह अंत में निराशाजनक ट्रिपल बोगी के कारण रविवार को यहां शुरुआती इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे, हालांकि लीजेंड्स टूर पर यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा जिसमें वह पिछले तीन साल से खेल रहे हैं। जीव ने अंतिम दिन जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स पर चार ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह 5,00,000 डॉलर पुरस्कार के टूर्नामेंट को जीतने की दावेदारी से बाहर हो गए। जीव के चूकने के बावजूद मेजबान देश के लिए लीजेंड्स टूर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन रहा।

### राकेश तीरंदाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचे

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज राकेश कुमार ने रविवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा के पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए कनाडा के काइल ट्रेम्बले को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यहां हुए मुकाबले में राकेश का अंतिम तीर 10 का था जो कि उनके प्रतिद्वंद्वी कनाडा के काइल ट्रेम्बले के तीर की तुलना में केंद्र के करीब लगा था। काइल तीर भी 10 पर लगा था। केन्द्र के करीब राकेश का तीर लगाने के कारण उन्हें विजेता घोषित किया गया। मैच के अंत में स्कोर 144-144 से बराबर रहा था। चीन के शिनलियांग ऐ और बेल्जियम के पिओटर वैन मोंटेगू के विजेता से राकेश का सेमीफाइनल में मुकाबला होगा। आज इससे पहले राकेश ने 1/8 एलिमिनेशन राउंड में जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। राकेश कुमार ने मैच में अंतिम स्कोर 144-144 से बराबर होने के बाद शूट-ऑफ में इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग को 10-8 के स्कोर से हरा दिया और राकेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# फाइनल के लक्ष्य से चूके भारतीय निशानेबाज

## क्वालीफाई नहीं कर पाए अवनि लेखरा, सिद्धार्थ बाबू और श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्ण

**शेटराउ, एजेंसी**

भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में रविवार को यहां 11वें जबकि सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच2) क्वालीफिकेशन में श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्ण 630.2 के कुल स्कोर के साथ 26वें स्थान पर रहे।

अवनि 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के अपने प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाई और अच्छी शुरुआत के बावजूद 628.8 अंक के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। सिद्धार्थ ने 628.3 का स्कोर किया। अवनि के छह सीरीज में अंकों का क्रम 105.7, 106.0, 104.1, 106.0, 104.8, 106.2, जबकि सिद्धार्थ का स्कोर 104.6, 103.8, 105.7, 104.9, 103.6, 105.7 रहा। अवनि ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह लगातार दो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थी। उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ अपने खिताब का बचाव किया था।


निशाना लगातीं अवनि लेखरा


सिद्धार्थ बाबू।

- मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में अवनि 11वें और सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे
- मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच2) क्वालीफिकेशन में श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्ण 26वें स्थान पर रहे

एसएच1 में खिलाड़ी बिना किसी मुश्किल के बंदूक पकड़ सकते हैं तथा खड़े होकर या बैठकर निशाना लगा सकते हैं। सीरीज 1 में 44 वर्षीय देवरड्डी ने 105.2 अंक के बाद अगली सीरीज में 105.7 अंक हासिल किए। इसके बाद उन्होंने 105.4, 104.3, 105.6 और 104.0 अंक के स्कोर से निराशाजनक प्रदर्शन किया। 11 वर्ष पहले एक दुर्घटना के कारण उनका अपने अंगों पर नियंत्रण सीमित हो गया था। 1980 में धारवाड़ में जन्मे देवरड्डी अभी अपनी पत्नी, बेटे और माता-पिता के साथ हुबली में रहते हैं। उनकी बाइक बजरी वाली सड़क पर पलट गई और इस दुर्घटना के बाद उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई तथा सर्जरी के बावजूद वे अपने दोनों हाथों तथा पैरों पर नियंत्रण खो बैठे।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 27 | 23 | 9 | 59 |
| ब्रिटेन | 19 | 11 | 8 | 38 |
| ब्राजील | 8 | 4 | 13 | 25 |
| अमेरिका | 6 | 10 | 6 | 22 |
| फ्रांस | 6 | 7 | 10 | 23 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 8 | 18 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 2 | 10 |
| उज्बेकिस्तान | 5 | 3 | 3 | 11 |
| इटली | 4 | 4 | 9 | 17 |
| भारत | 1 | 1 | 3 | 5 |

### देश को गौरवान्वित करता है खिलाड़ियों का प्रदर्शन : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक खेलों में भारत के पदक विजेताओं से रविवार को फोन पर बात की और मौजूदा प्रतियोगिता में उनके प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने जिन एथलीटों से बात की उनमें मोना अग्रवाल, प्रीति पाल, मनीष नरवाल और रूबिना फ्रांसिस शामिल थे। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पदक विजेता को बधाई दी और कहा कि उन्होंने अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। अधिकारियों ने कहा कि मोदी ने अवनि लेखरा को भी शुभकामनाएं दी और इन खेलों की अन्य स्पर्धाओं में उनकी सफलता की कामना की। अवनि निशानेबाजी की एक स्पर्धा में भाग लेने के कारण इस बातचीत में शामिल नहीं हो पाईं।



### नौकायानः अनीता और नारायण की जोड़ी फाइनल में हारी

**पेरिस।** भारतीय नौकायान की मिश्रित युगल जोड़ी अनीता और के नारायण को रविवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की रोइंग पीआर3 मिश्रित युगल की स्पर्धा के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। आज खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल बी में 8:16.96 के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और कुल मिलाकर आठवां स्थान पर रही। इस हार के साथ इन दोनों का पैरालंपिक में अभियान समाप्त हो गया। अनीता और के. नारायण ने पहली बार पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया था।

### सुहास एसएल4 फाइनल में, दो पदक सुनिश्चित

**पेरिस।** तोक्यो चरण के रजत पदक विजेता सुहास यथिराज रविवार को यहां हमवतन सुकांत कदम को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल बैडमिंटन एसएल4 फाइनल में पहुंचे और वह पैरालंपिक में लगातार दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय शटलर बनने के लिए तैयार हैं। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी 41 वर्षीय सुहास ने सुकांत को 21-17, 21-12 से हराकर एक बार फिर पैरालंपिक के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में अब उनका सामना फ्रांस के लुकास माजुर से होगा जो तीन साल पहले तोक्यो पैरालंपिक के फाइनल में उनसे हारने के बाद बदला चुकता करना चाहेंगे। सुकांत अब कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। स्वर्ण पदक की उम्मीदों को जीवंत रखने वाले नितेश कुमार (एसएल 3) के साथ शामिल हो गए हैं। एसयू5 वर्ग में महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना हमवतन तुलसीमति मुरुगेसन से होगा जिससे भारत का इस स्पर्धा में पदक पक्का हो गया। वहीं, मनीषा के दाहिने हाथ में जन्म से ही विकार था। क्वार्टर फाइनल में जापान की मामिको टोयोडा को हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। मनीषा का मुकाबला तुलसीमति से होगा, जिन्होंने शनिवार को ग्रुप ए में पुर्तगाल की बीट्रिज मोंटेइरो को हराया था।

# रवि शॉटपुट में पांचवें स्थान पर, रक्षिता ने किया निराश

**पेरिस, एजेंसी**

भारत के रवि रोंगाली पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन पुरुषों की एफ40 गोला फेंक फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि रक्षिता राजू महिलाओं की 1500 मीटर टी11 दौड़ के शुरुआती दौर में ही बाहर हो गईं। पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले रवि ने 10.63 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन हालांकि उन्हें पांचवां स्थान ही दिला पाया।

विश्व रिकॉर्ड धारक पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेरो ने 11.21 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मंगोलिया के बटुल्गा त्सेगमिड (11.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई पैरा खेलों के चैंपियन इराक के गर्राह तनैयाश ने 11.03 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि तोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियन रूस डेनिस गनेजडिलोव 10.80 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। वह पेरिस पैरालंपिक में तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। एफ40 वर्ग छोटे कद वाले खिलाड़ियों के लिए है।


पुरुषों के एफ40 गोला फेंक फाइनल में भाग लेते रवि रोंगाली।



### आखिरी स्थान पर रहीं रक्षिता

रक्षिता हीट तीन में पांच मिनट 29.92 सेकेंड के समय के साथ चार धावकों में आखिरी स्थान पर रही। तीनों हीट से प्रत्येक में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चीन की शानशान हे चार मिनट 44.66 सेकेंड के समय के साथ रक्षिता की हीट में शीर्ष स्थान पर रही, जबकि दक्षिण अफ्रीका की लौजेन कोएट्जी ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास चार मिनट 45.25 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। टी11 श्रेणी दृष्टिबाधित एथलीटों के लिए है। इसमें एथलीट गाइड की मदद से प्रतिस्पर्धा करते हैं।

### भाला फेंक में आठवें स्थान पर रहे परवीन

**पेरिस।** भारत के परवीन कुमार यहां पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहे। हरियाणा के 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने चौथे थ्रो में 42.12 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उज्बेकिस्तान के यॉर्किनबेक ओडिलोव ने 50.32 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जबकि तुर्किये के मुहम्मत खलवंडी (49.97 मीटर) ने रजत पदक जीता। ब्राजील के सिसेरो वाल्डिरन लिंस नोबरे ने 49.46 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया। एफ57 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके ऊपरी अंग किसी कमी से प्रभावित हैं, मांसपेशियों की शक्ति ख़राब है या गति की निष्क्रिय सीमा अच्छी नहीं है।


पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में हिस्सा लेते परवीन कुमार।

# अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में पहुंचे सिनर और इगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने क्रिस ओ कोनेल पर आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के बाद सिनर को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है और उन्होंने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दो घंटे से भी कम समय में ओ कोनेल पर 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।

अमेरिकी ओपन में 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। रूस के इस खिलाड़ी ने फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। उनका अगला मुकाबला नूनो बोर्जेस से होगा, जिन्होंने जैकब मेन्सिक को 6-7 (5), 6-1, 3-6, 7-6 (6), 6-0 से पराजित किया। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। जैस्मीन पाओलिनी को भी यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6-4 से हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उनका अगला मुकाबला कैरोलिना मुचोवा से होगा। महिला वर्ग में जेसिका पेगुला, ल्यूडमिला सैमसोनोवा, डायना श्नाइडर और कैरोलिन वोज्नियाकी भी आगे बढ़ने में सफल रही। वहीं, सिनर सोमवार को चौथे दौर में अमेरिका के टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। पॉल ने कनाडाई क्वालीफायर गेब्रियल डायलो को 6-7 (5), 6-3, 6-1, 7-6 (3) से हराया। अल्कराज को हराने वाले वैन डे जैंडस्चुल्प अपना विजय अभियान आगे नहीं बढ़ा पाए और उन्हें जैक ड्रेपर से 6-3, 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।


- जैस्मीन ने यूलिया को हराया, दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचे

मैच के दौरान शॉट खेलते दानिल मेदवेदेव।

### बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को हराया। बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी पहले ही पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंच गई थी।

### हॉकी इंडिया देगी सीनियर कोर ग्रुप के खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन

**लखनऊ।** हॉकी इंडिया ने सरकारी संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र (पीएसयू) के उपक्रमों में नौकरी नहीं हासिल करने वाले पुरुष और महिला सीनियर कोर ग्रुप के संभावित खिलाड़ियों को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की रविवार को घोषणा की। यह निर्णय यहां हॉकी इंडिया की एजीएम के दौरान लिया गया।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि यह फैसला महासंघ के संज्ञान में लाए जाने के बाद लिया गया कि संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह में शामिल किये गए कुछ नए खिलाड़ी बेरोजगार हैं। टिर्की ने कहा अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए पीएसयू और सरकारी विभागों द्वारा मान्यता मिलती है जो नौकरियां प्रदान करते हैं। अब बेरोजगार खिलाड़ियों को हर साल दो लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

### मुक्केबाजीः एशियाई संघ ने आईबीए के पक्ष में किया मतदान

**अल ऐन (यूएई)।** मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित आईबीए के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन सहित कई देश शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

## बॉलीवुड हलचल


### कपूर खानदान में एक्टिंग के लिए रोक नहीं थी : करिश्मा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर का कहना है कि कपूर खानदान में महिलाओं पर एक्टिंग करने पर रोक नहीं थी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के होमग्रोन डांस रियलिटी शो, इंडियाज बेस्ट डांसर- सीजन 4, के जजेस करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस, जाकिर खान के शो आपका अपना जाकिर में पहुंचे। शो में एक सेगमेंट के दौरान जाकिर खान ने करिश्मा से पूछा कि क्या कपूर फैमिली में महिलाओं के काम करने को लेकर रोक थी। क्या आपको एक्टिंग में करियर बनाने की परमिशन थी। करिश्मा कपूर ने जवाब में कहा ये सब बातें हैं कि मुझे परमिशन थी या नहीं थी। जब मेरी मम्मी की शादी हुई और नीतू आंटी की शादी हुई, उनकी च्वॉइस थी कि उनको घर बसाना था। बच्चे करने थे और करियर अच्छा हुआ था। उनकी च्वॉइस थी। उसी समय में शम्मी अंकल और शशि अंकल की पत्नियां जो थीं, गीता जी और जेनिफर आंटी उन्होंने काम किया शादी के बाद भी। तो ऐसी कोई बात नहीं है कि कपूर फैमिली में शादी के बाद काम नहीं कर सकते या कपूर लड़कियां काम नहीं कर सकती। ऐसा कुछ नहीं था। मेरी एक्टिंग में दिलचस्पी थी तो इसीलिए एक्टिंग में आई। वैसे ही करीना और रणबीर भी आए, लेकिन रिद्धिमा को एक्टिंग में दिलचस्पी नहीं थी तो इसीलिए उसने दूसरा करियर ऑप्शन चुना। किसी को भी अपना करियर चुनने पर रोक नहीं थी।

### सिनेमाघरों में फिर दिखेगा वीर जारा का जादू

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान और अभिनेत्री प्रीति जिंटा अभिनीत मशहूर फिल्म वीर जारा सिनेमाघरों में 13 सितंबर को दोबारा रिलीज हो रही है। दो दशक पहले यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। फिल्म में किंग खान ने भारतीय वायु सेना अधिकारी की भूमिका निभाई है जिसे जो एक पाकिस्तानी राजनेता की बेटी जारा यानी प्रीति जिंटा से प्यार हो जाता है। शरहद पार दो जोड़ों की प्रेम कहानी को 22 साल बाद एक पाकिस्तानी वकील (रानी मुखर्जी) सुलझाती हैं। इस फिल्म में सहायक कलाकारों में अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, दिव्या दत्ता, मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी, अनुपम खेर और किरण खेर भी शामिल हैं। इस फिल्म के आज भी लाखों लोग दीवाने हैं। फिल्म के साथ-साथ इसके सुपरहिट गाने दो पल रुका, तेरे लिए आज भी लोगों की पसंदीदा गानों की सूचि में शामिल हैं। आदित्य चोपड़ा ने इस रोमांटिक ड्रामा को 23 करोड़ के बजट में बनाया था। 2004 में आई इस फिल्म ने भारत में 41.86 करोड़ की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट घोषित रही। दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर इसने 97.64 करोड़ की कमाई की।






### दोबारा रिलीज होगी फिल्म तुम्बाड

**मुंबई।** अभिनेता सोहम शाह स्टारर वर्ष 2018 की बहुचर्चित फिल्म तुम्बाड 13 सितंबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म तुम्बाड के मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए तुम्बाड की रिलीज की घोषणा की। यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में वापसी करेगी। पोस्टर में विनायक राव (सोहम शाह द्वारा निभाया गया किरदार) को अपने छोटे बेटे के साथ हाथ में लालटेन लिए, भयावह रात में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने टैगलाइन दिया है, सिनेमाघरों में 13 सितंबर, 2024 को करें अनुभव। तुम्बाड ने एक काल्पनिक पौराणिक गांव में स्थापित हॉरर कहानी से दर्शकों की खूब प्रशंसा पाई। इस फिल्म का निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया है।

# मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला आज


लखनऊ पहुंची मोहन बागान टीम का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**मुख्यमंत्री कप**

- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 6:30 बजे शुरू होगा मुकाबला

**अमृत विचारः** मोहन बागान व ईस्ट बंगाल के बीच हाईवोल्टेज फुटबॉल मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मैदान में सोमवार की शाम को लखनऊ में यह ऐतिहासिक मैच मुख्यमंत्री कप के लिए खेला जायेगा। इस मुकाबले में खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। दूधिया रोशनी में होने वाले इस मुकाबले के लिए मोहन बागान की टीम रविवार की शाम लखनऊ पहुंची। ईस्ट बंगाल की टीम बीते शनिवार की शाम ही लखनऊ पहुंच गई थी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी अवनीश सिंह और खेल निदेशक डॉ आरपी सिंह ने इस मुकाबले से जुड़ी तमाम जानकारियां दी। मुकाबले का शुभारंभ शाम छह बजे सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके बाद वे शहर के पांच स्कूलों के प्रतिनिधियों को फुटबॉल देंगे। यह पहल ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की ओर से की गई है। वहीं, ईस्ट बंगाल की टीम का आज का अभ्यास सत्र बारिश में धुल गया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### फिलीपींस में तीन नए एमपॉक्स मामले

**मनीला।** फिलीपींस में एमपॉक्स के तीन अतिरिक्त मामले सामने आए हैं, जिससे सक्रिय मामलों की कुल संख्या आठ हो गई है। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने रविवार को दी। फिलीपींस के स्वास्थ्य सचिव तियोदोरो हर्बोसा ने कहा कि तीन नए मामलों में मेट्रो मनीला के 29 और 34 वर्ष के पुरुष और दक्षिण मनीला के एक क्षेत्र का 29 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। डीओएच द्वारा पहले रिपोर्ट किए गए पांच एमपीओएक्स रोगियों की तरह, हर्बोसा ने कहा कि नए रोगियों में हल्का एमपीएक्सवी क्लेड II था। डोमिंगो ने कहा, 2023 से अब तक नौ मामले ठीक हो चुके हैं।

### रूसी जासूस व्हेल नार्वे की जलसीमा में मृत मिली

**हेलसिंकी।** पहली बार रूसी जलक्षेत्र के पास नॉर्वे में उपकरण के साथ देखी गई ह्वाल्डिमिर नामक सफेद बेलुगा व्हेल मृत पाई गई है। उसके बारे में अफवाह थी कि वह रूस की जासूस हो सकती है। नॉर्वे के सरकारी प्रसारक एनआरके ने बताया कि व्हेल का शव शनिवार को दक्षिणी नॉर्वे के रिसाविका खाड़ी में मछली पकड़ रहे पिता और पुत्र को बहता दिखा। इस व्हेल का नाम नार्वेयाई भाषा के शब्द ह्वाल और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रथम नाम व्लादिमीर को मिलाकर रखा गया था। इस व्हेल के शव को क्रेन की मदद से पानी से बाहर निकाला गया और निकटवर्ती बंदरगाह पर ले जाया गया।

### जापान में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से 180 किलोमीटर दूर स्थित शिजुओका में शानशान तूफान के कारण रविवार को मूसलाधार बारिश हुई। मौसम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि तूफान अभी कई दिनों तक बना रहेगा। स्थानीय सरकारों से आंकड़ें संकलित करने वाले जापानी सरकारी प्रसारणकर्ता एनएचके ने बताया कि शानशान तूफान के कारण अब तक कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से तीन लोग भूस्खलन में दबने के कारण मारे गए। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान के कारण शिजुओका और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हुई।

### एडेल की संगीत की दुनिया से अल्पविराम की घोषणा

**लॉस एंजिलिस।** गायिका-गीतकार एडेल ने म्यूनिख में अपने कार्यक्रम के दौरान संगीत की दुनिया से अल्पविराम लेने की घोषणा की। गायिका ने कहा कि उन्हें थोड़े समय आराम की जरूरत है और पिछले तीन वर्षों में उन्होंने जो भी शो किए हैं, उन्हें वह याद करेंगी। दो अगस्त से 31 अगस्त के बीच जर्मनी में 10 शो करने वालीं ब्रिटिश गायिका दर्शकों को अपने आगामी अल्पविराम के बारे में बताते हुए भावुक हो गईं। एनएमई की खबर के मुताबिक, कल रात म्यूनिख रेजिडेंसी में उनका अंतिम प्रदर्शन हुआ। कई पुरस्कार जीतने वालीं एडेल ने कहा, मैंने पिछले सात साल अपने लिए एक नई जिंदगी बनाने में बिताए हैं, और अब मैं इसे जीना चाहती हूं।

### मोदी ने मुख्यमंत्रियों से बाढ़ की स्थिति की ली जानकारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चन्द्रबाबू नायडु और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति को लेकर जानकारी मांगी। प्रधानमंत्री ने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भारी बारिश और बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता देने का भी आश्वासन दिया। इन राज्यों में भारी बारिश के चलते कई जिलों में सैकड़ों गांव जलमग्न हो गये है। राज्य सरकारों की ओर से राहत और बचाव कार्य चलाये जा रहे हैं।

# भारतीयों के लिए कई उपायों की घोषणा की

दुबई, एजेंसी

**यूएई माफी कार्यक्रम**

- विदेशियों को निवास स्थिति नियमित कराने या बिना दंड यूएई छोड़ने की अनुमति देती है योजना

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रविवार से शुरू होने वाली दो महीने की माफी योजना का लाभ उठाने में भारतीयों की मदद करने के लिए यहां स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कई उपायों की घोषणा की है। यह माफी योजना देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को निवास स्थिति को नियमित कराने या दंड के बिना यूएई को छोड़ने की अनुमति देती है।

माफी कार्यक्रम कई तरह के वीजा पर लागू होता है जिसमें निवास की अवधि का समाप्त होना और पर्यटक वीजा शामिल है। इसके अलावा इसके दायरे में बिना दस्तावेज के रह रहे लोग भी आते हैं। हालांकि, जिन लोगों ने देश में अवैध रूप से प्रवेश किया है उन्हें इस कार्यक्रम से बाहर रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत जो आवेदक भारत लौटने की इच्छा रखते हैं, वे आपातकालीन प्रमाणपत्र (ईसी) के लिए आवेदन कर सकते हैं और जो अपनी निवास स्थिति को नियमित कराने की इच्छा रखते हैं, वे अल्पकालीन-वैधता वाले पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं। दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शनिवार को एक बयान में कहा, आवेदक वाणिज्य दूतावास में ईसी के लिए निःशुल्क अनुरोध कर सकते हैं। वाणिज्य दूतावास में सुविधा काउंटर दो सितंबर से काम करने लगेंगे।

## एक महीने की बालिका की पानी में डुबोकर हत्या

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में करीब एक महीने की बालिका की पानी के ड्रम में डूबोकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वरूपजी का खेड़ा गांव में नारायण गुर्जर की पत्नी भूला शनिवार की रात घर चारपाई पर सो रही थी। उसके पास उसकी एक महीने की बेटी नीलू भी सोई हुई थी। भूला का पति कमरे के बाहर सो रहा था। पुलिस ने बताया कि भूला की रात करीब तीन बजे नींद खुली। उसे नीलू चारपाई पर नहीं मिली। परिजन उसकी तलाश में जुट गये। पुलिस को सूचना के बाद उसकी घर में तलाश की गयी तो पानी से भरे ड्रम में नीलू का शव मिला। सहायक उपनिरीक्षक जलील ने बताया कि रविवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया।

# उज्बेकिस्तान के मंच पर भारतीय धुनों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

समरकंद (उज्बेकिस्तान), एजेंसी



मध्य एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महोत्सव, 13वें अंतर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सव शर्क तारोनलाराई में गायिका शिबानी कश्यप के गानों पर यहां ऐतिहासिक रेगिस्तान स्क्वायर पर संगीत प्रेमियों ने बॉलीवुड की धुनों पर नृत्य किया। कश्यप संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव के समापन समारोह में अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं।

शर्क तारोनालारी का अर्थ है पूर्व का मधुर संगीत। यह एक अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है, जो विश्व की समृद्ध संगीत परंपराओं को प्रदर्शित करने और उनका उत्सव मनाने के लिए समर्पित है। वर्ष 1997 में शुरुआत के बाद से यह महोत्सव काफी समृद्ध हो चुका है। इस महोत्सव का पहली बार जब आयोजन हुआ था, तो 31 देशों के कलाकारों ने भाग लिया था। साल 2019 तक इसमें शामिल होने वाले देशों की संख्या बढ़कर 75 हो गई, जिससे इस आयोजन का वैश्विक महत्व रेखांकित हुआ। महोत्सव के 13वें संस्करण में 70 से अधिक देशों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिष्ठित रेगिस्तान स्क्वायर पर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## राष्ट्रपति चुनाव में प्रेमदासा का समर्थन करेगा टीएनए

**कोलंबो।** श्रीलंका की मुख्य तमिल पार्टी तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) ने रविवार को कहा कि वह 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के मुख्य नेता साजिथ प्रेमदासा का समर्थन करेगी। टीएनए के प्रवक्ता एम.ए. सुमंथिरन ने पत्रकारों को बताया कि यह निर्णय टीएनए की मुख्य पार्टी इलंकाई तमिल अरासु कच्ची (आईटीएके) की केंद्रीय समिति की बैठक में किया गया। जानकारों के अनुसार, यह निर्णय कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि टीएनए ने 1999, 2005, 2010, 2015 और 2019 के राष्ट्रपति चुनाव में भी विपक्षी उम्मीदवार का समर्थन किया था। नवंबर 2019 के पिछले राष्ट्रपति चुनाव में, टीएनए ने तत्कालीन मुख्य प्रतिद्वंद्वी प्रेमदासा का समर्थन किया था।

# बांग्लादेश में 49 अल्पसंख्यक शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए किया मजबूर

## कई दिन तक जारी रही हिंसा में देश भर में अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ मारपीट हुई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद से अब तक हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यक समुदायों के कम से कम 49 शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। अल्पसंख्यकों के एक संगठन ने यह जानकारी दी। समाचार पत्र द डेली स्टार की खबर के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

संगठन के समन्वयक साजिब सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री हसीना के पद से हटने और उनके देश से जाने के बाद कई दिन तक जारी रही हिंसा में देश भर में अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ मारपीट की घटनाएं हुईं और उनमें से कम से कम 49 को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। रिपोर्ट में साजिब के हवाले से कहा गया कि बाद में उनमें से 19 को बहाल कर दिया गया। सरकार ने कहा कि इस अवधि के दौरान धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हमलों, लूटपाट, महिलाओं पर हमले, मंदिरों में तोड़फोड़, घरों और व्यवसायों पर आगजनी और हत्याओं जैसी घटनाओं का भी सामना करना पड़ा।




### जल्द ही सुधारों की रूपरेखा पेश करेंगे अंतरिम नेता

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस सभी राजनीतिक दलों से परामर्श करने के बाद सत्ता हस्तांतरण सहित सुधारों को लेकर एक व्यापक रूपरेखा जल्द ही पेश करेंगे। नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने राजधानी स्थित राजकीय अतिथि गृह जमुना में जातीय पार्टी, गोनो फोरम, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) सहित 35 राजनीतिक दलों के साथ शनिवार को कई बैठकें कीं। बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) समाचार एजेंसी ने यूनुस के विशेष सहायक महफूज आलम के हवाले से कहा, मुख्य सलाहकार ने राजनीतिक दलों के साथ सुधारों एवं उनकी रूपरेखा पर बात की।

### लूटे हथियारों को तीन सितंबर तक लौटाने का आदेश

**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने रविवार को देश के लोगों को आदेश दिया कि वे हालिया हिंसा के दौरान पुलिस थानों से लूटे गए सभी हथियार और गोला-बारूद तीन सितंबर तक वापस कर दें। द डेली स्टार अखबार की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश में भड़की हिंसा के दौरान देशभर के थानों से हथियार लूटे गए थे। पुलिस मुख्यालय ने एक निर्देश में कहा कि पुलिस के लूटे गए हथियार और गोला-बारूद मंगलवार तक लौटा दिए जाएं। खबर में कहा गया कि शनिवार तक कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हालिया हिंसा के दौरान पुलिस थानों और कार्यालयों से लूटे गए विभिन्न प्रकार के कुल 3,872 हथियार बरामद किए। इसके अलावा, 2,86,216 कारतूस, आंसू गैस के 22,201 गोले और 2,139 ग्रेनेड भी बरामद किए गए हैं।

## अस्पताल पर हमले के विरोध में चिकित्सक हड़ताल पर गए

**ढाका।** ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में चिकित्सकों की कथित लापरवाही के कारण एक छात्र की मौत के बाद चिकित्साकर्मियों पर हुए हमले के विरोध में बांग्लादेश में सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में चिकित्सकों ने रविवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने हमले के दोषियों के खिलाफ तत्काल कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की, साथ ही काम पर लौटने की पूर्व शर्त के रूप में कार्यस्थलों पर सुरक्षा की भी मांग की। देश भर के चिकित्सकों ने चार सूत्री मांगों को लेकर एक सितंबर से सभी सार्वजनिक और निजी अस्पतालों को पूरी तरह बंद रखने की घोषणा की है। उनकी मांगों में शनिवार रात को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों पर हमले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी भी शामिल है। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने डीएमसीएच परिसर में मीडिया से कहा, जितनी जल्दी वे हमारी मांगें मान लेंगे, उतना ही बेहतर होगा। हमारी मांगें पूरी होते ही हम (मरीजों का) इलाज शुरू कर देंगे।

## चरमपंथियों के हमले में इजराइल के तीन पुलिस अधिकारियों की मौत

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक में रविवार को एक वाहन पर फलस्तीनी चरमपंथियों की गोलीबारी में इजराइली पुलिस के तीन अधिकारियों की मौत हो गई। इजराइल ने वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। हमला दक्षिणी वेस्ट बैंक में एक सड़क पर हुआ। पुलिस ने मारे गए तीनों व्यक्तियों के अधिकारी होने की पुष्टि की और कहा कि हमलावर फरार हो गए। कहा कि मारे गए अधिकारियों में से एक रॉनी शकुरी (61) गाजा सीमा के निकट स्देरोत कस्बे के निवासी थे। रॉनी की पुलिस अधिकारी बेटी मोर सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के दौरान पहले ही मार दी गई थीं।

## गुटेरेस ने गाजा युद्ध समाप्ति का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को गाजा पट्टी में संघर्ष को समाप्त करने और राफा शहर के नीचे सुरंगों में छह बंधकों के शव पाए जाने के बाद हमास की कैद में बचे लोगों को रिहा करने का आह्वान किया। गुटेरेस ने एक्स पर लिखा, आज की दुखद खबर सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में युद्ध के दुःस्वप्न की समाप्ति को अनिवार्य बनाती है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने गाजा में हाल के दुखद घटना के बारे में शोक व्यक्त किया है और सभी बंदियों की बिना शर्त रिहाई तथा गाजा में युद्ध के दौर के अंत की मांग की है।

# गाजा में छह बंधकों के शव बरामद किए गए



यरूशलम, एजेंसी

- नेतन्याहू ने बंधकों की हत्या पर दुख जताया और कहा कि इजराइल हमास को बख्शेगा नहीं

इजराइल ने रविवार को कहा कि उसने गाजा में एक युवा इजराइली-अमेरिकी समेत छह बंधकों के शव बरामद किए हैं। इजराइली-अमेरिकी युवक हेर्श गोल्डबर्ग-पोलिन के माता-पिता ने रविवार सुबह पुष्टि की कि गाजा पट्टी में उनके बेटे को बंधक बनाने वाले उग्रवादियों ने उसकी हत्या कर दी है।

सेना ने कहा कि आतंकवादियों ने इजराइली सैनिकों द्वारा बंधकों को बचा पाने से कुछ देर पहले ही उनकी हत्या कर दी। उनके शव मिलने के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन शुरू होने का खतरा पैदा हो गया, जिन पर बंधकों के कई परिवार और इजराइली जनता बंधकों को जीवित वापस लाने के लिए समझौता करने में नाकाम रहने का आरोप लगाती है। नेतन्याहू ने बंधकों की हत्या पर दुख जताया और कहा कि इजराइल उनकी हत्या के लिए हमास को बख्शेगा नहीं। उन्होंने कहा कि इन हत्याओं से साबित हो गया है कि आतंकवादी समूह संघर्षविराम समझौता नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि बंधकों की मौत की खबर सुनकर उनका दिल टूट गया है। नेतन्याहू ने कहा, जिन्होंने बंधकों की हत्या की है, वे कोई समझौता नहीं चाहते हैं।

### दो फिलिस्तीनियों की वेस्ट बैंक में हत्या

**रामल्लाह।** इजराइली सेना ने शनिवार को उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में दो फिलिस्तीनियों की हत्या की, जबकि शहर में इजराइल का सैन्य अभियान चौथे दिन में प्रवेश कर गया। यह जानकारी फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने पीड़ितों की पहचान अमजद मुस्तफा इब्राहिम सालेह और मुहम्मद अमीन तलाल अब्दुल्ला के रूप में की है, लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी।

# दोबारा प्रधानमंत्री न बनें देउबा : प्रकाश

काठमांडू, एजेंसी

- पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके देउबा ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया

नेपाली कांग्रेस के महासचिव विश्व प्रकाश शर्मा ने रविवार को पार्टी अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा से कहा कि वह दोबारा प्रधानमंत्री न बनें और यह पद नई पीढ़ी के किसी नेता के लिए छोड़ दें। हालांकि, पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके 78 वर्षीय देउबा ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष एवं निवर्तमान प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा ने कुछ महीने पहले एक नया गठबंधन बनाते हुए सात सूत्री समझौता किया था, जिसके तहत दोनों नेता बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेंगे। पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक के दौरान नेपाली कांग्रेस के महासचिव शर्मा ने देउबा से छठी बार प्रधानमंत्री न बनने और किसी नए चेहरे के लिए पद छोड़ने को कहा। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय समिति के सदस्य अर्जुन नरसिंह केसी के अनुसार, शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष देउबा से प्रधानमंत्री पद का त्याग करने और नई पीढ़ी के नेताओं के लिए पद छोड़ने का अनुरोध करते हुए कहा कि पार्टी में कई योग्य लोग हैं। उन्होंने देउबा के समक्ष पार्टी के छह नेताओं - प्रकाश मान सिंह, अर्जुन नरसिंह केसी, बिमलेंद्र निधि, पूर्ण बहादुर खड़का, शशांक कोइराला और शेखर कोइराला में से किसी एक को पार्टी का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुनने का प्रस्ताव रखा।

## पोप फ्रांसिस आज से चार देशों का दौरा करेंगे

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस दो से 13 सितंबर तक इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी, ईस्ट तिमोर और सिंगापुर की यात्रा करेंगे। इंडोनेशिया में फ्रांसिस के ईसाई-मुस्लिम संबंधों को बेहतर बनाने पर जोर देने की संभावना है। पापुआ न्यू गिनी में, फ्रांसिस पर्यावरणीय खतरों के साथ ही वहां के अनुमानित एक करोड़ लोगों की विविधता की ओर भी इशारा करेंगे, जो लगभग 800 भाषाएं बोलते हैं, लेकिन जनजातीय संघर्षों से प्रभावित हैं। फ्रांसिस की सिंगापुर यात्रा उन्हें चीन तक पहुंचने का एक और अवसर प्रदान करेगी। ईस्ट तिमोर 2002 में एक स्वतंत्र देश के रूप में सामने आया, लेकिन अभी भी उस कब्जे के आघात और जख्मों को झेल रहा है।

# रूस में लापता हेलीकॉप्टर में सवार 17 लोगों के शव मिले, मलबे का पता चला

मॉस्को, एजेंसी

- आपातकालीन मंत्रालय ने कहा- शेष लोगों की तलाश में जुटे
- एमआई-आठ हेलीकॉप्टर ने शनिवार को उड़ान भरी थी

रूस के सुदूर पूर्व में लापता हेलीकॉप्टर पर सवार 22 लोगों में से 17 के शव बरामद कर लिए गए हैं। रूस के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर के मलबे का भी पता लगा लिया गया है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि 17 लोगों के शव पाए गए हैं और बचावकर्मी शेष लोगों की तलाश में जुटे हैं।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने आपातकालीन मंत्रालय के हवाले से कहा कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो जाने की आशंका है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, हवाई सर्वेक्षण करके लापता हेलीकॉप्टर के मलबे का पता लगाया गया है। यह उस स्थान के निकट 900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से इससे आखिरी बार संपर्क हुआ था। इसके पहले एक बयान में कहा था कि एमआई-आठ हेलीकॉप्टर ने शनिवार को कामचटका क्षेत्र में वाचकाज़ेट्स ज्वालामुखी के करीब उड़ान भरी, लेकिन निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचा। कहा गया है कि उसका मानना है कि विमान में 19 यात्री और चालक दल के तीन सदस्य थे।

### ओरेगन में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**पोर्टलैंड।** पोर्टलैंड के पूर्वी इलाके में शनिवार सुबह एक छोटे विमान के कई मकानों से टकरा जाने से उनमें आग लग गई और तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इससे पहले बताया था कि विमान में दो लोग सवार थे और कम से कम एक निवासी लापता है। पोर्टलैंड में केजीडब्ल्यू-टीवी द्वारा प्रसारित तस्वीरों और वीडियो में एक मकान में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जबकि आसपास के घरों से काला धुआं निकलता नजर आ रहा है। ग्रेशम के दमकल विभाग के प्रमुख स्कॉट लुइस ने बताया कि आग कम से कम चार मकानों में फैल गई, जिसके कारण छह परिवार विस्थापित हो गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो लोगों का इलाज किया गया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये लोग कैसे घायल हुए और उनकी चोटें कितनी गंभीर हैं।

## रूस ने यूक्रेन के 150 से अधिक ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में यूक्रेन के 158 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से दो ड्रोन मॉस्को शहर में और नौ मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में नष्ट किए गए। यूक्रेन की ओर से बीती रात किए गए ड्रोन हमलों को उसकी ओर से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है। कुर्स्क क्षेत्र में 46 ड्रोन नष्ट किए गए, जहां यूक्रेन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से रूसी सरजमीं पर सबसे बड़े आक्रमण के तहत हाल के सप्ताहों में अपने सैनिकों को भेजा है। चौतीस और ड्रोन ब्रायंस्क क्षेत्र में नष्ट किए गए, 28 से अधिक ड्रोन वोरोनेझ क्षेत्र तथा 14 ड्रोन बेलगोरोद क्षेत्र में नष्ट किए गए, जिनकी सीमा यूक्रेन से लगती है।

# बच्चों में गैर संचारी रोग से बचाव की योजना बनाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- विशेषज्ञ बोले- गैर-संचारी रोगों को लक्षित करते हुए अतिरिक्त दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे
- पर्यावरण क्षरण, जलवायु परिवर्तन और गैर-संचारी रोगों के बीच अंतर्संबंध के मुद्दे पर जोर

वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए काम करने वाले संयुक्त राष्ट्र के संगठन यूनिसेफ ने बच्चों में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को लेकर बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए सरकार से सहयोग करने की योजना बनाई है। भारत में यूनीसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. विवेक वीरेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह ने पर्यावरण क्षरण, जलवायु परिवर्तन और बच्चों में गैर-संचारी रोगों के बीच अंतर्संबंध के मुद्दे को तत्काल देखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने कहा कि सरकार विशेष रूप से बच्चों में गैर-संचारी रोगों को लक्षित करते हुए अतिरिक्त दिशा-निर्देश तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ इन दिशा-निर्देशों को भारत के सभी राज्यों में प्रभावी रूप से प्रसारित करने के लिए सरकार को सहयोग देने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि इन दिशानिर्देशों से बच्चों में एनसीडी की रोकथाम और प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर 800 से अधिक एनसीडी क्लीनिक और उप-जिला स्तर पर 2,000 से अधिक एनसीडी क्लीनिक के भारत के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास सेवा) कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल भारत की स्वास्थ्य रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है क्योंकि पिछले साल गैर-संचारी रोगों के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम में बाल चिकित्सा देखभाल को शामिल करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। सिंह ने कहा कि 2023 में, भारत ने गैर-संचारी रोगों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए अपने परिचालन दिशानिर्देशों को अद्यतन किया और एनसीडी को शामिल करने के लिए दायरे को व्यापक बनाया जो शुरू में कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप पर केंद्रित था। सिंह ने बचपन में होने वाले टाइप-एक मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण और सार्वभौमिक देखभाल सुनिश्चित करने की बढ़ती आवश्यकता पर भी चर्चा की। बच्चों में टाइप-एक मधुमेह एक आनुवंशिक बीमारी है, लेकिन कई अनुसंधानकर्ताओं ने पर्यावरण में भारी धातु विषाक्तता और मधुमेह जैसे अंतःस्रावी विकारों में वृद्धि की आंशकाओं को हालिया साक्ष्यों से उजागर किया है।

## इराक में आईएस की बमबारी में दो लोगों की मौत

**बगदाद।** बगदाद के उत्तर में स्थित सलाहुद्दीन प्रांत में शनिवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह की बमबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। यह विस्फोट सलाहुद्दीन प्रांत की एक रेगिस्तानी सड़क पर यात्रा कर रही एक नागरिक कार के पास हुआ। सलाहुद्दीन पुलिस कमांड मीडिया कार्यालय के मोहम्मद अल-बाज़ी के अनुसार विस्फोट में कार नष्ट हो गई तथा इसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। 2017 में आईएस की हार के बाद से सुरक्षा में सुधार के बावजूद, समूह के बचे हुए सदस्य इराक में गुरिल्ला हमला करते रहते हैं।

# ट्रंप ने पवित्र भूमि का अपमान किया : हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

- बोलीं- ट्रंप का अर्लिंगटन नेशनल सेमेट्री जाना राजनीतिक स्टंट

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अर्लिंगटन नेशनल सेमेट्री की अपनी हालिया यात्रा के दौरान इस पवित्र भूमि का अपमान किया। ट्रंप ने अर्लिंगटन नेशनल सेमेट्री में चुनाव प्रचार गतिविधियों पर संघीय प्रतिबंध लागू होने के बावजूद वहां तस्वीरें खिंचवाईं और उन्हें प्रकाशित करवाया।

हैरिस ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों का हवाला दिया, जिनमें दावा किया गया है कि ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान दल से जुड़े लोगों ने कब्रिस्तान के एक कर्मचारी के साथ झगड़ा किया और अगफान युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों के स्मारक से जुड़े नियमों के बारे में याद दिलाए जाने के बावजूद कब्र के पास ट्रंप की तस्वीरें लीं तथा वीडियो रिकॉर्ड किए। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, मैं स्पष्ट कर दूं कि पूर्व राष्ट्रपति ने राजनीतिक लाभ के लिए पवित्र भूमि का अपमान किया है। हैरिस ने कहा कि आर्लिंगटन एक पवित्र स्थान है, जहां लोग वीर अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने आते हैं, यह राजनीतिक स्टंट करने का स्थान नहीं है। उन्होंने कहा, वह (ट्रंप) एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपना फायदा देखने के अलावा कुछ भी समझने में असमर्थ हैं...।

### गाजा वार्ता पक्ष सैद्धांतिक रूप से सहमत : बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि गाजा युद्धविराम वार्ता में भाग लेने वाले मौलिक समझौते पर पहुंच गए हैं। बाइडेन ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमें लगता है कि समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है। उन सभी ने कहा है कि वे सिद्धांतों पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि वह वार्ता के इस चरण में प्रगति के बारे में आशावान हैं। बाइडेन के मुताबिक, पार्टियां एक समझौते पर पहुंचने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि यह युद्ध समाप्त हो जाए।